1 एवरी डे आइ केयर (अग्रेजी), (2) माइन्ड एण्ड विजन (अग्रेजी) (3) योग फॉर परफैक्ट साइट (अग्रेजी), (4) ऑखे (हिन्दी), (5) सीक्रेट्स ऑफ इण्डियन मेडिसन (अग्रेजी), (6) नेचर क्योर फॉर आइज (अग्रेजी), (7) हमारी

ऑखे (हिन्दी), (8) गुरुदेव (हिन्दी), (9) अमृत मथन (हिन्दी), (10) बटर साइट विदाउट ग्लासेज (अग्रेजी), (11) साइको-सोलर ट्रीटमेट (अग्रेजी)।

अभिरुचि—उनकी अभिरुचि छाया चित्रकारी है तथा उनके कई छाया चित्र दिल्ली दूरदर्शन पर प्रदर्शित किए जा चुके हैं तथा 'दि हिन्दुस्तान' और 'टाइम्स ऑफ इण्डिया' की प्रमुख पत्रिकाओ मे प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होने दिल्ली दूरदर्शन पर 30 से अधिक विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं।

सम्मान—डॉ अग्रवाल डिवाइन हेल्थ वेलफेयर सोसायटी तथा भारत-थाइलैण्ड सास्कृतिक सघ के अध्यक्ष हैं। वह भारतीय बाल शिक्षा परिषद् के कोषाध्यक्ष है। सन् 1968 ई मे सिगापुर मे आयोजित तृतीय नेत्र विशेषज्ञ काग्रेस मे वह भारतीय प्रतिनिधि थे। सन् 1970 ई मे वह थाइलैण्ड और कम्बोडिया मे भारतीय सास्कृतिक प्रतिनिधि के रूप मे गए थे।

देन एव प्रशसाये—डॉ अग्रवाल ने नेत्र रोगो के इलाज के लिए विजन स्पेशल, ऑकूलो कूलैक्स, रेजोल्वेन्ट 200, रेजोल्वेन्ट 500, एलिक्जिर ऑकूलोज ऑफथेल्मो स्पेशल, आइसिन कैप्सूल्स, लिव-77, रोजी स्प्रे सोलूक्स स्प्रे और आई शील्ड नामक औषधियो का आविष्कार जडी-बूटियो से किया है। उन्होने बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, बैगलौर, कानपुर तथा भारत के सभी प्रान्तो एव गॉवो मे नि शुल्क नेत्र कैम्प लगाए हे। इसी प्रकार के कैम्प उन्होने भारत से बाहर सिगापुर, बैंकाक, हागकाग, लन्दन, पेरिस और ज्यूरिच (स्विट्जरलैण्ड) मे भी लगाये है। जरुरतमन्दो को उन्होने नि शुल्क परामर्श भी दिया है। प्रतिदिन 5000 से अधिक रोगियो की जॉच उनके द्वारा की जाती है तथा उनमे से कई नि शुल्क परामर्श प्राप्त करते हैं।

डॉ अग्रवाल मे कार्य के प्रति ललक है। उनका विचार यह है कि नेत्रो की चिकित्सा मे औषधि तो केवल एक सहायता होती है तथा मुख्य बात है नेत्र व्यायाम और नेत्रो का सही उपयोग। चश्मे का प्रयोग त्यागने मे उन्होने कई लोगो की सहायता की है। डॉ अग्रवाल महान् जन सेवा कर रहे है। अपने पत्र मे वह लिखते है—"इस जीवन म जो थोडा-सा कार्य मैंने किया है वह केवल मानव प्राणियो के सेवा और उनकी नेत्र-ज्योति के बचाव मे उनकी सहायता करना है। इसी उद्देश्य को उस समय युवा बनाए रखा जब मै छोटे बच्चो की ऑखो मे दोष देखता हूँ।" नेत्रो के भैगेपन का उल्लेख अपने लेख "इलाज नेत्रो के भैगेपन का" (कादम्बिनी, फरवरी 1987 पृष्ठ, 113-115) मे करने के पश्चात् उन्होने भैगेपन को चार प्रकारो मे विभक्त किया है—(1) कोवरजेट (2) डाइवर जेट, (3) वर्टिकल और (4) औकेजनल। उन्होने भैंगेपन को दूर करने के लिए तीन प्रकार की चिकित्साये—(1) स्वास्थ्य का ध्यान

देना, (2) नत्र व्यायाम यत्र चिकित्सा तथा (3) ऑपरेशन बतलाए है। उन्होने 60वी हीरक जयन्ती सॉवेनियर नामक पत्रिका प्रकाशित की, जिसमे उन्हाने ऑखो के सम्बन्ध मे कई महत्त्वपूर्ण लेख प्रकाशित किए, जो सामान्य पाठको एव नेत्र चिकित्सको दोनो के लिए लाभप्रद है तथा दोनो के लिए दिशा निर्देश देते है।

स्वामी शिवानन्द ने मत व्यक्त किया है कि "हरिद्वार के स्वामी अर्जुन देव महाराज जो 20 0 नम्बर का चश्मा प्रयोग कर रहे थ, इन उपायो से पूरी तरह अच्छे हो गए।" स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री के शब्दो में, "अग्रवाल द्वारा प्रस्तावित चिकित्सा सरल है।" डॉ पट्टाभिसीतारमैया लिखते है, "मेरी धमपत्नी बायी ऑख के बाह्य ऋतु के लकवे (पक्षाघात) से पीडित थी, ने डॉ अग्रवाल के इलाज द्वारा कष्ट पर विजय प्राप्त की।" नेपाल के राणा सर मोहन शमशेर जग बहादुर न कहा है, "डॉ अग्रवाल के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता है जो मेरे पास आशा के दूत के रूप मे आए और मेरे लिए आशातीत मुक्ति लाए।" श्री गिरजा शकर लिखते हैं, "डॉ अग्रवाल की विधियॉ प्राचीन भारतीय प्रयोगो पर, यदि भूले नही गए, आधारित हैं।" हरियाण के भूतपूर्व उपमुख्यमत्री और वित्तमत्री श्री बनारसी दास गुप्त लिखते हैं—"डॉ अग्रवाल की विधियॉ प्रकृति पर आधारित और सरल हे।"

उनके प्रशसको मे स्वर्गीय सर सी वी रमण (नाबुल पुरस्कार विजेता), सर ए जी क्लो, सर सी पी रामास्वामी अय्यर, भारत के स्वर्गीय राष्ट्रपति श्री वी वी गिरि, डॉ सी डी देशमुख, श्री गुलजारीलाल नन्दा स्वर्गीय श्री के एन काटजू, राजकुमारी अमृत कौर, श्री सच्चिदानन्द सिन्हा श्री अकबर हैदरी, जी डी बिडला, एस सी सीतलवाड, श्री वी टी कृष्णमाचारी, श्री ताराचन्द बडजात्या, श्रीमन्नारामण, श्री आर एल नरसिहम आई सी एस, गजनफर अलीखॉ (भूतपूर्व राजदूत पाकिस्तान), डॉ सैयद महमूद, मेजर जनरल अलादत खॉ (पाकिस्तान), श्री उमाशकर दीक्षित, श्री वी पी सिघानिया, रतेनसेय खटाऊ, श्री अम्बालाल किलाचन्द, अलवर के महाराजा जयसिह जी, श्री एम आर सोथल्लिया, डॉ एन टी थुअन (सैगोन), श्री टी एन गुरवानी (थाइलेण्ड), सरदार वाशम सिह (मलेशिया) सर अकीर टसा (टोक्यो), श्री सी एच काह (सिगापुर) श्रीमती जी के मैकडानल्ड (न्यूजीलैड) श्री डाले डब्ल्यू स्टाम्प (यू एस ए), एच शूडल्डर (इग्लैंड) याकूब युसुफ इल वान्डी (इराक), श्रीमती के पावा (बैकाक), श्री पकज रॉय (क्रिकेट खिलाडी), श्री भारत भूषण (फिल्म अभिनेता) तथा नाटाशा बेलोफ (यू एस ए आर) प्रमुख है।

☐

डॉ रामेश्वर शर्मा

(1929 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ रामेश्वर शर्मा का जन्म 25 मार्च, 1929 ई को जयपुर मे हुआ था। उनके माता-पिता का नाम श्री लक्ष्मीनारायण और श्रीमती राधा था। उनकी धर्मपत्नी का नाम श्रीमती ज्ञानेश्वरी है ओर उनके एक पुत्र और दा पुत्रियॉ है।

शैक्षिक जीवन—डॉ शर्मा ने सन् 1952 ई मे एम बी बी एस की उपाधि राजस्थान विश्वविद्याल्य से प्राप्त की थी। उन्होने सन् 1955 इ मे एम डी परीक्षा और 1957 ई मे एम पी एच परीक्षा हार्वर्ड विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की। सन् 1970 इ मे वह एफ ए एम एस हो गए। वह एफ आई पी एच ए तथा एफ एन आई ई है।

उन्होने (1) 1956-1958 ई की अवधि मे हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, बोस्टन मे रोकथाम और सामाजिक चिकित्सा (प्रीवेटिव एण्ड सोशल मेडिसिन) मे विश्व स्वास्थ्य सगठन के अध्यापन पाठ्यक्रम मे, (2) 30 नवम्बर से 8 दिसम्बर, 1960 ई तक विश्व स्वास्थ्य सगठन के "रोकथाम और सामाजिक चिकित्सा का अध्यापन (रीचिग ऑफ प्रीवेटिव एण्ड सोशल मेडिसिन)" पर सेमीनार मे कोलम्बो, श्रीलका मे, (3) विश्व स्वास्थ्य सगठन की फैलोशिप के अन्तगत "स्वास्थ्य शिक्षा" मे जनवरी से अप्रैल, 1973 तक फिलिप्पीन्स, कोरिया, मलेशिया और थाईलैण्ड तथा (4) 11 से 16 दिसम्बर, 1978 ई तक प्रबन्ध सस्थान, बगलौर द्वारा आयोजित चिकित्सा महाविद्यालयो के प्रबन्ध पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

व्यावसायिक जीवन—सन् 1952 से 1955 ई तक डॉ शर्मा ने चिकित्सा रजिस्ट्रार के कायालय मे हाउस अधिकारी का कार्य किया था। सन् 1955 ई से 1958 ई तक वह सहायक चिकित्सा अधिकारी प्रथम श्रेणी एव व्याख्याता (भेषज) के रूप मे कार्यरत रहे। वह सन् 1956-58 ई मे ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी थे। वह 1958 से 1964 ई तक रोकथाम और सामाजिक चिकित्सा विषय मे रीडर, 1964 ई से 1980 ई तक रोकथाम और सामाजिक चिकित्मा विपय

मे प्रोफेसर और अध्यक्ष एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर और सक्रामक रोग चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, 1978 से 1980 ई तक पधानाचार्य, चिकित्सा महाविद्यालय, जोधपुर और 1980 ई से 1984 ई तक प्रधानाचार्य, एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर के पद पर कार्यरत रहे। सन् 1984 ई मे प्रधानाचार्य, एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद डॉ शर्मा ने 3 जून, 1991 ई तक निदेशक, भारतीय स्वास्थ्य प्रबन्ध एव शोध सस्थान, जयपुर के पद पर कार्य किया। 4 जुलाई, 1991 ई से 30 मार्च, 1993 ई तक डॉ शर्मा कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय के पद पर रहे। वर्तमान मे वह 3 जुलाई, 1995 ई से निदेशक, राजस्थान राज्य स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण सस्थान, जयपुर के पद पर कार्यरत हैं।

उन्हे स्नातक स्तर के छात्रो को 30 वर्ष तक और स्नातकोत्तर छात्रो को 25 वर्ष तक अध्यापन कार्य का अनुभव प्राप्त है।

वह एम बी बी एस , एम डी , डी पी एच , डी एच ई , पी एच डी परीक्षाओ के लगभग 20 विश्वविद्यालयो और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नई दिल्ली, अखिल भारतीय स्वास्थ्य और स्वच्छता सस्थान, कलकत्ता आदि के परीक्षक रह चुके है।

पता—उनका वर्तमान आवासीय पता इस प्रकार है—

डॉ रामेश्वर शर्मा,
बी-32, विजय पथ, तिलकनगर,
जयपुर (राजस्थान)-302004, भारत

सदस्यता और फैलोशिप—डॉ शर्मा इन्टरनेशनल एपीडेमीओलॉजीकल एसोसिएशन की कार्यकारी परिषद् (दक्षिणी-पूर्वी एशिया मे उसके प्रतिनिधि) भी और भारतीय चिकित्सा परिषद् की कार्यकारिणी समिति सहित लगभग 30 वैज्ञानिक सस्थाओ के सदस्य रहे चुके हैं। वह फाइनेसिस हेल्थ केयर एण्ड हेल्थ मेनेजमेट, योजना आयोग, भारत सरकार, के कार्य दल के अध्यक्ष रहे। वह योजना आयोग, भारत सरकार की आठवीं पचवर्षीय योजना की परिवार कल्याण के लिए परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे। वह भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष और वैज्ञानिक सलाहकार दल तथा प्रायोजना सलाहकार समितियो के सदस्य रहे। वह भारतीय चिकित्सा अकादमी भारतीय जन स्वास्थ्य सघ और राष्ट्रीय पारिस्थितिक विज्ञान सस्थान के फैलो हैं। वह राजस्थान विश्वविद्यालय अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय और रोहतक चिकित्सा महाविद्यालय

के सकाय सदस्य हैं। वह परिवार 'कल्याण फाउन्डेशन राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी की परिचय-पत्र समिति, राजस्थान विश्वविद्यालय की सीनेट के सदस्य और अन्य कई महत्त्वपूर्ण सगठनो के सदस्य और आजीवन सदस्य रहे है।

सम्मान और पुरस्कार—डॉ शर्मा को सन् 1981 ई मे भारतीय चिकित्सा परिषद् का गौरवशाली डॉ बी सी रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया था। चिकित्सा सेवा मे उल्लेखनीय सेवाओ के लिए राजस्थान राज्य सरकार ने उन्हे सन् 1983 इ मे योग्यता प्रमाण-पत्र दिया था। सन् 1970 ई मे उन्हे भारतीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी द्वारा फैलोशिप प्रदान की गई थी। वह सेट थॉमस मेडिकल स्कूल, लन्दन, इग्लैंड, स्कूल ऑफ पब्लिक हैल्थ, जॉन हॉप्किन्स विश्वविद्यालय, बाल्टीमोर, सयुक्त राज्य अमेरिका, और अल फतह विश्वविद्यालय, त्रिपोली, लीबिया मे भ्रमणकारी (विजिटिग) प्रोफेसर रहे। वह इन्स्टीट्यूट ऑफ एवीडेमिओलॉजीकल एसोसिएशन, विश्व स्वास्थ्य सगठन के सलाहकार ओर परामर्शद रहे। वह हैल्थ सर्विसेज मेनेजमेट रिसर्च एण्ड इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ एपीडेमिओलॉजी, इग्लैंड, एनल्स ऑफ मेडिकल साइन्सेज, इण्डियन जर्नल ऑफ कम्यूनिटी मेडिसन, और इण्डियन जर्नल ऑफ मेडिकल एज्यूकेशन के सम्पादक मण्डलो के सदस्य रहे हैं। वह राष्ट्रीय पारिस्थितिकी विज्ञान सस्थान के पूर्व छात्र सघ और मरुस्थलो, मानव और स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय सेमीनार के अध्यक्ष रहे। वह भारतीय स्वास्थ्य प्रशासन सोसायटी के क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय चिकित्सा परिषद् के निरीक्षक, केन्द्रीय लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, राजस्थान लोक सेवा आयोग आदि मे विशेषज्ञ, तथा राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी की राजस्थान शाखा के एपीडेमिओलॉजी विशेषज्ञ मण्डल, रोकथाम और सामाजिक औषधि विशेषज्ञ मण्डल के सयोजक और राजस्थान विश्वविद्यालय मे चिकित्सा सकाय के अधिष्ठाता भी रहे हैं। उन्हे धन्वन्तरि भाषण के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया गया था।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो मे सहभागिता आदि—डॉ शर्मा सयुक्त राज्य अमेरिका, इग्लैंड, स्विट्जरलैड, पोलैण्ड, फिलिपीन्स, कोरिया, मलेशिया, थाइलैड, श्रीलका, पूएट्रो रीको, जापान, पाकिस्तान, ईरान, एडिनबरा आदि मे अन्तर्राष्ट्रीय मम्मेलनो, विश्व स्वास्थ्य सगठन और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय सगठनो मे भाग ले चुके हैं।

उन्हे सन् 1990 ई मे जॉन्स हॉप्किन्स विश्वविद्यालय, बाल्टीमोर मे अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य और विकास पर आयोजित दसवे सेमीनार मे 'रेंरिशेषन, स्ट्रक्चरल एडजस्टमेट एण्ड इन्नोवेटिव हैल्थ फाइनेसिग' विषय पर विशेष सत्र मे विषय विशेषज्ञ के रूप मे आमत्रित किया गया था तथा उन्होने एपीडेमिओलॉजी एण्ड मेनेजमेट विषय पर

अपना पत्र प्रस्तुत किया और लन्दन विश्वविद्यालय के 'इन्स्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हैल्थ' मे आयोजित 'इन्टरनेशनल नेट वर्किंग ऑफ हैल्थ मेनेजमेट' विषय पर सेमीनार मे भी भाग लिया।

प्रकाशन—डॉ शर्मा ने विदेशो मे प्रकाशित पुस्तको मे अध्याय लिखे हैं। उनके 110 से अधिक शोध-पत्र विदेशी और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो तथा विश्व ख्याति के भारतीय जर्नलो मे प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होने भारतीय और विदेशी पुस्तको की भूमिकाये तथा समीक्षाये लिखी हैं।

अनुसन्धान और अध्यापन के मुख्य क्षेत्र एव देन—उनकी अध्यापन और अनुसन्धान अभिरुचि के मुख्य क्षेत्र है—(1) स्वास्थ्य प्रबन्ध, (2) एपिडेमिओलॉजी, (3) रोकथाम और सामाजिक चिकित्सा और (4) सामुदायिक चिकित्सा।

उन्होने देश के प्रथम स्वास्थ्य प्रबन्ध सस्थान की योजना, सकल्पना और सगठन मे योग दिया। भारत सरकार ने उन्हे 1981 ई मे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मे चिकित्सा शिक्षा समीक्षा समिति का सदस्य नियुक्त किया था। वह रोकथाम और सामाजिक चिकित्सा विभाग को चिकित्सा विज्ञान के विश्व मानचित्र पर एक महत्त्वपूर्ण स्थान तक ले आए और एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय मे इस विभाग के अवलोकनार्थ विश्व स्वास्थ्य सगठन के फैलो तथा विश्व के विभिन्न देशो से अन्य विशेषज्ञ आए। उन्होने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रो के लिए शैक्षिक एव प्रशिक्षणात्मक कार्यक्रम का पुनर्गठन किया।

डॉ शर्मा की मान्यता है कि दम्पत्तियो की अभिरुचि, उनकी मान्यताओ तथा उनकी सामाजिक- आर्थिक परिस्थितियो के अनुरूप परिवार कल्याण कार्यक्रम का प्रचार करे, तभी जन्म दर को कम करने मे हमे सफलता मिल सकती है।

❐

प्रोफेसर के सम्बामूर्ति

(1931 ई)

जन्म एव वश परिचय—प्रो के सम्बामूर्ति का जन्म 13 अप्रैल, 1931 ई को आन्ध्रप्रदेश के गुदूर जिले मे बपटला नामक स्थान पर हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री के वी नरसिहम एक वकील के यहाँ लिपिक पद पर काय करते थे। उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती के पिटचम्मा गृहिणी थी। सन् 1936 ई मे जन्मी उनकी जीवन सगिनी श्रीमती के शारदा ने इन्टरमीडिएट तक शिक्षा प्राप्त की है। उनके एक पुत्री और दो पुत्र हैं। सन् 1957 ई मे उत्पन्न उनकी पुत्री श्रीमती वाई श्यामला एम बी बी एस स्वतत्र चिकित्सक हैं। उसका पति सन् 1955 ई मे उत्पन्न डॉ वाई नागराजू एम बी बी एस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे चिकित्सक हैं। दोनो आन्ध्रप्रदेश के श्री काकुलम जिले मे अच्युतपुरम नामक गॉव मे रह रहे हैं। उनके वाई स्पनन्दना नामक एक पुत्री तथा वाई दिव्य तेला नामक एक पुत्र है। सन् 1959 ई मे जन्मा उनका ज्येष्ठ पुत्र श्री के एन राव बी कॉम है और पोर्ट ट्रस्ट कार्यालय, विशाखापत्तनम मे लिपिक पद पर कार्यरत है। वह शारीरिक रूप से कुछ विकलॉग है तथा अविवाहित है। सन् 1961 ई मे उत्पन्न उनका दूसरा पुत्र श्री के रामना मूर्ति बी ई (यात्रिक अभियात्रिकी), कोरोमण्डल उर्वरक फैक्ट्री, विशाखापत्तनम मे वरिष्ठ प्लान्ट अभियन्ता है। उसकी पत्नी श्रीमती सुन्दर लक्ष्मी एम एस सी (वनम्पिति विज्ञान) है और एक स्थानीय महाविद्यालय मे व्याख्याता पद पर कार्यरत है।

शैक्षिक जीवन—प्रो मूर्ति की प्रारम्भिक विद्यालयी और हाई स्कूल शिक्षा आन्ध्रप्रदेश के गुटूर जिले पे बपटला नामक स्थान मे सम्पन्न हुई तथा सन् 1946 ई मे उन्होने एस एस एल सी परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्ष 1946-48 ई मे वह हिन्दू कॉलेज, गुटूर मे गणित, भौतिकी और रसायन शास्त्र विषय लेकर इटरमीडिएट मे अध्ययनरत रहे। इटरमीडिएट परीक्षा उन्होने प्रथम श्रेणी और तीन वर्ग विषयो मे विशेष योग्यता सहित उत्तीर्ण की। वर्ष 1948-51 ई मे वह आन्ध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर मे भैषजिकी सहित रासायनिक प्रौद्योगिकी अपने अध्ययन का मुख्य विषय लेकर बी एस सी (ऑनर्स) तथा वर्ष 1951-52 ई मे भैषजिकी सहित रासायनिक प्रौद्योगिकी अपने अध्ययन का मुख्य विषय लेकर एम एस सी मे नियमित छात्र रहे।

बी एस सी (ऑनर्स) और एम एस सी दोनो मे उन्होने प्रथम श्रेणी अर्जित की तथा भैषजिकी स्नातको म उनका स्थान प्रथम रहा तथा स्नातकोत्तर स्तर पर भैषजिकी स्नातको म प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाल वह एकमात्र छात्र थे। आन्ध्र विश्वविद्यालय मे भैषजिकी सहित गसायनिक प्रौद्योगिकी विशिष्ट विषय लेकर एम एस सी परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त वह अनुसन्धान कार्य मे प्रवृत्त रहे और उसी विश्वविद्यालय ने प्राकृतिक उत्पाद रसायन शास्त्र मे सन् 1960 ई मे उन्हे डी एस सी की उपाधि प्रदान की। आन्ध्र विश्वविद्यालय मे ट्रिटरपेनोइड्स के क्षेत्र मे अनुसन्धान करने वाल वह प्रथम व्यक्ति थे ओर उन्होने परतत्रोतोत्पत्ति सम्बन्धी व्याख्या के साथ एक विरल पचचक्रीय ट्रिटरपेनोइड्स नामक एक ऑक्साइड की महत्त्वपूर्ण देन प्रदान की।

अक्टूबर, 1962 ई से जुलाई, 1965 ई तक बरमिघम विश्वविद्यालय, इग्लेड मे पी एच डी उपाधि हेतु जैवरासायनिक अभियात्रिकी (जैवप्रोद्योगिकी का एक भाग) मे अनुसन्धान कार्य हतु भारत सरकार ने उनका चयन राष्ट्रमण्डलीय छात्रवृत्ति के लिए किया। यह कार्य मापन के लिए एक लाभदायक यत्र के रूप मे सगणक का प्रयोग करते हुए निदिष्ट सिद्धान्तो के सह-सम्बन्ध के साथ उत्तेजित उफान प्रणालियो मे ऑक्सीजन स्थानान्तरण की दर पर समतल फल वाली टरबाइन प्रेरको के प्रारूप वैभिन्य के प्रभावो से सम्बद्ध है। भारत मे इस क्षेत्र मे डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने वाले वह प्रथम व्यक्ति है तथा उनके शोध कार्य को जैवरासायनिक अभियात्रिकी विषयक पुस्तको मे उद्धृत किया गया है। इस प्रकार वह आन्ध्र विश्वविद्यालय से भैषजिकी सहित रासायनिक प्रौद्यागिकी मे विशेषता सहित एम एस सी और डी एस सी तथा बरमिघम विश्वविद्यालय (इग्लेड) से पी एच डी है।

व्यवसाय के क्षेत्र मे—स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करते ही उन्हे आन्ध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर मे भेषज विज्ञान विभाग मे पदभार ग्रहण करने के लिए आमत्रित किया गया था। वह इस विभाग के कतिपय सस्थापक सदस्यो मे से एक थे। 25 अगस्त, 1952 ई से 3 दिसम्बर, 1952 ई तक वह औषधि निर्माता क पद पर रहे। 4 दिसम्बर 1952 ई से 21 नवम्बर, 1965 ई तक वह व्याख्याता, 22 नवम्बर, 1965 ई से 28 सितम्बर, 1975 ई तक रीडर और 29 सितम्बर 1975 ई से 30 अप्रैल 1991 ई तक प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहे तथा 1 मई, 1991 को सेवानिवृत्त हो गये। आन्ध्र प्रदेश विश्वविद्यालय मे विभागाध्यक्ष प्रति तीन वर्ष के क्रम से बदलता रहता है। नवम्बर 1982 ई से तीन वष तक वह विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहे। विश्वविद्यालय अनुदान आयाग ने उन्हे इमेरिटस फैलो का पद प्रस्तावित किया जिसका कार्यभार उन्होने सितम्बर, 1991 ई मे ग्रहण कर लिया।

फोस्फेटेडिल कोलिन (पी सी) अार फोस्फोलिफेज के पृथक्कीकरण की प्रक्रियाओ का विकास किया।

प्रकाशन—डॉ मूर्ति के जैव-प्रौद्योगिकी, जैव रासायनिक अभियात्रिकी प्राकृतिक उत्पाद रसायन तथा औषधि निर्माण पोद्योगिकी और अन्य प्रकरणो पर 74 शोध-पत्र भारतीय और विदेशी जर्नलो मे प्रक॥शत हुए है तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो और परिसवादो मे प्रस्तुत हुए हैं। व्यावसायिक विषयो पर उनकी गेडियो वार्तये भी प्रसारित हुई। बी फार्मा स्नातक पाठ्यक्रम पर उनकी एक पुस्तक प्रकाशित हुई है।

विदेश भमण—डॉ मूर्ति तीन वर्ष तक इग्लड रहे और वहॉ प्रवास काल मे वह फ्रास, पश्चिमी जर्मनी और इटली मे कुछ समय के लिए गए। सन् 1979 ई मे वह व्यावहारिक सूक्ष्म जीव विज्ञान के पृथ्वी पर प्रभाव पचम् अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे अपना पत्र प्रस्तुत करने के लिए 10 दिन के लिए बैकाक गये। सन् 1986 ई मे वह जैव-प्रौद्योगिकी मे भारत-सोवियत सास्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत 6 सप्ताह के लिए सोवियत रूस गए। इस अवधि मे उन्होने मास्को राज्य विश्वविद्यालय के कई विभागो तथा मास्को और लेनिनग्राड मे कई राष्ट्रीय शोध सस्थाओ का अवलोकन किया। मास्को और लोनिनग्राड मे उन्होने अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। दिसम्बर, 1987 ई मे वह होनोलूलू मे जे यू सी फार्मा साइन्स नामक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे प्राकृतिक साधनो और पी सी से पी जी मे क्षोभकीय परिवर्तन एव पी जी के पृथक्कीकरण पर शोध-पत्र प्रस्तुत करने के लिए सम्मिलित हुए। मार्च, 1991 ई मे न्यू ओसलीन, यू एस ए मे आयोजित अमेरिकन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन के अधिवेशन मे उन्होने एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

सेमीनारो, सम्मेलनो आदि मे आमत्रण—डॉ मूर्ति पूना ओर ऋषिकेश मे अखिल भारतीय सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक सम्मेलनो मे समग्र व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित किये गये थे। वह भारतीय प्रौद्योगिकी सस्थान, दिल्ली मे जीव वैज्ञानिक अभियात्रिकी अध्ययन पीठ मे तथा बडौदा और वाल्टेयर (रामायनिक अभियात्रिकी विभाग मे दो बार) मे जैव प्रौद्योगिकी अध्ययन पीठ के भारतीय प्रौद्योगिकी शिक्षा अध्ययन पीठ मे व्याख्यान माला एव इण्डियन फार्मास्युटिकल काग्रेस, कलकत्ता मे "एप्लीकेशन ऑफ इम्मोबिलाइज्ड एन्जाइम्स इन फार्मास्युटिकल इन्डस्ट्री—भैषजीय उद्योग मे अचल क्षोभको का प्रयोग" पर समग्र व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित किए गए थे। उन्होने क्षेत्रीय अनुसन्धान प्रयोगशाला जम्मू मे औद्योगिक खमीरीकरण

बी एस सी (ऑनर्स) और एम एस सी दोनो मे उन्होने प्रथम श्रेणी अर्जित की तथा भैषजिकी स्नातको म उनका स्थान प्रथम रहा तथा स्नातकोत्तर स्तर पर भैषजिकी स्नातको मे प्रथम श्रेणी प्राप्त करा वाल वह एकमात्र छात्र थे। आन्ध्र विश्वविद्यालय मे भैषजिकी सहित रासायनिक प्रौद्योगिकी विशिष्ट विषय लेकर एम एस सी परीक्षा उत्तीर्ण करन के उपरान्त वह अनुसन्धान कार्य मे प्रवृत्त रहे और उसी विश्वविद्यालय ने प्राकृतिक उत्पाद रसायन शास्त्र मे सन् 1960 ई मे उन्हे डी एस सी की उपाधि प्रदान की। आन्ध्र विश्वविद्याल्य मे ट्रिटरपेनोइड्स के क्षेत्र मे अनुसन्धान करने वाले वह प्रथम व्यक्ति थे ओर उन्होने परतत्रोतोत्पत्ति सम्बन्धी व्याख्या के साथ एक विरल पचचक्रीत्र ट्रिटरपेनोइड्स नामक एक ऑक्माइड की महत्त्वपूर्ण देन प्रदान की।

अक्टूबर, 1962 ई से जुलाई, 1965 ई तक बरमिघम विश्वविद्यालय, इग्लैड मे पी एच डी उपाधि हेतु जैवरासायनिक अभियात्रिकी (जैवप्रौद्योगिको का एक भाग) मे अनुसन्धान कार्य हतु भारत सरकार ने उनका चयन राष्ट्रमण्डलीय छात्रवृत्ति के लिए किया। यह कार्य मापन के लिए एक लाभदायक यत्र के रूप मे सगणक का प्रयोग करते हुए निदिष्ट सिद्धान्तो के सह-सम्बन्ध के साथ उत्तेजित उफान प्रणालियो मे ऑक्सीजन स्थानान्तरण की दरा पर समतल फल वाली टरबाइन प्रेरको के प्रारूप वैभिन्य के प्रभावो से सम्बद्ध है। भारत मे इस क्षेत्र मे डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने वाले वह प्रथम व्यक्ति है तथा उनके शोध कार्य को जैवरासायनिक अभियात्रिकी विषयक पुस्तको मे उद्धृत किया गया है। इस प्रकार वह आन्ध्र विश्वविद्यालय से भैषजिकी सहित रासायनिक प्रौद्योगिकी मे विशेषता सहित एम एस सी और डी एस सी तथा बरमिघम विश्वविद्यालय (इग्लैड) से पी एच डी है।

व्यवसाय के क्षेत्र मे—स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करते ही उन्हे आन्ध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर म भेषज विज्ञान विभाग मे पदभार ग्रहण करने के लिए आमत्रित किया गया था। वह इस विभाग के कतिपय सस्थापक सदस्यो मे से एक थे। 25 अगस्त, 1952 ई से 3 दिसम्बर, 1952 ई तक वह औषधि निर्माता क पद पर रहे। 4 दिसम्बर 1952 ई से 21 नवम्बर, 1965 ई तक वह व्याख्याता, 22 नवम्बर, 1965 ई से 28 सितम्बर, 1975 ई तक रीडर ओर 29 सितम्बर 1975 ई से 30 अप्रैल 1991 ई तक प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहे तथा 1 मइ, 1991 का सेवानिवृत्त हो गये। आन्ध्र प्रदेश विश्वविद्यालय मे विभागाध्यक्ष प्रति तीन वर्ष के क्रम से बदलता रहता है। नवम्बर 1982 ई से तीन वर्ष तक वह विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहे। विश्वविद्यालय अनुदान आयाग ने उन्हे इमेरिटस फैलो का पद प्रस्तावित किया जिसका कार्यभार उन्होने सितम्बर, 1991 ई मे ग्रहण कर लिया।

वह 40 वर्ष तक बी फामा स्तर पर भेषज निर्माण भेषजीय अभियात्रिकी, जैव वैज्ञानिक भेषज, विधि विज्ञान भेषज एव सम्बद्ध विषय तथा ए फामा स्तर पर जव प्रोद्योगिकी जेव रासायनिक अभियात्रिकी क्षोभक अभियात्रिकी, अचल क्षोभक आदि, भेषज निर्माण भेषजीय प्रौद्योगिकी तथा विकसित भौनिकीय भेषज विषय अध्यापित करते रहे।

डॉ मूर्ति ने बी फार्मा और एम फार्मा स्तरो पर भेषज वर्ग मे कइ विषयो का समारम्भ तथा विकास किया। उन्होने स्नानकोत्तर एव पी-एच डी स्तरो पर जैव प्रौद्योगिकी एव जैव रासायनिक अभियात्रिकी का समारम्भ ओर विकास किया तथा आन्ध्र विश्वविद्यालय मे भैषजीय जैव प्राद्योगिकी मे एम फार्मा मे विशेषज्ञता हेतु पृथक् विषय प्रारम्भ करने मे वह सहायक बने। उन्होने कई वर्ष तक आन्ध्र विश्वविद्यालय के एम एस सी उत्तरार्द्ध के जैवरसायन विषय क छात्रो को उबाल (खमीर) प्रोद्योगिकी विषय पढाया तथा एम एस सी अन्तिम वर्ष के जैव रसायन विषय के छात्रो को खमीर प्रौद्योगिकी पर व्याख्यान देने क लिए तीन वष तक सरदार वल्लभ विश्वविद्यालय के जेवरसायन विभाग मे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विजिटिग प्रोफेसर के पद पर आमत्रित किए गए।

सन् 1967 ई मे डॉ मूर्ति को भारतीय प्रौद्योगिकी सस्थान, दिल्ली मे जैव रासायनिक अभियात्रिकी प्रोफेसर पद प्रस्तावित किया गया था। सन् 1979 ई मे उन्हे महाप्रबन्धक अनुसन्धान और विकास, एन्टीबॉयोटिक्स सयत्र, ऋषिकेश के पद-भार को ग्रहण करने क लिए आमत्रित किया गया था।

अनुसन्धान के क्षेत्र मे योगदान—बी फार्मा स्तर पर उनकी अध्यापन रुचि के क्षेत्र सभी भेषजीय वर्ग के विषय तथा एम फार्मा स्तर पर जैव प्रौद्योगिकी वर्ग के विषय है। उनकी अनुसन्धान अभिरुचि जैव प्रौद्योगिकी ओर भेषजीय प्रोद्योगिकी समस्याओ मे है।

डॉ मूर्ति को 40 वर्ष का अध्यापन तथा 26 वर्ष का अनुसन्धान अनुभव है। उन्हान 5 पी-एच डी और 43 एम फार्मा शोध प्रबन्ध का मार्गदर्शन किया है तथा 10 अन्य एम फार्मा शोध प्रबन्धो का परोक्ष रूप से निरीक्षण किया है, क्योकि द्वितीय वर्ष एम फार्मा पूर्णतया अनुसन्धान पर आधारित हे।

शोध प्रकरण, जिन पर मार्गदर्शन किया गया है ओर किया जा रहा हे, इस प्रकार है—टेक्सोनोमी ऑफ रेयर एक्टिनोमाइसेटम्स फ्राम टेरेस्ट्रिअल एण्ड मेराइन सब्सट्रेटस, एण्टीबायोटिक्स फ्रोम रेयर एक्टिनोमाइसेटस ए वेरायटी ऑफ आस्पेक्टस ऑन दि सेप्रोफिटिक्स प्रोडक्शन ऑफ एर्गोट एल्कालोइल्डस, एमीलोग्लूकोमाइडेस

एण्ड ग्लूकोज आइसोमेरेस, इन्डस्ट्रिअल एन्जाइम्स एण्ड देयर इम्मोबाइलिजेशन, प्रोडक्शन ऑफ डेक्सट्रोज मोनोहाइड्रेट फ्रोम टेपिओका स्टॉर्च, प्रोटीन हाइड्रोलाइसेट्स फ्रोम प्रोटीन रिच सीड केकस एण्ड डेवलपमेट ऑफ फोर्मूलेशन्स, आइसोलेशन ऑफ फोस्फेटेडिल कोलिन एण्ड फोस्फोलिफेज डी फ्रोम नेचुरल मोर्सेज एण्ड एजाइमेटिक कन्वर्जन ऑफ फोस्फेटेडिल कोलिन टू फोस्फेटेडिल ग्लिसरोल एण्ड आइसोलेशन ऑफ फोस्फेटेडिल ग्लिसरोल, डेवलपमेट ऑफ न्युअर सिस्टम्स एण्ड मैथ्ड्स इन माइक्रोबॉयोजिकल कन्वर्जन ऑफ इस्टेरोइड्स आदि।

उन्होने मुख्य अवशोषको के अग्र भाग मे जल मे घुलनशील औषधियो को खुराक के दिये जाने वाले स्थिर स्वरूपो के विकास पर पी एच डी कार्य का मार्गदर्शन किया था। उन्होने ठण्डे शुष्क इन्सूलिन सूत्रीकरण तथा ठण्डे शुष्क उत्पादन की स्थिरता पर एम फार्मा हेतु कार्य का मार्गदर्शन किया।

डॉ मूर्ति ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् की प्रायोजना "इन्वेस्टीगेशन एण्ड डेवलपमेट ऑफ इन्डिजिनस टेक्नीकल नो-हाउ ऑन दि इकोनोमिक प्रोडक्शन ऑफ यूजफुल एर्गोट अल्कालोइड्स बाइ सेप्रोफिटिक कल्टीवेशन ऑफ क्लेवीसेप्स स्पेसीज अर्थात् क्लेवीसेप्स प्रजाति के गलितोय पौधो (सडी हुई वनस्पति पर जीने वाले पौधो) की खेती द्वारा लाभदायक एर्गोट (गेरुइ पौधो का एक प्रकार का रोग) के क्षाराभो (वनस्पतियो के मूल तत्त्वो) के आर्थिक उत्पादन पर स्वदेशी तकनीक ज्ञान का अन्वेषण और विकास" का वर्ष 1974-77 ई मे मार्गदर्शन किया तथा सन् 1962 ई से पूर्व "भारतीय रोडेडेन्ड्रोन (गुलाब के समान फूल वाला पौधा) प्रजाति का रासायनिक अन्वेषण" नामक वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् की एक प्रायाजना के सह-निरीक्षक प्रभारी रहे।

विधियो अथवा प्रक्रियाओ का विकास—डॉ मूर्ति ने अम्ल क्षोभक जल-अपघटन (hydrolysis) द्वारा स्थानीय माड से द्राक्षा-शर्करा मोनोहाइड्रेट (अकेले किसी पदार्थ का पानी मे घोल) और एमीलोग्लूकोसीडेस के उत्पादन की प्रक्रिया का विकास किया। उन्होने नवीन तनाव से पृथक उच्चतर ट्राइट्रेस प्रदान करने के साथ तथा अधिक साधारण आरोग्य विधि के साथ नियोमाइसिन (जीवाणु नाशक दवा जिसका प्रयोग अन्त्रीय रोगाणुओ की वृद्धि को रोकने के लिए किया जाना है) के उत्पादन की प्रक्रिया विकसित की। उन्होने एक नये हेप्टेइन एण्टीबॉयोटिक को पृथक किया। उन्होने घुलनशील और अचल क्षोभको का प्रयोग करते हुए प्रोटीन सम्पन्न अजवायन मिली मीठी टिकिया म प्रोटीन हाइड्रोलिसेटस तैयार करने,

फोस्फेटेडिल कोलिन (पी सी) आर फोस्फोलिफेज के पृथक्कीकरण की प्रक्रियाओ का विकास किया।

प्रकाशन—डॉ मूर्ति के जैव-प्रौद्योगिकी, जैव रासायनिक अभियात्रिकी प्राकृतिक उत्पाद रसायन तथा औषधि निर्माण पौद्योगिकी और अन्य प्रकरणो पर 74 शोध-पत्र भारतीय और विदेशी जर्नलो मे प्रकाशत हुए है तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो और परिसवादो मे प्रस्तुत हुए है। व्यावसायिक विषयो पर उनकी रेडियो वार्तायें भी प्रसारित हुई। बी फार्मा स्नातक पाठ्यक्रम पर उनकी एक पुस्तक प्रकाशित हुई है।

विदेश भ्रमण—डॉ मूर्ति तीन वर्ष तक इग्लैड रहे और वहाँ प्रवास काल मे वह फ्रास, पश्चिमी जर्मनी और इटली मे कुछ समय के लिए गए। सन् 1979 ई मे वह व्यावहारिक सूक्ष्म जीव विज्ञान के पृथ्वी पर प्रभाव पचम् अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे अपना पत्र प्रस्तुत करने के लिए 10 दिन के लिए बैकाक गये। सन् 1986 ई मे वह जैव-प्रौद्योगिकी मे भारत-सोवियत सास्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत 6 सप्ताह के लिए सोवियत रूस गए। इस अवधि मे उन्होने मास्को राज्य विश्वविद्यालय के कई विभागो तथा मास्को और लेनिनग्राड मे कई राष्ट्रीय शोध सस्थाओ का अवलोकन किया। मास्को और लोनिनग्राड मे उन्होने अपना शोध काय प्रस्तुत किया। दिसम्बर, 1987 ई मे वह होनोलूलू मे जे यू सी फार्मा साइन्स नामक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे प्राकृतिक साधनो और पी सी से पी जी मे क्षोभकीय परिवर्तन एव पी जी के पृथक्कीकरण पर शोध-पत्र प्रस्तुत करने के लिए सम्मिलित हुए। मार्च 1991 ई मे न्यू ओसलीन, यू एस ए मे आयोजित अमेरिकन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन के अधिवेशन मे उन्होने एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

सेमीनारो, सम्मेलनो आदि मे आमत्रण—डॉ मूर्ति पूना और ऋषिकेश मे अखिल भारतीय सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक सम्मेलनो मे समग्र व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित किये गये थे। वह भारतीय प्रोद्योगिकी सस्थान, दिल्ली मे जीव वैज्ञानिक अभियात्रिकी अध्ययन पीठ मे तथा बडोदा और वाल्टेयर (रासायनिक अभियात्रिकी विभाग मे दो बार) मे जैव प्रौद्योगिकी अध्ययन पीठ के भारतीय प्रौद्योगिकी शिक्षा अध्ययन पीठ मे व्याख्यान माला एव इण्डियन फार्मास्युटिकल काग्रेस, कलकत्ता मे "एप्लीकेशन ऑफ इम्मोबिलाइज्ड एन्जाइम्स इन फामास्युटिकल इन्डस्ट्री—भैषजीय उद्योग मे अचल क्षोभको का प्रयोग" पर समग्र व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित किए गए थे। उन्होने क्षेत्रीय अनुसन्धान प्रयोगशाला जम्मू मे ओद्योगिक खमीरीकरण

पर परिसवाद के एक सत्र तथा वाराणसी मे "भारत मे भैषजीय शिक्षा—सिहावलोकन एव आकॉक्षा" विषय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सेमीनार के सत्र की अध्यक्षता की। उन्होने वाल्टेयर मे इण्डियन फार्मास्युटिकल काग्रेस मे औद्योगिक भेषज विज्ञान और सूक्ष्म जीव विज्ञान सभाग एव प्रमुख भाषणो की अध्यक्षता की। वह कलकत्ता मे "उद्योग मे जैव प्रौद्योगिकीय प्रक्रियाये" विषयक सेमीनार मे एक सत्र के सह अध्यक्ष रहे। उन्होने जयपुर मे इण्डियन फार्मास्युटिकल काग्रेस मे खमीरीकरण प्रौद्योगिकी पर प्रथम सत्र का आयोजन एव सभापतित्व किया। वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् तथा पर्यावरण विभाग, भारत सरकार को प्रस्तुत शोध प्रायोजनाओ के लिए सदर्भ व्यक्ति रहे। दिसम्बर, 1990 ई मे मणिपुर मे आयोजित इण्डियन फार्मास्युटिकल काग्रेस के वार्षिक अधिवेशन मे वह जैव प्रौद्योगिकी सत्र के अध्यक्ष थे।

सदस्यता और सम्मान—डॉ मूर्ति देश मे भेषज विज्ञान सस्थाओ की कार्यप्रणाली के निरीक्षण एव प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए भारतीय भेषज विज्ञान परिषद् की ओर से निरीक्षक, आन्ध्र विश्वविद्यालय मे भेषज विज्ञान के पाठ्यक्रम मण्डल के अध्यक्ष तथा काकलीय विश्वविद्यालय, सम्बलपुर और गुलबर्गा विश्वविद्यालयो मे भेषज विज्ञान क पाठ्यक्रम मण्डल के सदस्य, बगलौर विश्वविद्यालय मे परीक्षक मण्डल के सदस्य, अन्य विश्वविद्यालयो और राष्ट्रीय प्रयोगशालाओ मे शैक्षिक कर्मचारियो एव वैज्ञानिको की चयन समितियो के सदस्य, जर्नल ऑफ माइक्रोबियल बॉयोटेक्नोलॉजी के सम्पादक मण्डल के सदस्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जैव प्रौद्योगिकी तथा भेषज विज्ञान समितियो एव सघ लोक सेवा आयोग चयन समितियो के सदस्य हैं। वह खमीरीकरण और सूक्ष्म जीव विज्ञान प्रकरणो सहित भेषज विज्ञान वर्ग के सभी विषयो मे स्नातक, स्नानकोत्तर एव पी एच डी स्तर पर कई विश्वविद्यालयो के परीक्षक है। वह आन्ध्र विश्वविद्यालय की शैक्षिक परिषद् के सदस्य, भारतीय भेषज विज्ञान अध्यापक सघ के परिषद् सदस्य तथा बाद मे उपाध्यक्ष एव अध्यक्ष, इण्डियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन के आन्ध्र राज्य स्कन्ध के सस्थापक मानद सचिव और कोषाध्यक्ष तथा बाद मे उपाध्यक्ष, आन्ध्र विश्वविद्यालय अध्यापक सघ के अध्यक्ष तथा आन्ध्रप्रदेश विश्वविद्यालय अध्यापक सघ के परिसघ के उपाध्यक्ष, आन्ध्रप्रदेश औषधि तकनीकी सलाहकार मण्डल के सदस्य, इण्डियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन की स्थानीय शाखा के अध्यक्ष, आन्ध्रप्रदेश विश्वविद्यालय, वाल्टेयर मे शोध छात्रो के छात्रावास के अध्यक्ष, एव उसकी आर्थिक स्थिरता मे योग दिया, तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रौद्योगिकी समिति के सदस्य रहे। उन्होने इण्डियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलनो मे

खमीरीकरण प्रौद्योगिकी (अब जैव प्रौद्योगिकी) को पृथक् सत्र के रूप मे प्रारम्भ करने की दिशा मे पहल की।

पता—उनका वर्तमान कार्यालयी पता इस प्रकार है—

प्रो के सम्बामूर्ति,
एम एस सी कैम टैक (फार्मेसी),
डी एस सी (आन्ध्र),
पी एच डी (बरमिघम),
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इमेरिटस फैलो एव
मुख्य अन्वेषक डी बी टी प्रायोजना,
भेषजीय विज्ञान विभाग, आन्ध्र विश्वविद्यालय,
वाल्टेयर, विशाखापत्तनम (आन्ध्रप्रदेश)-530003, भारत

उनका वर्तमान आवासीय पता इस प्रकार है—

9-19-9 बी, सी बी एम कम्पाउन्ड,
विशाखापत्तनम (आन्ध्रप्रदेश)-530003, भारत

❐

डॉ के एस चुघ

(1932 ई)

जन्म, परिवार एव शिक्षा—डॉ कृपालसिह चुघ का जन्म 12 दिसम्बर, 1932 ई को पजाब राज्य के अमृतसर जिले मे पट्टो नामक स्थान पर हुआ था। उनकी जीवन-सगिनी श्रीमती हरजीत चुघ कण्ठ सगीत विषय मे व्याख्याता हैं। उनके मिनिआपोलिस, यू एस ए मे कार्यरत डॉ सुमीत चुघ एम डी और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ मे कार्यरत डॉ सुमन्त चुघ एम डी नामक दो पुत्र हैं।

प्रो चुघ एम बी बी एस , एम डी , एफ ए सी पी , एफ ए एम एस ओर एफ आई सी एस हैं।

व्यावसायिक जीवन—डॉ के एस चुघ भूतपूर्व, अध्यक्ष, भेषज विज्ञान विभाग औ़ प्रोफेसर तथा अध्यक्ष, वृक्क (गुर्दा) विज्ञान विभाग एव उप-अधिष्ठाता स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ-160012, (भारत) विश्वविख्यात चिकित्सक एव वृक्क विज्ञानी हैं। वह इस पद पर सन् 1980 ई से 31 दिसम्बर, 1992 ई तक कार्यरत रहे।

पता—उनका आवासीय पता निम्नलिखित है—

डॉ के एस चुघ,
58, सेक्टर 5, चडीगढ-160005, भारत

देन—उनकी मुख्य देन गुर्दा सम्बन्धी औषधि के क्षेत्र मे है जिसमे उष्ण कटिबन्धीय देशो मे विषम गुर्दा सम्बन्धी विफलता के स्वरूप, सॉप के काटने से गुर्दा सम्बन्धी चोटो (घावो) के रोगवर्धन, उष्णकटिबन्धीय सक्रामक रोगो जैसे कुष्ठ रोग, क्षय रोग और पट्ट कृमियो की वश वृद्धि से सम्बद्ध गुर्दा सम्बन्धी रोग, गुर्दा सम्बन्धी स्टार्चोपम (माडी सदृश) अन्तर्कोशिका जमाव, भारत मे नवयुवको मे ताकायासु के धमनी शोथ के कारण गुर्दावाहिनी सम्बन्धी उच्च रक्त चाप गुर्दा सम्बन्धी रोग से सम्बद्ध गर्भावस्था आदि सम्मलित हैं।

सम्मान और पुरस्कार—डॉ चुघ ने विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय सस्थाओ मे पद धारण किए है। वह एशियन पैसिफिक सासायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के अध्यक्ष ह। वह 1975 ई मे एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष तथा 1978 ई मे इण्डियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स तथा इण्डियन सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के अध्यक्ष रहे। वह इन्टरनेशनल सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के सदस्य हे। वह 19 अन्तर्राष्ट्रीय काग्रेसो में वैज्ञानिक सत्रो का मभापतित्व कर चुके है तथा विश्वभर मे कई विश्वविद्यालयो मे विजिटिग प्रोफेसर के पद पर कार्य कर चुके है। वह 'उष्ण कटिबन्धीय गुर्दा सम्बन्धी रोग के वर्गीकरण' पर विश्व स्वास्थ्य सगठन परामर्शदात्री समिति के सदस्य रह चुके है। अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वृक्क विज्ञानी डॉ के एस चुघ को 5 से 9 दिसम्बर, 1995 ई तक हागका‌ग मे 5 दिन तक आयोजित छठी एशियन पैसिफिक काग्रेस ऑफ नेफ्रोलॉजी की अन्तर्राष्ट्रीय काग्रेस की अध्यक्षता करने का विशिष्ट गौरव प्राप्त हुआ। उन्होने "रिनोवेस्क्यूलर हायपरटेन्शन एमन्ग दि एशियन पॉपूलेशन (removascular hypertension among the Asian population) —एशियावासियो मे गुर्दा सवहनी उच्च रक्त चाप" विषय पर अतिथि-भाषण प्रसारित किया।

डॉ चुघ सर्वाधिक गौरवमय डॉ बी सी रॉय राष्ट्रीय 'प्रमुख चिकित्सा विज्ञानी 1991' पुरस्कार तथा अन्य 20 राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। वह अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजीशियन्स की मानद फैलोशिप प्राप्त करने वाले एकमात्र भारतीय और प्रथम एशियाई वृक्क विज्ञानी है, जिन्हे किडनी इन्टरनेशनल ने नेफ्रोलॉजी फोरम पुरस्कार प्रदान किया तथा यू एस ए के राष्ट्रीय वृक्क फाउन्डेशन ने विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। वह डॉ बी सी राय राष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद के दो पुरस्कारो वरिष्ठ राष्ट्रकुल पुरस्कार (इग्लैंड), राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी का ग्लैक्सो भाषण पुरस्कार, 1979 ई मे निहोन विश्वविद्यालय, टोक्यो, जापान का स्वर्ण पदक पुरस्कार, 1977 ई मे एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इण्डिया का जॉर्ज कोइल्हो स्मृति पुरस्कार, 1976 इ मे इण्डियन सोसायटी ऑफ नेफ्रालॉजी का बी एल खुल्लर स्वर्ण पदक तथा कई अन्य पुरस्कार पाने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं। उन्होने 1975 ई मे सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा मे विश्वविद्यालय विस्तार व्याख्याता, 1973 ई मे चिकित्सा विज्ञान सस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय मे, 1977 इ मे उल्म विश्वविद्यालय पश्चिमी जर्मनी तथा चार्ल्स चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, प्राग मे विजिटिग प्रोफेसर के पद पर कार्य सम्पन्न किया था। उन्होने 1970 ई मे के बी कुँवर स्मृति पुरस्कार 1976 इ मे एम डी अदातिया पुरस्कार तथा 1975 ई मे मोतशॉ

स्मृति पुरस्कार प्राप्त किया था। वह 1978 ई मे सयुक्त राज्य विश्वविद्यालयो मे, 1979 ई मे ताइवान और जापान क विश्वविद्यालयो मे विजिटिंग लेक्चरार के पद पर कार्यरत रहे। रविवार, 7 नवम्बर, 1993 ई को महाराष्ट्र के राज्यपाल डॉ पी सी अलैक्जैडर ने गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ के एस चुघ को बम्बई मे एक समारोह मे 'धनवन्तरि पुरस्कार' से सम्मानित किया। उन्हे एक प्रशस्ति-पत्र भी भेट किया गया था।

डॉ चुघ भारत मे वृक्क विज्ञान के जनक माने जाते हैं।

प्रकाशन—उनके 295 लेख राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे प्रकाशित हुए है तथा उन्होने 16 पुस्तको (10 अन्तर्राष्ट्रीय) मे अध्याय लिखे हैं। वह उष्ण कटिबन्धीय गुर्दा सम्बन्धी रोग के वर्गीकरण पर विश्व स्वास्थ्य सगठन की पुस्तको के सह-सम्पादक, एशियाई प्रशान्त क्षेत्र के चिकित्सको के लिए वृक्क विज्ञान की पाठ्यपुस्तक, चिकित्सा विज्ञान की एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इण्डिया की पाठ्यपुस्तक के एसोसिएट सम्पादक, पोस्ट ग्रेजुएट मेडिसन के सम्पादक, 1972 इ से जर्नल ऑफ एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इण्डिया के एसोशिएट सम्पादक, इण्डियन जर्नल ऑफ नेफ्रोलोजी के सम्पादक और इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ आर्टिफिशिअल इन्टरनल ऑर्गन्स, रेनल फेल्योर (यू एस ए), किडनी (यू एस ए), और जर्नल ऑफ नेशनल एकेडेमी ऑफ मेडिकल साइन्सेज ऑफ इण्डिया के सम्पादक मण्डल के सदस्य हैं। उन्होने अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो और पुस्तको मे कई आमन्त्रित सम्पादकीय और लेख लिखे है।

सदस्यता आदि—वह इण्डियन सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के सस्थापक और उसके सस्थापक सचिव भी है। उन्होने 1969 ई मे स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ मे भारत मे वृक्क विज्ञान का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया था तथा भारत मे 70ब से अधिक वृक्क विज्ञानियो को प्रशिक्षित करने का श्रेय उन्हे है।

वह राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी की कौंसिल के सदस्य, भारतीय चिकित्सा परिषद् की कार्यकारिणी के सदस्य तथा राष्ट्रीय परीक्षा मण्डल की वृक्क विज्ञान विशेषज्ञ समिति के सयोजक है। वह वृक्क विज्ञान सोसायटी, इन्स्टीट्यूशन ऑफ साइन्स ऑफ नेफ्रोलॉजी, एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इण्डिया और यूरोपियन डायलिसिस तथा ट्रान्सप्लान्ट एसोसिएशन के सलाहकार मण्डल के सदस्य है।

❐

डॉ आर के करौली

(1934 ई)

जन्म एव शिक्षा—डॉ राम कुमार करौली का जन्म 5 जुलाई, 1934 ई को उत्तर प्रदेश के जिला मुख्यालय बुलन्दशहर नामक नगर मे हुआ था। उन्होने मेरठ, लखनऊ और सयुक्त राज्य अमेरिका मे शिक्षा प्राप्त की। उन्होने एम बी बी एस और एम डी (भेषज) परीक्षाये उत्तीर्ण की।

व्यावसायिक जीवन—डॉ करौली भूतपूर्व अध्यक्ष, काय चिकिन्सा एव हृदय रोग विज्ञान विभाग, विलिगडन (अब डॉ राम मनोहर लोहिया) चिकित्सालय नई दिल्ली, भारत के चार राष्ट्रपतियो के चिकित्सक, एम डी काय चिकित्सा एव हृदय रोग विज्ञान स्नातकोत्तर प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय, लिगामेन्ट (कोरोनरी) हृदय रोग प्रभारी चिकित्सक, चिकित्सालय एव लिगामेन्ट देखरेख इकाई, डॉ राम मनोहर लोहिया (विलिगडन) चिकित्सालय, नई दिल्ली रहे। सम्प्रति वह दिल्ली विश्वविद्यालय मे हृदय रोग के प्राध्यापक हैं।

पता—उनका वर्तमान आवासीय पता है—

डॉ आर के करौली
9, गुरुद्वारा रकाबगज रोड, नइ दिल्ली
उनका स्थायी आवासोय ओर विकित्सालयीय पता हे—
कार्डिक स्ट्रेस इवेल्यूएशन सेटर
सी-587, न्यू फ्रेन्डम कॉलोनी, नई दिल्ली

सदस्यता और फैलोशिप—डॉ करोली कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इण्डिया के आजीवन सदस्य हैं। वह एफ एन सी सी पी और एफ सी सी पी (यृ ए ए) हें।

सम्मान और पुरस्कार—डॉ करौली अध्यक्ष काय चिकित्सा एव हृदय रोग विज्ञान अनुसन्धान समिति डॉ राममनोहर लाहिया (विलिगडन) चिकित्मालय नइ दिल्ली, अध्यक्ष, केन्द्रीय काय चिकित्मा मण्डल, डॉ राम मनोहर लोहिया (विलिगडन) चिकित्सालय, नई दिल्ली और मुख्य परामशद, द्वितीय काय चिकित्सा परामर्श, भाग्त सरकार रहे। वह हृदय रोग विज्ञान मे उल्लेखनीय अनम्न्धान क उपलक्ष

मे दो राष्ट्रीय पुरस्कारो—पद्मश्री सन् 1969 ई और पद्म भूषण सन् 1974 ई से अलकृत किये गए। वर्तमान मे वह ए टी सी , एच आई एल ,एम एम टी सी , भेल आदि के हृदय रोग परामर्शद है। वह एक वरिष्ठ हृदय रोग परामर्शद है।

प्रकाशन—हृदय रोग के विषय मे डॉ करौली के 52 से अधिक मौलिक शोध-पत्र भारतीय और विदेशी हृदय रोग सम्बन्धी पत्रिकाओ मे प्रकाशित हो चुके है 'कादम्बिनी' नामक पत्रिका मे उनके लेख प्रकाशित होते रहते है, जैसे—दिल क दौरा क्यो ?

❒

डॉ एन सिह

(1935 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ नरेन्द्र सिह का जन्म 1 जुलाई, 1935 ई को उत्तरप्रदेश के आजमगढ जिले मे कामहेनपुर नामक गॉव मे हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री ठाकुर शत्रुघ्न सिह व्यवसाय से वकील थे ओर इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक (बी ए) और एल एल बी थे। सन् 1952 इ मे उनका निधन हो गया। उनकी माता श्रीमती सूर्य दवी गृहिणी हे और अभी जीवित हे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी गृहिणी हे और उनसे उनके दो पुत्रियॉ उत्पन्न हुई हैं। उनकी पहली पुत्री श्रीमती अनिता सिह का विवाह भारतीय नौ सेना के लेफ्टिनेट कमान्डर श्री विनय सिह के साथ हुआ है। उसने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से इतिहास विषय मे एम ए किया। छोटी पुत्री श्रीमती अनुभासिह बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से जैव चिकित्सा विज्ञान मे पी एच डी है। उसका विवाह चडीगढ मे प्रोफेसर एस के कॅवर के साथ हुआ है, जो अनुसन्धान कर रहे हैं। डॉ एन सिह का भ्राता अपनी पत्नी और बच्चो और अपनी माता और उनके परिवार के साथ अपने पैतृक निवास स्थान मे सयुक्त परिवार के रूप मे रहते हैं।

शैक्षिक जीवन—डॉ सिह ने कृषि विषय मे विशेष योग्यता सहित यू पी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी मे 1950 ई मे उत्तीर्ण की। उन्होने यू पी बोर्ड की इन्टर विज्ञान परीक्षा इविग क्रिश्चियन कॉलेज, इलाहाबाद से द्वितीय श्रेणी मे 1952 ई मे उत्तीर्ण की। वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विज्ञान के स्नातक बने और 1954 ई मे द्वितीय श्रेणी मे बी एस सी की उपाधि प्राप्त की। तत्पश्चात् उन्हाने चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा मे प्रवेश प्राप्त किया और आगरा विश्वविद्यालय से 58ब अक सहित एम बी बी एस की उपाधि 1959 ई मे प्राप्त की। 1967 ई मे उन्हे किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ द्वारा डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (औषधि विज्ञान मे एम डी) की उपाधि प्रदान की गई।

व्यावसायिक जीवन—एम डी उपाधि प्राप्त करने के उपरान्त डॉ सिह ने सशस्त्र सैन्य चिकित्सा सेवा मे कार्यभार ग्रहण किया। लेकिन पारिवारिक परिस्थितिया के कारण अत्यधिक दयावान आधार पर सेना से मुक्ति प्राप्त की। तदुपरान्त उन्होने

1 जनवरी, 1965 ई को किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय के औषधि विज्ञान एव चिकित्सा विज्ञान विभाग मे कार्य भार ग्रहण किया। ऐसा उन्होने विशेषत आयुर्वेदिक मूल के औषधीय पौधो की औषधियो पर अपने गहन अनुसन्धान कार्य के कारण किया था। तब से वह वहीं निरन्तर ेजारत है। इसके अतिरिक्त उन्होने क्षेत्रीय आयुर्वेद सस्थान (केन्द्रीय आयुर्वेद एव सिद्ध अनुसन्धान परिषद्, स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण मत्रालय, भारत सरकार के अधीन) लखनऊ का पद भार भी सँभाल लिया है। यह एक चिकित्सालय एव अनुसन्धान सस्थान है।

पता—उनका वर्तमान पता निम्नाकित हैं—

डॉ एन सिह एम डी, एफ आई सी एन, एफ आई सी एस
औषधि विज्ञान एव चिकित्सा विभाग,
किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय,
लखनऊ-226003, यू पी, भारत एव
प्रभारी, क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसन्धान सस्थान
(केन्द्रीय आयुर्वेद एव सिद्ध अनुसन्धान परिषद, भारत सरकार),
474/6, सीतापुर रोड, लखनऊ-226020

अनुसन्धान कार्य, प्रकाशन और यात्राये—अपने लगभग 31 वर्ष के अनुसन्धान कार्य की अवधि मे उन्होने विख्यात राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे लगभग 200 शोध-पत्र प्रकाशित किये हैं। उनके द्वारा आविष्कृत औषधियॉ अधिकॉशत दबाव रोगो, हृदय रोगो और जोडो के रोगो (सन्धि शोथ और अस्थि सधि-शोथ) के लिए प्रभावकारी है। उनके कार्य की देश मे भूरि-भूरि प्रशसा की गई है। वह कई देशो—ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्वीडन, हॉलैण्ड, स्विट्जरलैण्ड, फ्रान्स, ऑस्ट्रेलिया, बैंकाक, हागकाग और सिगापुर की यात्रा कर चुके है और अपने कार्य को इन देशो मे विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो मे प्रस्तुत किया है। अपने अनुसन्धान कार्य के विषय मे उन्हे इन देशो से अच्छा उत्तर और प्रोत्साहन मिला है। फिर भी कुछ अवर्णनीय कारणो से सम्पूर्ण कार्य उचित रूप मे नही लिया गया है और वह सदैव इस तथ्य के बावजूद उपेक्षित रहे कि औषधीय पादप अनुसन्धान के क्षेत्र मे वह सम्पूर्ण देश मे अथवा विदेश मे भी किसी से दूसरे स्थान पर नही है। फिर भी इस दिशा म मीडिया (समाचार-पत्रो, पत्रिका और स्वास्थ्य पत्रिका) ने उनके अनुसन्धान कार्य को व्यापक स्थान दिया है।

सदस्यता, फैलोशिप आदि—डॉ सिह 1988 ई से इन्टरनेशनल सोसायटी ऑफ हर्बल मेडिसिन लखनऊ, भारत के अध्यक्ष है। वह 1985 से 1987 ई तक

इण्डियन फार्माकोलॉजिकल सोसायटी के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धो के सचिव रहे। वह राष्ट्रीय और कई एशियाइ और विश्व सम्मेलनो के अध्यक्ष रहे है। वह 1985 इ मे इण्डियन जर्नल ऑफ फार्माकालॉजीकिल मे तीन वर्षो मे सर्वश्रेष्ठ पत्र के लिए मुखर्जी पुरस्कार (इण्डियन फार्माकोलॉजीकल सोसायटी) के निर्णायक थे। वह चिकित्सकीय औषधि विज्ञान के लिए यू के शेठ पुरस्कार (इण्डियन फार्माकोलॉजिकल सोसायटी) के निर्णायक रह चुके हैं। उन्होने किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ मे न्यूरोफार्माकोलॉजी मे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का सचालन किया। उन्होने डॉ डी घोष अनुसन्धान अधिकारी, फार्माकोलॉजी, सी सी आर ए एस , मद्रास के लिए फार्माकोलॉजी मे व्यापक प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। वह सोसायटी फॉर रिसर्च ऑन मेडिसिनल प्लान्टस, पश्चिमी जर्मनी की साधारण सभा के सदस्य हैं। वह इन्टरनेशनल सोसायटी फॉर हार्ट रिसर्च, इण्डियन फार्माकोलॉजीकल सोसायटी ओर एशियन फेडरेशन ऑफ क्लिनिकल फार्माकोलॉजिस्ट के सदस्य हैं। वह इन्टरनेशनल कॉलेज ऑफ नूट्रिशन के फैलो (एफ आई सी एन) हैं। वह इन्टरनशनल सोसायटी फॉर हर्बल मेडिसिन, फार्माकोलॉजी विभाग, के जी चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ के अध्यक्ष हैं।

सम्मान और पुरस्कार—डॉ सिह को निम्नाकित पुस्तको मे उद्धृत किए जाने का सम्मान प्राप्त है—

1 "मेडिसिनल प्लान्टस" खण्ड 1, लेखक विमल रामलिगम, एन सिह और एच सी मित्तर ऐट अल, 1974, मैसर्स इन्फोर्मेशन कार्पोरेशन, न्यूयार्क, यू एस ए द्वारा प्रकाशित।

2 "मेडिसिनल प्लान्टस ऑफ इण्डिया", 1970, भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित।

3 "बिबिलिओग्राफी ऑफ इन्वेस्टीगेटेड मेडिसिनल प्लान्टस" लेखक एम ए आयगर, 1976, मणिपाल प्रेस, भारत।

4 करैन्ट रिसर्च इन फार्माकोलॉजी इन इण्डिया (1975-82), इण्डियन नेशनल साइन्स एकेडेमी, नई दिल्ली, 1984 फार्माकोलॉजी ऑफ मेडिसिनल प्लान्टस मे, पृष्ठ 119-146

डॉ सिह को भारतीय चिकित्सा और होम्पयोपैथी केन्द्रीय अनुसन्धान परिषद् द्वारा वैज्ञानिक पुरस्कार 1973 प्रदान किया गया था।

उन्हे हेब्रू विश्वविद्यालय, हेडासस मेडिकल स्कूल द्वारा वर्ष 1971 मे प्रो एफ बर्गमेन के अधीन रक्त चाप के केन्द्रीय नियत्रण की समस्याओ पर कार्य करने के लिए इन्टरनेशनल ब्रेन रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन की फैलोशिप प्रदान की गई थी।

1 जनवरी, 1965 ई को किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय के औषधि विज्ञान एव चिकित्सा विज्ञान विभाग मे कार्य भार ग्रहण किया। ऐसा उन्होने विशेषत आयुर्वेदिक मूल के औषधीय पौधो की औषधियो पर अपने गहन अनुसन्धान कार्य के कारण किया था। तब से वह वही निरन्तर ेजारत है। इसके अतिरिक्त उन्होने क्षेत्रीय आयुर्वेद सस्थान (केन्द्रीय आयुर्वेद एव सिद्ध अनुसन्धान परिषद्, स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण मत्रालय, भारत सरकार के अधीन) लखनऊ का पद भार भी सॅभाल लिया है। यह एक चिकित्सालय एव अनुसन्धान सस्थान है।

पता—उनका वर्तमान पता निम्नाकित हैं—

डॉ एन सिह एम डी, एफ आई सी एन, एफ आई सी एस
औषधि विज्ञान एव चिकित्सा विभाग,
किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय,
लखनऊ-226003, यू पी, भारत एव
प्रभारी, क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसन्धान सस्थान
(केन्द्रीय आयुर्वेद एव सिद्ध अनुसन्धान परिषद, भारत सरकार),
474/6, सीतापुर रोड, लखनऊ-226020

अनुसन्धान कार्य, प्रकाशन और यात्राये—अपने लगभग 31 वर्ष के अनुसन्धान कार्य की अवधि मे उन्होने विख्यात राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे लगभग 200 शोध-पत्र प्रकाशित किये हैं। उनके द्वारा आविष्कृत औषधियॉ अधिकॉशत दबाव रोगो, हृदय रोगो और जोडो के रोगो (सन्धि शोथ और अस्थि सधि-शोथ) के लिए प्रभावकारी हैं। उनके कार्य की देश मे भूरि-भूरि प्रशसा की गई है। वह कई देशो—ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्वीडन, हॉलैण्ड, स्विट्जरलैण्ड, फ्रान्स, ऑस्ट्रेलिया, बैंकाक, हागकाग और सिगापुर की यात्रा कर चुके हैं और अपने कार्य को इन देशो मे विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो मे प्रस्तुत किया है। अपने अनुसन्धान कार्य के विषय मे उन्हे इन देशो से अच्छा उत्तर और प्रोत्साहन मिला है। फिर भी कुछ अवर्णनीय कारणो से सम्पूर्ण कार्य उचित रूप मे नही लिया गया है और वह सदैव इस तथ्य के बावजूद उपेक्षित रहे कि औषधीय पादप अनुसन्धान के क्षेत्र मे वह सम्पूर्ण देश मे अथवा विदेश मे भी किसी से दूससे स्थान पर नही है। फिर भी इस दिशा म मीडिया (समाचार-पत्रो, पत्रिका और स्वास्थ्य पत्रिका) ने उनके अनुसन्धान कार्य को व्यापक स्थान दिया है।

सदस्यता, फैलोशिप आदि—डॉ सिह 1988 ई से इन्टरनेशनल सोसायटी ऑफ हर्बल मेडिसिन लखनऊ, भारत के अध्यक्ष है। वह 1985 से 1987 ई तक

इण्डियन फार्माकोलॉजिकल सोसायटी के अन्तराष्ट्रीय सम्बन्धा के सचिव रहे। वह राष्ट्रीय और कई एशियाई ओर विश्व सम्मेलनो के अध्यक्ष रहे हे। वह 1985 ई मे इण्डियन जर्नल ऑफ फार्माकालॉजीकिल मे तीन वर्षो मे सवश्रेष्ठ पत्र के लिए मुखर्जी पुरस्कार (इण्डियन फार्माकोलॉजीकल सोसायटी) के निर्णायक थे। वह चिकित्सकीय औषधि विज्ञान के लिए यू के शेठ पुरस्कार (इण्डियन फार्माकोलॉजिकल सोसायटी) के निर्णायक रह चुके हैं। उन्होने किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ मे न्यूरोफार्माकोलॉजी मे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का सचालन किया। उन्होने डॉ डी घोष, अनुसन्धान अधिकारी, फार्माकोलॉजी, सी सी आर ए एस , मद्रास के लिए फार्माकोलॉजी मे व्यापक प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। वह सोसायटी फॉर रिसर्च ऑन मेडिसिनल प्लान्टस, पश्चिमी जर्मनी की साधारण सभा के सदस्य हैं। वह इन्टरनेशनल सोसायटी फॉर हार्ट रिसर्च, इण्डियन फार्माकोलॉजीकल सोसायटी और एशियन फेडरेशन ऑफ क्लिनिकल फार्माकोलॉजिस्ट के सदस्य हैं। वह इन्टरनेशनल कॉलेज ऑफ नूट्रिशन के फैलो (एफ आई सी एन) हे। वह इन्टरनेशनल सोसायटी फॉर हर्बल मेडिसिन, फार्माकोलॉजी विभाग, के जी चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ के अध्यक्ष हैं।

सम्मान और पुरस्कार—डॉ सिह को निम्नाकित पुस्तको मे उद्धृत किए जाने का सम्मान प्राप्त है—

1 "मेडिसिनल प्लान्टस" खण्ड 1, लेखक विमल रामलिगम, एन सिह और एच सी मित्तर ऐट अल, 1974, मैसर्स इन्फोर्मेशन कार्पोरेशन, न्यूयार्क, यू एस ए द्वारा प्रकाशित।

2 "मेडिसिनल प्लान्टस ऑफ इण्डिया", 1976, भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित।

3 "बिबिलिओग्राफी ऑफ इन्वेस्टीगेटेड मेडिसिनल प्लान्टस" लेखक एम ए आयगर, 1976, मणिपाल प्रेस, भारत।

4 करैन्ट रिसर्च इन फार्माकोलॉजी इन इण्डिया (1975-82), इण्डियन नेशनल साइन्स एकेडेमी, नई दिल्ली, 1984 फार्माकोलॉजी ऑफ मेडिसिनल प्लान्टस मे, पृष्ठ 119-146

डॉ सिह को भारतीय चिकित्सा और होम्पयोपैथी केन्द्रीय अनुसन्धान परिषद् द्वारा वैज्ञानिक पुरस्कार 1973 प्रदान किया गया था।

उन्हे हेब्रू विश्वविद्यालय, हेडासस मेडिकल स्कूल द्वारा वर्ष 1971 मे प्रो एफ बर्गमेन के अधीन रक्त चाप के केन्द्रीय नियत्रण की समस्याओ पर कार्य करने के लिए इन्टरनेशनल ब्रेन रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन की फैलोशिप प्रदान की गई थी।

मेडिसिनल प्लान्टस सोसायटी के तीसवे अधिवेशन द्वारा डॉ सिह को आमत्रित किया गया था और उन्होने जुलाई, 1982 ई मे ग्राज, ऑस्ट्रिया (यूरोप) मे "एण्टी-स्ट्रैस प्लान्ट ड्रग्स-ए न्यू एप्रोच इन दि ट्रीटमेट ऑफ स्ट्रैस-डिजीज" पर अपना पत्र प्रस्तुत किया था। जनवरी, 1984 ई मे उन्हे साउथ ईस्ट एशिया एण्ड पैसिफिक लीग काग्रेस ऑफ रिह्यू मैटोलॉजी द्वारा बैकाक, थाइलैड मे आमत्रित किया गया था। जुलाई-अगस्त, 1986 ई मे उन्हे क्लिनिकल फार्मोकोलॉजी एण्ड थेराप्योटिक्स, स्टॉकहोम (स्वीडन) के तृतीय विश्व सम्मेलन मे आमत्रित किया गया था। सन् 1987 ई मे उन्होने फार्माकोलॉजी की दसवी अन्तर्राष्ट्रीय काग्रेस, सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) मे भाग लिया था। सितम्बर, सन् 1988 ई मे उन्होने सोसायटी फॉर मेडिसिनल प्लान्ट रिसर्च के 36वे वार्षिक सम्मेलन मे फ्रेइबर्ग, पश्चिमी जर्मनी मे भी भाग लिया था। सन् 1989 ई मे वह चतुर्थ विश्व काग्रेस फार्माकोलॉजी इन्टरनेशनल, प्राग (चैकोस्लोवाकिया) मे उपग्रह परिसवाद मे अतिथि-वक्ता थे। डॉ सिह निम्नाकित जर्नलो के सदर्भ व्यक्ति हैं—

(1) इण्डियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च,

(2) इण्डियन जर्नल ऑफ फार्माकोलॉजी,

(3) जर्नल ऑफ रिसर्च इन आयुर्वेद एण्ड सिद्ध,

(4) बुलेटिन ऑफ मेडिको-एथनो बोटेनिकल रिसर्च।

19 से 21 फरवरी, 1993 ई तक लखनऊ मे आयोजित "करेट बॉयो-टेक्नोलॉजीकल ट्रेन्डस इन मिडिसनल प्लान्ट रिसर्च" के राष्ट्रीय सम्मेलन के वह अध्यक्ष रहे। अपने अध्यक्षीय भाषण के अलावा उन्होने तीन पत्र प्रस्तुत किए।

पेटेन्ट—डॉ सिह ने 'टिचर ऑफ नेरियम इन्डीकम (Tıncture of Nerıum Indıcum)' का पेटेन्ट प्राप्त किया है। इसका प्रयोग बहुत सफलता के साथ डिगिटेलिस निर्मित औषधियो के स्थान पर रक्त सकुलनीय (congestıve) हृदय अवरोध के रोगियो पर किया जा रहा है।

अनुसन्धान कार्य का पर्यवेक्षण एव मार्गदर्शन—सन् 1976 ई मे डॉ सिह ने लखनऊ विश्वविद्यालय की फार्माकोलॉजी मे एम डी उपाधि हेतु सहायक अनुसन्धान अधिकारी डॉ एस पी सिह के "रिसर्च फॉर इफेक्टिव एण्टी-फर्टिलिटी एजेन्टस फ्रोम इन्डीजीनस प्लान्टस सोर्सेज" शीर्षक शोध-प्रबन्ध का मार्गदर्शन किया था। सन् 1981 ई मे उन्होने फार्माकोलॉजी मे एम डी उपाधि प्रदान करने के लिए "एण्टी-स्ट्रैस इफैक्ट ऑफ 'केनाबिस इन्डिका' पर फार्माकोलॉजी मे प्रदर्शक

(डिमोन्सट्रेटर) डॉ प्रदीप कुमार के शोध-प्रबन्ध का मागदर्शन किया था। उन्होने फार्माकोलॉजी मे प्रदर्शक डॉ वी एस तोमर के 'वक ऑन एण्टी-स्ट्रेस प्लान्ट ड्रग्स' का पर्यवेक्षण किया था। वह ''फार्माकोलॉजी ऑफ स्ट्रेस'' विषय पर एम डी उपाधि प्रदान करने के लिए 1984 इ मे फामाकोलॉजी मे प्रदशक डॉ ए के श्रीवास्तव एम बी बी एस के मार्गदर्शक रहे। वह 1984 ई मे डेक्सामेथासोन सप्रेशन टेस्ट एण्ड ट्राइसाइक्लिक रिस्पोन्स इन मेजर डिप्रैम' शीषक ''साइकेइटरी'' मे एम डी के लिए डॉ राम गुलाम के शाध-प्रबन्ध के मार्गदर्शक थे। सन् 1987 इ मे उन्होने एण्टीस्ट्रेस न्योरोसिटी पर फार्माकोलॉजी मे एम डी हेतु सतपाल सिह के शोध-प्रबन्ध का मार्गदर्शन किया था।

उन्होने (1) डिपेन्डेस लाइबिलिटी ऑफ मेथाग्नालॉन 1975-76, (2) एन एक्सपेरीमेटल इवेल्यूएशन ऑफ सम साइकोट्रोपिक ड्रग्स 1976-78, (3) क्लिनिकल ट्रायल्स ऑफ टिचर ऑफ नेरियम इन्डीकम इन पेशेन्टस ऑफ कन्जेस्टिव हार्ट फल्योर सिन्स 1974, (4) राज्य विज्ञान ओर औद्योगिक परिषद् द्वारा डॉ नित्यानन्द पूर्व निदेशक, केन्द्रीय औषधि अनुसन्धान सस्थान, लखनऊ के सयुक्त तत्त्वावधान मे सचालित इवेल्यूएशन ऑफ एण्टी वायरल इफैक्टस ऑफ इन्डीजीनस प्लान्ट 'एडेप्टोज्नस' पर अनुसन्धान योजनाओ का पर्यवेक्षण किया था।

प्रमुख खोजे—निम्नाकित की सर्वप्रथम खोज करने का श्रेय डॉ सिह को है—

1 कार्डियो-टॉनिक एक्टिविटी ऑफ नेरियम इन्डीकम।

2 ड्रग डिपेन्डेस लाइबिलिटी ऑफ मेथा क्यूएलॉन, मेन्ड्रेक्स एण्ड केन्नाविस इन्डीका।

3 एडेप्टोजेनिक (एण्टी स्ट्रेस) प्रोपर्टीज इन ओसीकम सैंकटम (तुलमी) विथानिआ सोनीफेरा (अश्वगन्ध) एण्ड अल्टीन्गिआ एक्सेल्सा (सिलारस)।

4 3/2 रिसेप्टर्स इन कोरोनरी आर्टिरीज।

5 एण्टी-अरहि थमिक प्रोपर्टीज इन क्विनाजोलान्स।

6 हाइपोथेसिस ऑफ एण्टी-स्ट्रेस प्लान्ट ड्रग्स (आयुर्वेदिक औषधियॉ)

7 एन्टी ट्यूमर प्रोपर्टीज इन विथानिया सोमनिफेरा थ्रू इटस एडेप्टोजेनिक एण्ड इम्मूनोमोडूलेटर एक्शन्स (ए न्यू एप्रोच फॉर एण्टी-ट्यूमोरेजिनिक इफेक्ट ऑफ प्लाट ड्रग्स)

8 क्लिनिकल यूजफुलनेस ऑफ मेलिया एजाडिराक्टे इन स्किन डिजीजेज एण्ड एसकारिएसिस।

9 एण्टी-इनफलेमैटरी, एण्टीपायरेटिक एण्डरिहूमेटिक एक्टिविटी ऑफ साइपेरस रोटुन्डस एण्ड विथानिया सोम्नीफेरा।

10 दि एण्टी-आर्थरिटिक इफैक्ट ऑफ साइपेरस रोटुनस एण्ड विथान्यिा सोम्नीफेरा (क्लिनिकल ट्रायल)

11 एण्टी-एस्थमेटिक इफेक्ट ऑफ इनूला रेसमोसा (क्लिनिकल ट्रायल)

इनके अतिरिक्त, पादप औषधि और आधारभूत औषधि विज्ञान के अनुसन्धान पर अन्य अनुसन्धान कार्य को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हो गई है।

अनुभव—डॉ सिह को चिकित्सकीय, अनुसन्धान एव अध्यापन का 33 वर्ष से अधिक का अनुभव है। वह प्रयोगात्मक प्रविधियो मे पारगत है, जैसे—

1 **सामान्य औषधि विज्ञान**—वह निद्राजनक, शान्तिदायक, दर्द-मोचक, उत्तेजना प्रतिरोधक, ज्वर प्रतिरोधक और अन्य औषधि विज्ञान सम्बन्धी प्रवृत्तियो के लिए प्रयुक्त प्रामाणिक प्रविधियो द्वारा पादप और सिन्थेटिक उत्पत्ति के पदार्थो के औषधि विज्ञान के परीक्षण मे कार्यरत हे।

2 **विशिष्ट प्रविधियॉ**—(1) कुत्तो मे हृदय-फेफडे का निर्माण, (11) विच्छेदित सिर, विच्छेदित पिछले भाग और रक्त नलिका को पानी से तर करना की तरह समपार-रक्त परिभ्रमण के प्रयोग, **जल से तर करने की लगातार गति के लिए सिगमा (C के आकार की रचना) मोटर पम्प का प्रयोग करते** हुए। विच्छेदित सिर का प्रयोग मुख्यतया औषधियो के' केन्द्रीय प्रभाव को प्रमाणित करने के लिए किया जाता हैं। (इस प्रविधि को भारत मे स्थापित करने वाले प्रथम व्यक्ति)

3 विभिन्न पारम्परिक विधियो द्वारा एव एकोनीटाइन (मीठा तैलिया या वत्सनाभ नामक पौधे का क्रियाशील तत्त्व) क केन्द्रीय प्रयोग द्वारा भी प्रयोगात्मक हृदय सम्बन्धी लयहीनता।

4 इन्ट्रासेरेब्रो वेन्ट्रीकूलर (आई सी वी), सुषुम्ना सम्बन्धी दबाव (स्पाइनल कम्प्रेशन), वैसोमोटर रिसपोन्स (एस सी वी आर) प्रविधियो द्वारा सी वी एस से सम्बद्ध न्यूरोफार्माकोलॉजीकल कार्य।

5 औषधियो के बाद कैटीकोलेमाइन स्तरो पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए रक्त सग्रह हनु एडिनल शिराओ का लम्बा नलिकाकार यत्र को शरीर मे डालने का प्रयाग (कैनूलेशन)।

6 प्रयोगात्मक प्रतिदर्शो मे ओषधि निर्भरता का अध्ययन।

7 प्रयागात्मक प्रतिदश जहॉ दबाव-उत्तेजित प्रभावो को अकित किया नाता है अथात् चूहो म नियन्त्रित अलसर (अत्रनली का फाडा)।

8 मानवीय विषयो मे चिकित्सकाय ओषधि विज्ञान सम्बन्धी अध्ययन।

पाठ्येत्तर प्रवृत्तियॉ—डॉ सिह न एन सी सी मे भाग लिया और बी सर्टीफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण की। सन् 1952 ई मे सम्पूर्ण इविग क्रिश्चियन कॉलेज इलाहाबाद म बाइबिल परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर "योग्यता प्रमाण-पत्र" प्रदान किया गया था। उन्होन 1951-52 इ मे वाटर पोला आर तेराकी मे इविग क्रिश्चियन कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया था। उन्हे (i) सो मीटर दाड (ii) ऊँची बाधा दौड (iii) ब्रॉड जम्प ओर (iv) होप स्टप ओर कूद मे नए कीर्तिमान स्थापित करने के उपलक्ष म खेलकूद मे "चार योग्यता प्रमाण-पत्र" प्रदान किए गए थे। 1956-57 ई म वह चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा मे व्यायाम विद्या के कप्तान थे। 1957-58 ई मे वह चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा मे वॉलीबाल के कप्तान रहे। वह चार भाषाये-अग्रेजी, हिन्दी, सस्कृत और पारिभाषिक जर्मन जानत हैं।

उल्लेखनीय व्यक्तित्व—यही नहीं, एक चिकित्सा वैज्ञानिक काय चिकित्सक ओर शल्य चिकित्सक होने के साथ डॉ सिह विगत तीन दशक से अधिक समय स सार्वजनिक सेवा मे सदेव तत्पर रहते हैं। वह सेन्य चिकित्सक रहे और विभिन्न रोगो के 5 लाख से अधिक रोगियो का मुफ्त इलाज किया है। विगत 36 वर्षो मे बिना एक पाई वसूल किए उन्होने विभिन्न रोगो के 10 लाख से अधिक रोगियो का इलाज किया है। अत कोई भी उनकी आर्थिक उपलब्धियो का अनुमान सरलता से लगा सकता है। मुफ्त सलाह देने के अलावा उन्होने अपने हजारो रोगियो को मुफ्त दवाये भी दी हैं। उन्होने सन्धि शोथ, श्वसन सम्बन्धी दमा ओर अन्य असाध्य रोगो के हजारो रोगियो का अपनी आविष्कृत औषधियो से विगत एक दशक मे इलाज किया है। अत इस प्रकार वह ससार मे एकमात्र ऐसे चिकित्सक हे जिन्होने अपने रोगियो से आज तक कुछ नही लिया है।

❐

डॉ एस पी सुद्रानियॉ
(1936 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ म्वयवर प्रसाद सुद्रानियॉ का जन्म राजस्थान के झुन्झुनूॅ जिले मे इस्माइलपुर नामक गॉव मे 7 मार्च, सन् 1936 ई को हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री चिरजीलाल ने केवल प्राथमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की थी तथा कपडे का व्यापार करते थे। उनकी माताजी स्वर्गीय श्रीमती रुक्मिणी देवी अनपढ एव कुशल गृहिणी थी। उनकी जीवन-सगिनी श्रीमती विमला इण्टरमीडिएट (कला) सुगृहिणी है। उनके तीन पुत्रियॉ श्रीमती कल्पना गर्ग एम ए (अग्रेजी), श्रीमती अलका जयदेव एम ए (अर्थशास्त्र), तथा श्रीमती सीमा गोयल एम ए (अर्थशास्त्र) और एक पुत्र श्री विकास बी ई है।

शिक्षा—डॉ सुद्रानियॉ ने अपना मिडिल स्तर की शिक्षा अपने गॉव इस्माइलपुर (झुन्झुनूॅ) मे, हाई स्कूल तक की शिक्षा बगड (झुन्झुनूॅ) मे तथा इण्टरमीडिएट (विज्ञान) की शिक्षा पिलानी (राजस्थान) मे ग्रहण की। उन्होने एम बी बी एस परीक्षा दरभगा (बिहार) स सन् 1962 ई मे तथा एम डी (बाल रोग चिकित्सा विज्ञान) परीक्षा सवाई मानसिह महाविद्यालय, जयपुर से सन् 1966 ई मे उत्तीण की। वह सन् 1979 ई मे एफ आर एस टी एम एण्ड एच लिवरपूल (इग्लैंड) तथा सन् 1980 ई मे एफ आई सी पी (सयुक्त राज्य अमेरिका) हो गए।

व्यावसायिक जीवन के पथ पर—डॉ सुद्रानियॉ जुलाई, 1962 ई से दिसम्बर, 1963 ई तक हाउस सर्जन, 28 फरवरी, 1964 ई से 3 फरवरी, 1967 ई तक ग्रामीण क्षेत्र मे अनुभव के लिए सहायक चिकित्सक, 4 फरवरी, 1967 ई से 5 जून, 1973 ई तक व्याख्याता, बाल चिकित्सा विज्ञान, 6 जून, 1973 ई से 13 सितम्बर, 1976 ई तक सहायक प्रोफेसर, बाल चिकित्सा विज्ञान, 14 मितम्बर, 1976 ई मे 3 दिसम्बर, 1989 ई तक एसोसिएट प्रोफेमर, बाल चिकित्सा के पद पर कार्यरत रहे और 27 मई 1977 ई से 28 मई, 1983 ई तक बाल चिकित्सा विज्ञान मे यू एस टी ए डी के पद पर लीबिया मे विदेश कार्य हेतु प्रतिनियुक्ति पर रहे। 4 दिसम्बर 1989 ई से राज्य सेवानिवृत्ति 31 मार्च 1994 ई तक वह प्रोफेसर, बाल चिकित्सा औषधि विज्ञान के पद पर कार्यरत रहे। सेवा निवृत्ति के उपरान्त वह अपने निवास स्थान 60

हरिमार्ग, सिविल लाइन्स, जयपुर एव दादू अस्पताल लाजपत मार्ग महावीर स्कूल के पास, सी स्कीम, जयपुर मे रोगियो के उपचार काय मे सलग्न है।

उन्होने सन् 1967 इ से एम बी बी एस और एम बी बी सी एच के छात्रो को 1974 ई से एम डी और डी सी एच के ?त्रो को, 1967 ई से 1976 ई तक अतिरिक्त चिकित्सा छात्रो-कम्पाउन्डरो, ड्रेसर्स (मल्हम-पट्टी करने वाले), औषधि-विक्रेताओ तथा नर्सो को अशकालीन अध्यापक के रूप मे बी एस सी (गृह विज्ञान) के छात्रो को 1964 से 1986 ई तक और बी एस सी (नसिग) के छात्रो को 1976 ई से अध्यापित किया।

अनुसन्धान कार्य—निम्नलिखित क्षेत्रो मे अनुसन्धान के प्रति उनकी अभिरुचि रही है।

(1) रक्त विज्ञान रक्त अल्पता (कमी और थल सेमिआ)

(2) पोषण प्रोटीन न्यूनता के कारण उत्पन्न सलक्षण (क्वाशीओरकर) तथा सूखा रोग (मेरोसमस)

(3) तत्रिका विज्ञान अनुमस्तिष्कीय पक्षाघात और मानसिक रुकावट

(4) नवजात शिशु विज्ञान कम भार वाले उत्पन्न शिशु।

उनकी प्रमुख शोध-प्रायोजनाये क्वाशीओरकर और सूखा रोग के मुख्य तत्त्वो का सर्वेक्षण हैं।

डॉ सुद्रानियॉ ने हस्तरेखाओ के आधार पर चिकित्सा की नवीन पद्धति का व्यापक अध्ययन किया है। उनके अनुसार हस्तरेखा के सहारे चिकित्सा पद्धति नवजात शिशुजात शिशुओ के लिए है और इससे शिशु के उत्पन्न होते ही उसकी हस्तरेखा के अध्ययन के आधार पर उसके नवजात रोगो का पता लगाया जा सकता है। उनके सीथ तीन चिकित्सा छात्रो ने हस्तरेखा से हृदय रोग तथा मानसिक विकृतियो की जॉच पर व्यापक शोध किया है। इसके लिए 300 शिशुओ का लगभग एक साल तक अध्ययन किया गया। इस तकनीक पर सन् 1985 ई से शोध कार्य जारी है। सितम्बर, 1992 ई म डॉ सुद्रानियॉ ने ब्राजील के रियो द जिनरियो मे सम्पन्न बीसवी वर्ल्ड काग्रेस ऑफ पेडिएट्रिक्स मे हस्तरेखा से चिकित्सा पद्धति की जानकारी दी और उनका आलेख एडिनबरा (इग्लैड) से प्रकाशित "टैक्स्ट बुक ऑफ पेडिएट्रिक्स" मे प्रकाशित किया गया।

डॉ सुद्रानियॉ ने हस्तरेखा से रोग का पता लगाने की तकनीक के बारे मे यह बतलाया कि छुटली अँगुली तथा तर्जनी अँगुली के नीचे हथेली के उभारो (माउन्टेन्स)

के मध्य बिन्दु से हथेली के अन्तिम छोर के मध्य बिन्दु तक एक त्रिकोण बनाया जाता है। यदि हथेली क अन्तिम छोर पर बनने वाला कोण 47 से 52 अश से कम होता है तो शिशु सामान्य होता है। जब यह कोण 47 अश से कम होता है तो हृदय सम्बन्धी बीमारी से तथा 52 अश से अधिक होने पर मानसिक रोग से ग्रसित होता है। डॉ सुद्रानियॉ के अनुसार ॲगुली के पोरो से भी इस तरह का पता चल सकता है। प्राय ॲगुली पर धनुष, वक्राकार तथा चक्र के आकार मे रेखाये होती है। जब चक्र होता है और वह ॲगूठे की ओर खुलता है, तो मानसिक और छोटी ॲगुली की ओर खुलने पर हृदय सम्बन्धी रोगो की ओर सकेत करता है। जब पौरो पर वक्राकार, चक्र तथा धनुषाकार तीन तरह की रेखाये होती है, तो शिशु मे विकृतियॉ होती हैं। कितनी ॲगुलियो पर यह है, उसके आधार पर रोग की गम्भीरता का पता चलता है।

उनके अनुसन्धान क्षेत्र है—(1) बाल चिकित्सालयो मे वात ज्वर की घटना का सर्वेक्षण, (11) इलैक्ट्रो क्राइग्राम निदानात्मक एव रोग परिणाम सम्बन्धी भविष्यवाणी साधन के रूप मे, और (111) आनुवशिक विकृतियो के लिए योजनान्तर्गत एक अध्ययन डर्मेटोग्लि फिक्स।

उन्हे 1979 और 1980 ई मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मण्डल (नेशनल हैल्थ बोर्ड), फिनलैण्ड से अनुसन्धान अनुदान अथवा पुरस्कार प्राप्त हुए।

उन्होने एम डी (बाल चिकित्सा विज्ञान) के दरा छात्रो के शोध कार्य का निरीक्षण एव मार्गदर्शन किया।

डॉ एस पी सुद्रानियॉ ने बच्चो के रोने की आवाज सुनकर उनके रोगो के बारे मे जानकारी प्राप्त करने का एक तरीका विकसित करने का दावा किया है। उनके अनुसार रोने की आवाज मात्र से बच्चो के लगभग साठ प्रतिशत रोगो के बारे मे सही जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ऊर्जा के रूपान्तरण सिद्धान्त की व्याख्या करते हुए डॉ सुद्रानियॉ ने बताया कि बच्चे के रोने की आवाज को 'इलेक्ट्रो-कायोग्राफ' उपकरण से कागज पर उतारा जा सकता है। इसे देखकर विशेषज्ञ चिकित्सक बेहद कम खर्च पर ही बच्चे को रोग के प्रति सही धारणा बनाकर उसका इलाज कर सकता है।

डॉ सुद्रानियॉ के अनुसार जब बच्चा मॉ के गर्भ से बाहर आता है तो पहली बार रोता है। बच्चे के इस प्रथम रु न को सुनकर ही उसके स्वास्थ्य सम्बन्धी भविष्य का निर्धारण क्यिा जा सकता है। यदि बच्चे का प्रथम रुदन जोर से हो तो यह माना जाता है कि वह जीवन भर स्वस्थ रहेगा। इसके विपरीत यदि रुदन न हो अथवा

धीरे हो तो बच्चे का स्वास्थ्य ठीक नही माना जाता, क्योंकि रोने के लिए अच्छे शरीर के अलावा अच्छे मस्तिष्क का होना भी निन्तात आवश्यक हाता है।

बच्चे के प्रथम रुदन का कारण स्पष्ट करते हुए डॉ सुद्रानियॉ ने बताया कि मॉ के गभ मे बच्चा परजीवी के रूप मे रहता ह जहॉ उसे समुचित रूप से ऑक्सीजन भोजन और शान्त वातावरण उपलब्ध होता है लेकिन ज्योही वह बाहरी ससार मे प्रवेश करता है, वेसे ही उसके रक्त मे कार्बनडाइ ऑक्माइड का स्तर बढ जग्ने से उसका मस्तिष्क उद्दीपित होना है और वह रो पडता है।

रोना एक सहज एव सरल प्रक्रिया है जिसके तहत श्वसन तत्र के अवरोध दूर हो जाते हे एव फुफ्फुस (लग्स) सक्रिय हो उठते हे। बच्चे का धीरे अथवा कम आवाज मे रोना उसकी फुफ्फुसीय स्थिति का परिचायक होता है।

डॉ सुद्रानियॉ के अनुसार अमेरिका की स्पीच रिकगनिशन एण्ड लेग्वेज अडरस्टेडिग सर्विसेज प्रयोगशाला और कनाडा की ब्रिटिश कोलम्बिया विश्वविद्यालय के विशेषज्ञो ने भी हाल ही बच्चे के रोने की व्याख्या की है लेकिन उन्होने मन् 1982 मे ही इसका वैज्ञानिक विवेचन कर इस बारे मे जापान मे व्याख्यान दिया था। डॉ सुद्रानियॉ ने टेप रिकार्डर, माइक्रोफोन ओर साउन्ड स्पेक्ट्रोग्राफ जैसे सामान्य उपकरण का प्रयोग करके इस प्रणाली का विकास किया है। इस प्रणाली द्वारा कम से कम छ रोगो—दमा, हृदय रोग, मानसिक मदता और सेरेब्रल पल्सी आदि का निदान किया जा सकता है। डॉ सुद्रानियॉ अपनी इस खोज को पेटेन्ट करवाने के लिए प्रयासरत हे।

प्रकाशन—डॉ सुद्रानियॉ की हिन्दी भाषा मे लिखी गई पुस्तक ''शिशु ओर स्वास्थ्य'' प्रकाशित हुई। उन्होने विकासशील देशो के लिए बाल चिकित्सा विज्ञान पर एक लघु पाठ्यपुस्तक भी लिखी।

उनके लगभग 30 लेख राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रख्यात जनलो मे प्रकाशित हुए है। वह अब तक 7 पत्र सम्मेलनो मे प्रस्तुत कर चुक ह। उनके लेख विभिन्न महाविद्यालयो की पत्रिकाओ राज्य और सम्मेलनो एव स्मारिकाओ मे भी प्रकाशित हुए है।

सदस्यता—डॉ सुद्रानियॉ अखिल राजस्थान बाल रोग चिकित्सक सघ भारतीय बाल राग चिकित्मक अकादमी, भारतीय चिकित्सा सघ तथा भारतीय चिकित्मा शिक्षा विकास सघ के सदस्य हे। वह भारतीय चिकित्सा सघ की जोधपुर शाखा के सचिव रहे तथा 1973 ई मे सर्वात्कृष्ट सचिव का पुरम्कार उन्हे प्रदान किया गया था। वह भारतीय चिकित्सा सघ की जोधपुर शाखा क उपाध्यक्ष रहे। वह सामुदायिक विकास कार्यक्रम जूनियर चम्बर ऑफ इन्टरनेशनल के अध्यक्ष रहे और पुरस्कार प्राप्त किया।

वह लायन्स इन्टरनेशनल के समाज कल्याण कार्यक्रमो के अध्यक्ष रहे और पुरस्कार अर्जित किया। वह ग्रामीण समूहो, चिकित्सकीय सभाओ, सेमीनारो और परिसवादो के जिला और राज्य स्तरो पर समन्वयक और सयोजक रहे। उन्होने 1967 से 1976 ई तक जोधपुर मे अखिल भारतवर्षीय एव अखिल राजस्थान के विभिन्न सम्मेलनो के सयक्त सचिव के दायित्वो का निर्वहन किया।

सम्मान—उन्हे सन् 1977 ई मे दिल्ली मे तेरहवे अन्तर्राष्ट्रीय बाल रोग चिकित्सा मम्मेलन मे सन् 1983 ई मे मनीला मे और 1992 ई मे रियो (ब्राजील) मे भाग लेने के लिए विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया था। सन् 1979 ई से दो वर्ष तक वह विश्व स्वास्थ्य सगठन के सक्रिय विशेषज्ञ दल के सदस्य रहे। उन्होने महाविद्यालय, जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कई वैज्ञानिक सत्रो की अध्यक्षता की। उन्हे वियना विश्वविद्यालय, बलिन विश्वविद्यालय, कोपेनहेगन विश्वविद्यालय, हेलसिकी विश्वविद्यालय, ओयलू विश्वविद्यालय, टोक्यो विश्वविद्यालय, मनीला विश्वविद्यालय, हागकाग विश्वविद्यालय, सिगापुर विश्वविद्यालय, बैंकाक विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य मत्रालय, दुबई, सयुक्त अरब गणराज्य, जार्जिया विश्वविद्यालय, अटलान्टा, यू एस ए इस्ताम्बूल विश्वविद्यालय (टर्की) और रियो दि जेनेरियो विश्र्वविद्यालय (ब्राजील) ने विस्तार-भाषण हेतु आमन्त्रित किया था।

वह बी एस सी (गृह विज्ञान), बी एस सी (नर्सिग), अतिरिक्त चिकित्सा प्रमाण-पत्रो ओर डिप्लोमा, एम बी बी एस /एम बी बी सी एच, डी सी एच और एम डी (बाल रोग विज्ञान) के परीक्षक है। डॉ सुद्रानियॉ को वर्ष 1997 का नाहार सम्मान प्रदान किया गया।

विदेश भ्रमण—वह यूरोप, अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका सयुक्त राज्य अमेरिका और एशिया के 29 देशो की यात्रा अतिथि भाषण, विस्तार-भाषण सकाय भाषण प्रस्तुत करने, दृश्य अवलोकन और शोध-पत्र वाचन के सम्बन्ध मे कर चुके है। डॉ सुद्रानियॉ ने सयुक्त अरब गणराज्य (मिस्त्र) की राजधानी काहिरा मे 10 से 15 सितम्बर, 1995 इ तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय बाल रोग चिकित्सा सम्मेलन मे भाग लिया। डॉ सुद्रानियॉ ने 8 से 27 जुलाई, 1996 ई तक अमेरिका की यात्रा की जहॉ उन्होने डरहम स्थित ड्यूक विश्वविद्यालय मे 8 से 19 जुलाई, 1996 ई तक बाल रोग एच आई वी का अध्ययन किया तथा 27 जुलाई, 1996 को न्यूयार्क मे व्याख्यान प्रस्तुत किया।

अभिरुचियॉ—उनकी अभिरुचियॉ पढना, लिखना और यात्रा करना है।

डॉ महदी हसन

(1936 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ महदी हसन का जन्म 21 माच, 1936 ई को भारत के उत्तरप्रदेश राज्य मे फैनाबाद जिले मे अकबरपुर नामक स्थान पर हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री जावद हुसेन का स्वगवास 1940 इ मे हो गया था, जब डॉ हसन लगभग 4 वर्ष के थे और उनका पालन-पोषण उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती तय्यबिन निसा ने उसके बडे भाइयो श्री बख्शीश हुसैन और श्री गुलाम हुसैन की मदद से किया था। डॉ हमन का विवाह स्वर्गीय श्री काज़िम हुसैन वकील की पुत्री आबिदा काजिम एम ए के साथ सन् 1959 ई मे हुआ था। 5-6 बार लगातार गभपात के बाद सौभाग्य से सन् 1964 ई मे उनके अब्बास अली महदी नामक एक पुत्र उत्पन्न हुआ। वह उनका इकलोता पुत्र है, जिसने जैव-रसायन मे पी एच डी की हे। उसने बी एस सी और एम एस सी (जैव रसायन) परीक्षाओ मे प्रथम श्रेणी प्राप्त की और 1987 ई मे 74ब अक सहित एम फिल की उपाधि प्राप्त की। आजकल वह जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ, उत्तरप्रदेश के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के परजीवी प्रतिरक्षा विज्ञान सभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सुहेल अहमद के मार्गदर्शन मे मलेरिया के परजीवी के विरुद्ध एक टीका विकम्मित करने के प्रयास म मलेरिया के परजीवी पर कार्यरत है।

शैक्षिक जीवन—डॉ हसन ने कक्षा आठ तक अपनी प्रारम्भिक शिक्षा विश्वेवरनाथ हाई स्कूल अकबरपुर, फैजाबाद, उत्तरप्रदेश मे प्राप्त की थी। उनके बडे भाई श्री गुलाम हुसैन ने तब तक प्रान्तीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा मे सफलता प्राप्त कर ली थी और उनका पदस्थापन गोडा जिले मे उटराला नामक स्थान पर उपजिला अधिकारी के पद पर हुआ। उन्होने उन्हे और मॉ को गोडा बुला लिया, जहॉ उन्होने यू पी बोड से हाई स्कूल परीक्षा राजकीय हाइ स्कूल से प्रथम श्रेणी मे गणित मे विशष योग्यता और अग्रेजी मे 73ब अक सहित 1950 ई मे उत्तीण की। उनमे अध्यापन के प्रति सहज प्रवृत्ति थी, किन्तु उनके बडे भाई ने उन्हे अपने स्वर्गीय पिता की इच्छा म अवगत कराया कि उनके तीन बेटो मे से एक को चिकित्सा व्यवसाय को ग्रहण

करना चाहिए। अत उन्हाने यू पी पूर्व चिकित्मा परीक्षा के लिए तैयारी करने का निश्चय कर लिया तथा जुलाई, 1950 ई मे लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज मे प्रवेश प्राप्त कर लिया। वहाँ से उन्होने 1952 ई मे जीव विज्ञान वर्ग मे प्रथम स्थान सहित प्रथम श्रेणी म यू पी बोड की इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की, किन्तु उम्र कम होन के कारण (पूव चिकित्सा परीक्षा के लिए निर्धारित 17 वर्ष के स्थान पर 16 वर्ष) वह लखन्ऊ विश्वविद्यालय मे बी एस सी मे दाखिल हो गए और 1953 इ मे बी एस सी पूवार्द्ध परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। वह 1952-53 ई मे वर्ष भर पूर्व-चिकित्सा परीक्षा के लिए तैयारी करते रहे। इसी बीच मे उन्होने फुटबाल, हॉकी और क्रिकेट मे लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। जून, 1953 ई मे उन्होने प्रथम प्रयास मे पूर्व चिकित्सा परीक्षा मे सफलतापूर्वक स्पर्धा की और किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय लखनऊ मे दाखिला ले लिया। चूँकि उन्होने अध्ययन के साथ खेलो का मेल किया, फुटबाल, हॉकी और क्रिकेट मे चिकित्सा महाविद्यालय और लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के साथ साथ वह सभी चिकित्सा-विषयो मे औसतन 62ब अक प्राप्त करते रहे। सन् 1955 ई मे वह चिकित्सा महाविद्यालय के टेबिल टेनिस के चैम्पियन रहे। खेलो और अध्ययन दोनो मे उनकी प्रवीणता के सम्मान मे उन्हे 1957 ई मे किग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज मे मर्वश्रेष्ठ छात्र और खिलाडी होने के उपलक्ष मे महाविद्यालय प्रतीक और भटनागर स्मृति ट्राफी प्रदान की गई। इससे बढकर, उन्होन शरीर क्रिया विज्ञान मे बरीज स्वर्ण पदक ओर काय-चिकित्सा मे वार्ड कार्य के लिए द्वितीय पुरस्कार जोता था। उन्होने किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उत्तरप्रदेश) से एम बी बी एस की उपाधि 60 8ब अक सहित प्रथम श्रेणी मे 1958 ई मे प्राप्त की। उन्होने 1962 ई मे शरीर रचना विज्ञान मे विशेष योग्यता महित एम एस (मास्टर ऑफ सर्जरी) की उपाधि किग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त की। तदुपरान्त उन्हे काय चिकित्सा विभाग, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलोगढ (यू पी), भारत द्वारा विष-विज्ञान मे पी एच डी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसोफी) की उपाधि प्रदान की गइ। उनके शोध-प्रबन्ध का शीर्षक था "इफेक्ट्स आफ थेलियम पॉइजनिग ऑन दि रैट ब्रेन-ए न्यूरोहिस्टोलॉजीकल, हिस्टोकैमिकल इलैक्ट्रान माइक्रोस्कोपिक एण्ड क्वाटिटेटिव बॉयोकैमिकल स्टडी (चूहे के मस्तिष्क पर थेलियम (सीसे के समान एक सफद मुलायम धातु) के जहर का प्रभाव—ऊतकोय ऊतक—रासायनिक इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शीय ओर परिमाणात्मक जैव रसायनिक अध्ययन"। सन 1983 इ मे अलीगढ विश्वविद्यालय अलीगढ (यू पी) भारत ने उन्हे डी एस मी (डॉक्टर ऑफ साइन्स) की उपाधि प्रदान की। शरीर रचना विज्ञान

मे एम एस पी एच डी ओर डी एस सी (चिकित्सा) की उपाधि प्राप्त करने वाल वह प्रथम और आज तक एकमात्र व्यक्ति हैं।

व्यावसायिक जीवन—1958 इ मे एम बी बी एस उपाधि प्राप्त करने के बाद मानव शरीर रचना विज्ञान मे अध्यापन ओर अनुसन्धान काय-क्षेत्र के लिए विकल्प देने से पूर्व उनके सामने नेत्र-विज्ञान मे हाउस-ऑफिसर के पद पर काय के कारण सक्षिप्त अवरोध रहा। 6 नवम्बर, 1958 ई को उन्होने शरीर की रचना विज्ञान विभाग के जी चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ मे कनिष्ठ प्रदशक के पद का कार्यभार ग्रहण किया और 1 मई, 1963 ई तक इस पद पर कार्यरत रहे। 2 मई, 1963 ई से 17 अक्टूबर, 1963 ई तक उन्होने व्याख्याता, शरीर रचना विज्ञान के जी चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ (यू पी), भारत के पद पर कार्य किया। 18 अक्टूबर, 1963 ई से 31 मार्च, 1972 इ तक उन्होने रीडर, शरीर रचना विज्ञान, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ, यू पी, भारत के पद पर कार्य किया। उन्होने इन्स्टीट्यूट ऑफ न्यूरोएनेटोमी गोइटिजेन विश्वविद्यालय, (पश्चिमी जर्मनी) मे प्रोफेसर पॉल ग्लीस के साथ जमन शेक्षिक आदान-प्रदान सेवा के फैलो के रूप मे दो सेमेस्टर व्यतीत किए थे। 1971-72 ई म उन्हे अलेक्जेडर वोन हम्बोल्ट फैलोशिप प्रदान की गई और मस्तिष्क पर विषाक्त पदार्थो के प्रभाव और वृद्धावस्था पर अति-सगठनात्मक (ultrastructural) अध्ययन का विस्तार किया। 1971-72 ई के ग्रीष्मकालीन सेमेस्टर मे वह इन्स्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-एनेटोमी गोइटिजेन विश्वविद्यालय (पश्चिमी जर्मनी) मे मानद विजिटिग प्रोफेसर थे। अप्रैल, 1972 ई से वह जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अलीगढ मुस्लिम विश्व-विद्यालय, अलीगढ (यू पी), भारत मे शरीर रचना विज्ञान के प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

डॉ महदी हसन वतमान मे शरीर रचना विज्ञान के प्रोफेमर ओर निदेशक, अन्तर्विषयक मस्तिष्क अनुसन्धान केन्द्र, जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ (यू पी), भारत के पद पर कायरत हे।

वह 12 जून 1982 ई से शरीर रचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष हे। वह 4 अप्रेल 1983 ई से 26 फरवरी, 1985 ई तक जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक रहे। वह 26 सितम्बर ı984 इ से जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य एव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक हें।

डॉ हसन पूर्व चिकित्सा स्नातक, (एम बी बी एस) छात्रो को चिकित्सकीय शरीर रचनाशास्त्र (व्यावहारिक) (Clinical Anatomy applied) महित सचित्र शरीर

रचना शास्त्र (Topographic Anatomy) न्यूरोएनोटोमी, भ्रूणविज्ञान (ऐम्ब्रयोलॉजी) माइक्रो-स्कोपिक एनेटोमी, रेडियोलॉजिक एनेटोमी, सरफेस एनेटोमी एव आनुवशिकी (Genetics), स्नातकोत्तर छात्रो को न्यूरोएनोटोमी, विकासात्मक शरीर रचना शास्त्र (Developmental Anatomy) (जन्मजात दोषपूर्ण निर्माणो और विकृति विज्ञान (teratology) के शरीर रचना शास्त्रीय आधार सहित), बाल रोग वैज्ञानिक शरीर रचना शास्त्र, इलैक्ट्रॉन माइक्रोपी सहित सूक्ष्मदर्शीय शरीर रचना शास्त्र, चिकित्सीय विषयो मे शरीर रचना शास्त्र के उपयोग अर्थात् विकलाग्ता सम्बन्धी शल्य क्रिया, कान, नाक और गले की शल्य क्रिया, नेत्र विज्ञान, प्रसूति विज्ञान (obstetrics) एव यौन रोग विज्ञान, तथा तत्रिका-रसायन (Neuro-chemistry) और तत्रिका-औषधि विज्ञान (Neuro-pharmacology) मे शोध-छात्रो को तत्रिका विज्ञान (neuroscience) पाठ्यक्रम का अध्यापन कर रहे हैं।

पता—उनका वर्तमान कार्यालयी पता अधोलिखित है—

डॉ महदी हसन,
प्रोफेसर, शरीर रचना शास्त्र एव निदेशक,
अन्तर्विषयक मस्तिष्क शोध केन्द्र, शरीर रचना शास्त्र विभाग,
जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय,
अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय,
अलीगढ-202002, यू पी, भारत

उनका वर्तमान पत्र-व्यवहार का पता इस प्रकार है—

शरीर रचना शास्त्र विभाग, जे एन
चिकित्सा महाविद्यालय, ए एम यू,
अलीगढ-202002, यू पी

उनका वर्तमान आवासीय पता निम्नलिखित है—

ए-12, चिकित्सा परिसर, ए एम यू,
अलीगढ-202002, यू पी, भारत

सदस्यता और फैलोशिप—डॉ हसन सन् 1976 ई से इन्टरनेशनल ब्रेन रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (आई बी आर सी) के सदस्य, सन् 1972 ई से इन्टरनेशनल कॉलेज ऑफ सर्जन्स (एफ आई सी एस) के, 1976 ई से नेशनल एकेडेमी ऑफ मेडिकल साइन्सेज (इण्डिया) के, सन् 1971 ई से रॉयल माइक्रोस्कोपिकल सोसायटी (एफ आर एम एस) (इग्लैड) के, सन् 1986 ई से इण्डियन एकेडेमी ऑफ न्यूरो साइसेज (ए आई ए एन एस) के फैलो और 1967 ई से नेशनल एकेडेमी ऑफ

मेडिकल साइन्सेज इण्डिया (एम ए एम एस) के सदस्य है। वह वर्ष 1986-89 इ मे इण्डियन कौसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के शाषी मण्डल के सदस्य रहे। वर्ष 1983 84 ई से वह विश्व स्वास्थ्य सगठन (तत्रिका विष विज्ञान) के परामर्शद रहे ह। सन् 1981 ई से वह तात्रिका विष विज्ञान (Neurotoxıcology) यू एस ए के सलाहकार मण्डल के सदस्य हैं। सन् 1972 ई से वह अलेक्जेडर वोन हम्बोल्डट, पश्चिमी जर्मनी के फैलो हैं। वह सन् 1988 ई मे एनेटोमिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष और वर्ष 1986-87 ई मे इण्डियन एकेडेमी ऑफ न्यूरोसाइन्सेज के अध्यक्ष थे। वह सन् 1986 ई से इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप सोसायटी ऑफ इण्डिया (जैव चिकित्सा विज्ञान) के उपाध्यक्ष है। वर्ष 1982-86 मे वह एसोसिएशन ऑफ जर्नोटोलॉजिस्ट ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष थे। वह सन् 1988 ई से एनेटोमिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के तथा 1984 ई से इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य है। वह एसोसिएशन ऑफ दि इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप सोसायटी ऑफ इण्डिया, इण्डियन सोसायटी ऑफ एनवायरनमेन्टल बॉयोलॉजी और इण्डियन एसोसिएशन ऑफ बॉयोमेडिकल साइन्टिस्ट के आजीवन सदस्य हैं। वह एशियन सोसायटी ऑफ एनवायरनमेन्टल एण्ड इन्डस्ट्रियल टेक्सीकोलॉजी और इण्डियन एकेडेमी ऑफ न्यूरोसाइन्सेज के सस्थापक सदस्य हैं। वर्ष 1986-87 इ मे वह इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप सोसायटी ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष रहे थे।

सम्मान और पुरस्कार—सन् 1955 ई मे काय चिकित्सा विज्ञान विभाग के जी चिकित्सा महाविद्यालय, लखनऊ ने उन्हे बुरिज स्वर्ण पदक प्रदान किया था। सन 1950 ई मे उन्होने रोगी कक्ष (वार्ड) काय और इतिहास-लेखन के उपलक्ष मे चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र मे द्वितीय पारितोषिक प्राप्त किया था। सन् 1962 ई मे उन्होने एम एस (शरीर रचनाशास्त्र Anatomy) मे ऑनर्स प्राप्त किया था। जनवरी, 1976 ई मे उन्हे सर्वोत्तम शोध-पत्र के उपलक्ष मे राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी (भारत) द्वारा डॉ एस एस मिश्र स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया था। दिसम्बर, 1976 ई मे एनेटोमिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया ने लखनऊ मे अपने रजत जयन्ती सम्मेलन मे उन्हे डॉ धर्म नारायण स्र्वण पदक भेट किया था। वर्ष 1978-79 ई मे भारतीय चिकित्सा परिषद् ने उन्हे हरि ओम अलेम्बिक पुरस्कार से विभूषित किया था। विश्व स्वास्थ्य सगठन (तत्रिका विष विज्ञान Neurotoxıcology) के सलाहकार के रूप मे डॉ हसन ने जून, 1983 ई मे मास्को मे और सितम्बर, 1984 ई मे प्राग मे विशेषज्ञ समिति की बैठको मे भाग लिया था।

डॉ हसन सन् 1967 ई से जर्नल ऑफ एनेटोमिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के सम्पादक मण्डल के सदस्य हैं। वह इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप सोसायटी के बुलेटिन

के सम्पादक मण्डल, बॉयोमेडिसिन की सलाहकार समिति, इण्डियन जर्नल ऑफ एक्सपेरिमेटल बॉयोलॉजी के 'सदर्भ व्यक्ति दल', न्यूरोटोक्सिकोलोजी (यू एस ए) के सलाहकार मण्डल, जर्नल ऑफ एनवायरनमेटल साइन्स एण्ड हेल्थ, भाग 'ब' कनाडा के सम्पादक-मण्डल, करेन्ट साइन्स के "सदर्भ हल" तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की विशेषज्ञ समिति के सदस्य है।

डॉ हसन सघीय लोक-सेवा आयोग, दिल्ली (भारत), राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर (भारत) और उत्तरप्रदेश लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद (भारत) के विशेषज्ञ दल के सदस्य है।

डॉ हसन सन् 1986 ई मे इण्डियन एकेडेमी ऑफ न्यूरोसाइन्सेज के अध्यक्ष तथा वर्ष 1982-86 मे एसोसिएशन ऑफ जैरोन्टोलोजिस्टस ऑफ इण्डिया तथा वर्ष 1986-87 ई मे इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप् सोसायटी इण्डिया के उपाध्यक्ष थे।

दिसम्बर, 1966 ई मे इलाहाबाद मे आयोजित उत्तरप्रदेश कान, नाक और गला शल्य चिकित्सको के वार्षिक सम्मेलन मे व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए डॉ हसन को आमत्रित किया गया था। अधिष्ठाता, चिकित्सा विज्ञान सकाय, मेशेद विश्वविद्यालय, ईरान ने उन्हे 8 मार्च, 1974 ई को मेशेद मे व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित किया था। निदेशक, चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने उन्हे अक्टूबर, 1975 ई मे वाराणसी मे राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी, भारत के उत्तरप्रदेश स्कन्ध के सदस्यो के समक्ष उनके कार्य "मस्तिष्क मे आयु सम्बद्ध परिवर्तनो— The age-related changes ın the braın" पर आधारित वार्ता प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित किया था। उन्हे प्रोफेसर एम एस कानूनगो, जैव रसायन सभाग, प्राणी विज्ञान विभाग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 29 अक्टूबर, 1975 ई को वाराणसी मे अपने स्नातकोत्तर छात्रो को उद्बोधनार्थ आमत्रित किया गया था। डॉ हसन ने केन्द्रीय औषधि अनुसन्धान केन्द्र (सी डी आर आई), लखनऊ के वैज्ञानिको को 26 जून, 1976 ई को "आयु सम्बद्ध और थैलियम (सीसे के समान एक सफेद मुलायम धातु) से उत्पन्न मस्तिष्क मे परिवर्तन—Age-related and thallıum ınduced changes ın the braın" पर उद्बोधन किया था। इण्डियन सोसायटी ऑफ बॉयोलॉजिकल केमिस्टस द्वारा उन्हे 28 जून, 1977 ई को औद्योगिक विष विज्ञान अनुसन्धान केन्द्र, लखनऊ मे "मस्तिष्क मे आयु सम्बद्ध परिवर्तनो और पर्यावरण प्रदूषण के प्रभाव— The age-assocıated changes ın the braın and the effects of envıronmental pollutıon" पर वार्ता प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित किया गया था। 8 दिसम्बर, 1977 ई को स्नातकोत्तर विभाग, काय चिकित्सा और विषाणु विज्ञान मे "इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी ऑफ लिपोफूसिन एण्ड सेरोइड इन

न्यूरोनल एजिग न्यूरोट्रौमेटि-साइजेशन एण्ड न्यूरोटोक्सि सिटी'' पर व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए डॉ हसन को आमन्त्रित किया गया था। उन्हे 4 दिसम्बर, 1976 ई को इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप सोसायटी ऑफ इण्डिया द्वारा मोलिक शोध कार्य ''इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी ऑफ न्यूरोनलएजिग एण्ड थेलोटोक्सिकोसिस'' पर आधारित आमन्त्रित व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमन्त्रित किया गया था। एनेटोमिकल सासायटी ऑफ इण्डिया के 26वे वार्षिक सम्मेलन के आयोजन सचिव प्रोफेसर रामास्वामी द्वारा उन्हे 29 दिसम्बर, 1977 इ को बगलौर मे ''दि रिसेन्ट एडवान्सेज इन एजिग इन दि नर्वस सिस्टम-नाडी तत्र मे वृद्धावस्था मे नवीनतम विकास'' पर व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमन्त्रित किया गया था। उन्हे प्रोफेसर ए कृष्णामूति द्वारा अगस्त, 1979 ई मे पोस्ट ग्रेजुएट इन्स्टीट्यूट ऑफ बेसिक मेडिकल साइन्सेज, तारामणि, मद्रास मे आयोजित चिकित्सा अध्यापको के लिए स्नातकोत्तर प्रशिक्षण सस्थान मे प्रयोगात्मक प्रविधियो पर संक्षिप्त स्नातकोत्तर सेमीनार मे ''रिट्रोग्रेड एक्सोनल ट्रान्सपोर्ट ऑफ एच आर पी '' पर स्नातकोत्तर व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमन्त्रित किया गया था। एनेटोमिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के 28वे वार्षिक सम्मेलन के आयोजन सचिव प्रोफेसर ए एल मेहता ने उन्हे दिसम्बर, 1979 ई मे बम्बई मे ''पेडिएट्रिक्स हिस्टोलॉजी-बाल चिकित्सा विज्ञान ऊतक विज्ञान'' पर व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमन्त्रित किया था। दिसम्बर, 1979 इ मे चडीगढ मे आयोजित ई एम एस आई के वार्षिक सम्मेलन मे स्केनिग इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी ऑफ वेन्ट्रीकूलर एपेन्डायमा पर व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए उन्हे आमन्त्रित किया गया था। 9 मे 14 जून, 1980 ई को उन्हे पश्चिमी जर्मनी मे एस ई एम पर लित्ज कार्यशाला मे ''स्केनिग इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी ऑफ दि स्पेन्डायमा ऑफ थर्ड एण्ड फोथ वर्टिकिल्स ऑफ दि ब्रेन'' पर व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमन्त्रित किया गया था। 17 सितम्बर 1982 ई को उन्होने इन्स्टीट्यूट ऑफ न्यूरोटोक्सिकोलॉजी, अल्बर्ट आइन्स्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन, न्यूयार्क मे ''थेलियम न्यूरोटोक्सि सिटी'' पर वार्ता प्रस्तुत की थी। 22 सितम्बर, 1982 ई को उन्होने नेशनल सेटर फॉर टेक्सिकोलॉजिकल रिसच, जफरसन, अर्कान्सस, यू एस ए मे ''न्यूरोटोक्सिकोलॉजी एण्ड न्यूरोजेरोन्टोलॉजी'' पर वार्त प्रस्तुत की थी। उन्होने सन् 1982 ई मे काय चिकित्सा विज्ञान सस्थान, हनोई विश्वविद्यालय, यू एस ए मे, नवम्बर, 1979 मे औषधि विज्ञान सकाय, सफात, कुवैत मे, 1981 ई मे गैरी-आउनिस विश्वविद्यालय, बेघाजी लीबिया मे, सन् 1983 ई मे गोटिन्जन विश्वविद्यालय, जर्मनी मे, औद्योगिक स्वास्थ्य सस्थान डडलडोर्फ, जमनी मे न्यूरो सर्जरी विभाग, मेक्स पश्चिमी जर्मनी मे और 1 जून 1984 ई को विको इक्विन्स, नेपल्स, इटली मे भी आमन्त्रित व्याख्यान प्रस्तुत किये थे।

डॉ हसन ने विद्वत् सस्थाओ/सम्मेलनो के वैज्ञानिक सत्रो का सभापतित्व किया था जैसे—(1) 28 दिसम्बर, 1977 ई को एनोटोमिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के 26वे वार्षिक सम्मेलन मे न्यूरोएनोटोमी का सत्र, (2) 10 दिसम्बर 1977 ई को भाभा परमाणु अनुसन्धान केन्द्र, बम्बई मे इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप सोसायटी ऑफ इण्डिया के बॉयोलॉजिकल इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सत्र, (3) 10 जनवरी, 1979 ई को काय चिकित्सा विज्ञान विभाग, मद्रास चिकित्सा महाविद्यालय, मद्रास मे इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप सोसायटी ऑफ इण्डिया का बॉयोलॉजिकल इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सत्र, (4) 14 जनवरी, 1979 ई को पटियाला मे आयोजित एनेटोमिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के 27वे वार्षिक सम्मेलन मे न्यूरो एनेटोमी सत्र, (5) 17 दिसम्बर, 1979 ई को सेन्ट्रल साइन्टिफिक इन्स्ट्रूमेटस ऑर्गेनाइजेशन, चडीगढ मे बॉयोलॉजिकल एप्लीकेशन्स ऑफ इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सत्र, और (6) 30 दिसम्बर, 1979 ई को ग्रान्ट मेडिकल कॉलेज, बम्बई मे आयोजित एनेटोमिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के 28वे राष्ट्रीय सम्मेलन का न्यूरोलॉजी सत्र।

उनके नाम का उल्लेख (1) रिफरेन्स एशिया, ट्रेड्समेन, इण्डिया, दिल्ली, 1975, पृष्ठ 41, (11) हूज हू इन इण्डिया इन इन्डो-अमेरिकन एज्यूकेशन, 1975, फेमस इण्डिया पब्लिकेशन्स, दिल्ली, पृष्ठ 102, (111) इण्डियाज हूज हू ईयर बुक 1977-78 पृष्ठ 446, अल्फा पब्लिकेशन्स, दिल्ली मे किया गया है।

प्रकाशन—डॉ हसन के 207 शोध-पत्र प्रकाशित हुए हैं। उनकी निम्नाकित 5 पुस्तके और आठ पुस्तक-समीक्षाये प्रकाशित हुई हैं—

प्रकाशित पुस्तके

1 ''लिफोफूसिन इन न्यूरोनल एजिग एण्ड-डिसीजेज'' लेखक पी ग्लीस एव महदी हसन, जॉर्ज थीम वर्लग, स्ट्टगर्ट, 1976

2 ''डायग्नोस्टिक हिस्टोलॉजी'' लेखक एम हसन, डी आर सिह एव पी ग्लीस, अनिता प्रकाशन, लखनऊ, भारत, 1974

3 ''मोर्फोलॉजिस्च एण्ड फिजिओलॉजिस्च ग्रुनालाजेन डेस जेन्ट्रालेन वेजिटेटिवेन नर्वेन सिस्टम्स'' लेखक पी ग्लीस और एम हसन, किलनस्च पैथोलॉजी देस वेजिटेटिवेन नेरेवेनसिस्टम्स मे (सम्पादक स्टर्म और बिर्कमेयर), गेस्टाव फिस्चर वर्लग, स्ट्टगर्ट, 1976

4 ''एनेटोमिकल बेसिस ऑफ क्लिनिकल प्रोसीजर्स'' लेखक एम हसन, मैकमिलन (इण्डिया), 1986

5 "अन्डरस्टेडिग ह्यूमन ब्रेन एण्ड स्पाइनल कोर्ड" लेखक महदी हसन और एस एच एम अब्दी गलगोटिया पब्लिकेशन्स नइ दिल्ली, 1992

पुस्तक समीक्षाये

1 न्यूरो बॉयोलॉजी ऑफ दि ट्रेस एमीन्स फिजिओलॉजिकल, फार्माकोलॉजिकल, बिहेविअरल एण्ड क्लिनिकल आस्पेक्टस (सम्पादक ए ए बॉउल्टन, जी बी बेकर, डब्ल्यू जी डेवर्टस और एम सेडलर), ह्यूमन्स प्रेस, क्लिफ्टन, एन जे, 1984, पृष्ठ 597, डॉलर 59 50, एम हसन न्यूरोकेमिकल पैथोलॉजी (यू एस ए) 3 139-140, 1985

2 दि न्यूरो बॉयोलॉजी ऑफ जिन्क भाग 'अ' फिजियो कैमिस्ट्री, एनेटोमी एण्ड टेक्निक्स, भाग 'ब' डेफिसिऐसी, टोक्सिसिटी एण्ड पैथोलॉजी (सम्पादक सी जे फ्रेडरिक्शन, जी ए हॉवेल और ई जे कसारस्किस) एलन आर लिस, इन्स, न्यूयार्क, 1984, पृष्ठ 390 (भाग अ) डॉलर 54 00 आई एस बी एन 0-8451-2712-8 और 345 (भाग ब) डॉलर 58 00 आई एस बी एन 0-8451-2713-6 एम हसन, न्यूरोकैमिकल पैथोलॉजी 4 65-67, 1985

3 प्रोग्रेस इन न्यूरो एन्ड्रो क्रिनोलॉजी खण्ड 1-न्यूरो एन्ड्रोक्रिनोलॉजी ऑफ होर्मोनेट्रान्समीटर इन्टरएक्शन्स (सम्पादक एच परवेज, एस परवेज और डी गुप्ता), वी एन यू साइन्स प्रेस, 3500 जी बी यूटरेच्ट, दि नीदरलैण्ड्स, 1985, पृष्ठ 305, डॉलर डी एम 167, एम हसन, इण्डियन जर्नल ऑफ एक्सपेरीमेटल बॉयोलॉजी, 25 429-430, 1987

4 प्रिवेन्शन ऑफ न्यूरोटॉक्सिक इलनैस इन वर्किंग पॉपूलेशन (सम्पादक बैरी एल जोन्सन (सम्पादक एडवर्ड एल बेकर, मुस्तफा एल बाटावी, रेनाटो गिलिओली, हेलेना ह्नेनीनेन, अन्ना मेरी स्ेप्पालेनेन, चार्ल्स सिनाटारस, एसोसिएटेड एड), विले एण्ड सन्स, चिचेस्टर, न्यूयार्क, 1987, पृष्ठ 257, समीक्षक एम हसन, न्यूरोकैमिकल पैथोलॉजी, 8 225-226, 1988

5 ट्रेस एमीन्स कम्परेटिव एण्ड क्लिनिकल न्यूरोबॉयोलॉजी (सम्पादक ए ए बॉउल्टन ए वी जूओरिओ और आर जी एच डाउनर), हूमाना प्रेस क्लिफ्टन, एन जे 1988 डॉलर 75, समीक्षक एम हसन 1988

6 दि ह्यूमेन ब्रेन (लखक पी ग्लीस), केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, केम्ब्रिज, न्यूयार्क, 1988, पृष्ठ 204, समीक्षक एम हसन, जर्नल एनेटोमिकल साइन्स 1990, 12 59–60

7 एडवान्सेज इन न्यूरोलॉजी खण्ड 51 ''एलजेइमर्स डिसीज'' (सम्पादक आर जे वर्टमेन, एस कोर्किन, जे एच ग्रोडोन, ई आर वाकर), रावेन प्रेस, न्यूयार्क, पृष्ठ 282, समीक्षक एम हसन, न्यूरोकेमिकल पैथोलॉजी (1991), मोलेक्यूलर एण्ड केमिकल न्यूरोपैथलोजी।

8 एडेनोसाइन एण्ड एडेनोसाइन रिसेप्टर्स (सम्पादक माइकेल विलियम्स), हूमाना प्रेस, क्लिफ्टन न्यूजर्सी, 1990, पृष्ठ 516, समीक्षक एम हसन, मोलेक्यूलर एण्ड कैमिकल न्यूरोपैथोलॉजी, 1991, 14 67–68

उनका कार्य 100 से अधिक शोध-पत्रो और 15 स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तको और लेखमालाओ मे उद्धृत किया गया है।

यात्राये—डॉ हसन गेटिजन (पश्चिमी जर्मनी) की दो बार, लन्दन (इग्लैंड) की दो बार, सफात (कुवैत), केम्ब्रिज वेटजलर (जर्मनी), लॉसन (स्विट्जरलैंड), शिकागो, न्यूयार्क, लिटिल रॉक, जेफरसन और हवाई (यू एस ए) मास्को (रूस), बेघाजी (लीबिया), प्राग, नेपल्स (इटली) और आइनधोवेन (हॉलैण्ड-दि नीदरलैण्ड्स) की यात्राये अब तक कर चुके हैं।

अनुसन्धान कार्य—उनके अनुसन्धान के प्रमुख क्षेत्र न्यूरोएनेटोमी, न्यूरोहिस्टो कैमिस्ट्री, ट्रान्समिशन इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, स्केनिग इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और एक्सपेरिमेटल जैरोन्टोलॉजी मे विशेषज्ञता हैं।

आजकल उनकी अभिरुचि (1) पर्यावरणीय और औद्योगिक तत्रिका विष विज्ञान (2) प्रयोगात्मक जैरोन्टोलॉजी (3) छोटी मात्रा मे धातुओ का तत्रिका विष विज्ञान, (4) रक्त मस्तिष्क प्रतिरोधक और (5) पर्यावरण प्रदूषण के क्षेत्रो मे है।

डॉ हसन ने कई शोध प्रविधियाँ सीखी हैं, जैसे—लाइट माइक्रोस्कोपी, इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, इलैक्ट्रो फिजिओलॉजी और न्यूरकैमिकल प्रविधिया।

प्रो हसन का मत है कि बालो का उपयोग शरीर के लिए सम्भावित हानिकारक तत्त्वो का पता लगाने के लिए भी किया जा सकता है। उनके शोध-पत्र के अनुसार बालो की जडे अपने पोषक तत्त्व रक्त से प्राप्त करती है और शरीर मे व्याप्त तत्त्वो की झलक बालो मे मिल सकती है। डॉ हसन मनुष्य के स्नायु सस्थान पर धातुओ के असर का अध्ययन कर रहे है। उनके अनुसार कुछ धातुओ की कमी या वृद्धि

से मस्तिष्क की कोशिकाओ व विभिन्न सम्प्रेषक रसायनो के कायकलापो म इससे अन्तर आ जाता हे। डॉ हसन का दावा है कि बालो के माध्यम से रोग निदान का तरीका कई मामलो मे रक्त-परीक्षण के पारम्परिक तरीके स भी अच्छा साबित हो सकता है।

डॉ हसन ने (1) अलेक्जेडर वोन हम्बाल्डट सजा-सज्जा अनुदान रुपये 3,50,000, (2) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् रुपये 2,00,000, (3) भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद्, (4) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शोध योजना रुपये 50,000 और शोध फैलोशिप तथा (5) विज्ञान एव प्रोद्योगिकी परिषद्, उत्तरप्रदेश से शोध फैलोशिप और फुटकर अनुदान जेसे शोध अनुदान प्राप्त किये।

वह पी एच डी आशार्थियो की 6 शोध आयोजनाओ का पर्यवेक्षण कर चुके हें।

देन—जेरोन्टोलॉजी (Gerontologv) **की समस्याओ के परीक्षण हेतु उपकरण के रूप मे स्नायु विष सम्बन्धी माध्यम**—अन्तर्विषयक स्नायु जेव वैज्ञानिक अध्ययनो ने इस बात का सकेत दिया हे कि सवेदात्मक, ज्ञानात्मक, चालक प्रक्रियाओ और जीव वैज्ञानिक गतिवधियॉ स्नायु एव तत्रिका अन्त स्रावी तत्रो के रचनात्मक एव कार्यकारी सगठन से सम्बन्धित की जा सकती है। एकीकृत अनुकूल नियत्रक तत्रो के रूप मे मस्तिष्क और तत्रिका अन्त स्रवियॉ सम्पूर्ण जीवन-क्षेत्र मे पर्यावरणीय चुनौतियो के प्रति समस्थिर अनुकूलन के साथ घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध किये गये हैं। मस्तिष्क की योग्यता मे तत्रिका कोशिकाओ (neurons) तत्रिका श्लैष्म (neuroglia) और रक्त नलिकाओ के अत्यन्त विषम स्थान सम्बन्धी सम्बन्धो को कार्यकारी प्रभावो की पूर्णरूप से प्रशसा करने के लिए अति सगठनात्मक व्याख्या विस्तार से की गई। बहिर्जन विषो के लिए स्नायु तत्र की प्रतिक्रियाये मानव स्नायु तत्र मे सामान्य विकास और वृद्धावस्था की अनेक घटनाओ को सक्षेप मे वर्णन के लिए ज्ञात हैं। स्नायु तत्र पर विषाक्त पदार्थो के आवृत्ति वैज्ञानिक प्रभाव इस प्रकार अनेक बुरी तरह समझी गई बीमारियो के रोगवर्द्धन मे प्रभावपूर्ण अन्तर्दृष्टि को स्पष्ट करते है। मस्तिष्क मे वृद्धावस्था के परिणाम चिन्ता का अधिक प्रतिनिधित्व करते है, क्योकि अशत मनोवैज्ञानिक वृद्धावस्था बहुत मन्द और कोमल प्रक्रिया का होना प्रतीत होती है। स्नायु विष सम्बन्धी माध्यमो को इस प्रकार जैव वैज्ञानिक वृद्धावस्था को बढाने के लिए प्रयोगात्मक साधनो के रूप मे प्रयोग किया जा सकता है जिसके द्वारा उसकी उत्पत्ति मे अधिक उत्तम अन्तर्दृष्टि का अवसर प्रदान किया जाता है।

❐

डॉ अरुण बोर्दिया

(1936 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ अरुण बोर्दिया का जन्म 6 अप्रैल, 1936 ई को उदयपुर मे हुआ था। उनके पिता श्री केसरी लाल जी बोर्दिया माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के भूतपूर्व अध्यक्ष थे। उनकी माता श्रीमती तारा बोर्दिया एक गृहिणी थी। उनकी जीवन-सहचरी श्रीमती मजुला बोर्दिया मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर मे दर्शनशास्त्र विभाग मे सहायक प्राध्यापक है। उनका पुत्र श्री प्रशान्त बोर्दिया भौर उनकी पुत्री सुश्री सुरभि बोर्दिया पी एच डी उपाधि हेतु सयुक्त राज्य अमेरिका मे अनुसन्धान करते रहे हैं।

शैक्षिक जीवन—डॉ बोर्दिया ने राजस्थान विश्वविद्यालय से 1960 ई मे एम बी बी एस परीक्षा तथा 1964 ई मे एम डी (सामान्य भेषज) परीक्षा उत्तीर्ण की। सन् 1975 ई मे वह अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के फैलो (एफ ए सी सी) बन गए। उन्होने 1966 ई मे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नई दिल्ली मे, 1969-70 ई मे रॉचेस्टर जनरल हॉस्पिटल, रॉचेस्टर, यू एस ए मे और 1975 ई मे ग्रान्ट मेडिकल कॉलेज, बम्बई मे हृदय रोग विज्ञान (कार्डियोलोजी—cardıology) मे प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

व्यावसायिक जीवन—डॉ बोर्दिया ने 14 जुलाई, 1961 से 6 नवम्बर, 1964 ई तक सिविल असिस्टेट सर्जन, 7 नवम्बर, 1964 ई से 14 अक्टूबर, 1966 ई तक भेषज विज्ञान मे टूटर, 15 अक्टूबर, 1966 ई से 20 अगस्त, 1971 ई तक सहायक प्राध्यापक 21 अगस्त, 1971 ई से 8 जून, 1989 ई तक एशोसिएट प्रोफेसर के रूप मे सेवा की। वह 9 जून, 1989 ई से प्रोफेसर भेषज विज्ञान, 1975 ई से अध्यक्ष, स्वदेशी औषधि अनुसन्धान केन्द्र और 1 अगस्त 1989 ई से सेवानिवृत्ति तिथि 30 अप्रैल 1994 तक अध्यक्ष, भेषज विज्ञान विभाग के रूप मे कार्यरत रहे। 1 अगस्त, 1989 ई से 31 मार्च, 1990 ई तक डॉ बोर्दिया ने मुख्य अन्वेषक मधुमेह चिकित्सा केन्द्रो (भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् की प्रायोजना) के रूप मे कार्य किया था।

पता—उनका आवासीय पता इस प्रकार है—

16 बी, ओल्ड फतेहपुरा

उदयपुर (राजस्थान)-313001 भारत।

सदस्यता और फैलोशिप—डॉ बोर्दिया कॉर्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इण्डिया और एसोसिएशन ऑफ फीजीसियन्स ऑफ इण्डिया के सदस्य हैं। वह अमेरिकन कॉलेज ऑफ कॉर्डियोलॉजी के फैलो है।

पुरस्कार एव सम्मान—अमेरिका कॉलेज ऑफ कॉडियोलॉजी ने डॉ बोर्दिया को 1969-70 ई मे उत्तर-डॉक्टरेट फैलोशिप प्रदान की। इस फैलोशिप को प्राप्त करने वाले वह राजस्थान मे पहले ओर भारत मे अट्ठाइसवे व्यक्ति है। इस क्षेत्र मे यह सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। रॉचेस्टर जनरल हॉस्पिटल, रॉचेस्टर, न्यूयाक मे हृदय रोग विज्ञान (कॉर्डियोलॉजी—cardiology) मे प्रशिक्षण काल मे डॉ बोर्दिया ने चिकित्सालय मे फेलो ओर अवशिष्ट व्यक्तियो मे सर्वोत्तम चिकित्सकीय काय के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था। "श्रीमती रुस्तम जाल वकील अध्यापक और हृदय-फुफ्फुस (फेफडा) सम्बन्धी रोग मे स्वर्ण पदक 1973" एशोसिएसन ऑफ फीजीसियन्स ऑफ इण्डिया, बम्बई द्वारा उन्हे हृदय रोग विज्ञान के क्षेत्र म अनुसन्धान मे उनके महत्त्वपूर्ण एव उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र एव नकद राशि के रूप मे प्रदान किया गया था। उन्होने 1977 ई मे मर्क भाषण पुरस्कार प्राप्त किया। इसमे दो हजार रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। उन्होने अपना पत्र एशोसिएसन ऑफ फीजीसियन्स ऑफ इण्डिया के सयुक्त सम्मेलन मे 22 जनवरी, 1977 ई को प्रस्तुत किया था। युवा वैज्ञानिको मे पत्र सर्वोत्तम माना गया था। विगत दो वर्षो मे राजस्थान के समस्त चिकित्सा महाविद्यालयो मे प्रकाशित सर्वोत्तम पत्र के लिए उन्हे वर्ष 1973 ई के लिए एक हजार रुपये और प्रशस्ति का गार्गी देवी एस वी सिह पुरस्कार प्रदान किया गया। बारहवे राजस्थान चिकित्सक सम्मेलन, कोटा मे 1978 ई मे उन्हे अनुसन्धान के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान के लिए थॉमस भाषण पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसमे एक रजत फलक, एक प्रशस्ति-पत्र और नकद राशि प्रदान की जाती है। सन् 1977 ई मे वह राजस्थान सरकार एव तत्फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा विश्व स्वास्थ्य सगठन के हृदय रोग विज्ञान के विजिटिग वैज्ञानिक (फैलो) चयनित और नियुक्त किए गए। इसके अन्तर्गत उन्होने इग्लैंड और सयुक्त राज्य अमेरिका का भ्रमण किया। 26 जनवरी 1985 ई को राजस्थान सरकार की ओर से राजस्थान राज्य के राज्यपाल ने 26 जनवरी को गणतत्र दिवस पर डॉ बोर्दिया को योग्यता सेवा पुरस्कार मे सम्मानित किया था। अमेरिकन कॉलेज ऑफ

कॉर्डियोलॉजी की फेलोशिप उन्हे सयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत ने 1975 ई मे नई दिल्ली मे प्रदान को थी। वेस्ट जर्मन सोसायटी फॉर कम्यूनिटी हेल्थ एण्ड मेडिसिन पश्चिमी जर्मनी ने 1988 इ मे ''स्वास्थ्य और औषधि'' पर अपना गोरवशाली पुरस्कार उन्हे प्रदान किया था। इसमे 10000 डी एम (लगभग 85 हजार रुपये) नकद और एक प्रशस्ति-पत्र दिया गया। विश्व विख्यात सस्था ने पहली बार एक भारतीय को अपना पुरस्कार प्रदान किया था। यह इस आधार पर प्रदान किया गया कि भारतीय जडी बूटियो के क्षेत्र मे डॉ बार्दिया के कार्य ने लोगो के स्वास्थ्य मे सुधार किया है। इस प्रकार डॉ बोर्दिया को ''चिकित्सकीय अनुसन्धान, लहसुन और अन्य भारतीय जडा-बूटियो के प्रयोग, विशेषत ''इफेक्ट ऑफ—गार्लिक ऑन मोर्टेलिटी एण्ड इन्सीडेस ऑफ रि-इनफार्कशन इन पेसेन्ट्स ऑफ कोरोनरी आर्टेरी डिसीज'' शीर्षक नामक उनके अनुसन्धान के क्षेत्र मे उनके अनुसन्धान योगदान के उपलक्ष मे पुरस्कार के लिए चुना गया था। डॉ बोर्दिया को प्रदत्त प्रशस्ति से पक्तियो को यहाँ उद्धृत किया जाता है। ''चिकित्सा के इस क्षेत्र मे यह प्रमुखता उन औषधियो के कारण हैं जिनका शरीर पर कोई हानिकारक प्रभाव नही होता है—जो आप, प्रोफेसर बोर्दिया ने मार्गदर्शक अनुसन्धान किया है जिसके मानवीय उपयोग मे पूर्णतया ग्रहण करने से स्वास्थ्य और ऐसी ही अनेक लोगो को जीवन अवधि निश्चित रूप से सुधरगी।'' ''सामुदायिक स्वास्थ्य और चिकित्सा सोसायटी के मण्डल'' का कम से कम यह मत है कि आपके अनुसन्धान को ''स्वास्थ्य ओर चिकित्सा'' पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए जिसमे इसमे सम्बन्धित अभिलेख और दस हजार डी एम की पारिश्रमिक राशि सम्मलित है जिसे अब आपको सौपते हुए हमे हर्ष है'' ''हम अपने आपको सौभाग्यशाली समझेगे प्रिय प्रोफेसर, यदि आप अनेको-अनेको लोगो को स्वास्थ्य के अनुसरक्षण क हित मे पौधो के सक्रिय सिद्धान्त क क्षेत्र मे अपना अनुसन्धान जारी रखे।'' महाराणा मेवाड फाउन्डेशन, उदयपुर द्वारा हृदय रोग विज्ञान के क्षेत्र मे ्नके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ बोर्दिया को विशिष्ट पुरस्कार स्वरूप 5 हजार रुपये नकद, एक शॉल और प्रशस्ति-पत्र अप्रैल, 1990 ई मे प्रदान किया गया था। प्रशस्ति-पत्र म कहा गया है ''भारतीय परिवेश मे आयुर्विज्ञान मे अर्जित उपलब्धियो क उपलक्ष म ''महाराणा मेवाड फाउन्डेशन'' आपको विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित करता है।'' उन्होने (1) हेनरी फोर्ड चिकित्सालय डेटरॉइट (11) यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचूसेटस मेडिकल सेटर मैसाचूसेटस, और (111) गूयम् हॉस्पिटल, लन्दन के अवलोकनार्थ विश्व स्वास्थ्य स॒ग॒न—विजिटिग फैलाशिप अवॉर्ड प्राप्त किया।

सन् 1976 ई मे बोर्दिया को फेडरेशन ऑफ हगारियन मेडिकल सोसायटी द्वारा हगरी मे चतुर्थ इन्टरनेशनल आर्टेरिओस्क्लेरासिस (Aiteiioscleiosis) सम्मेलन मे

अपना कार्य प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित किया था। नवम्बर 1979 इ मे उन्हे एशियन पैसिफिक काग्रेम ऑफ कार्डियोलॉजी बेंकाक थाइलेड म विशिष्ट भाषण देने हेतु आमत्रित किया गया था। डॉ बोर्दिया को स्वदशी औषधिया पर किये गये कार्य को प्रस्तुत करने के लिए 7 से 12 सितम्बर 1980 इ तक एथेन्स म काग्रस ऑफ द्वादश वर्ल्ड काग्रेस ऑफ एन्जिओलॉजी द्वारा आमत्रित किया गया था। सन 1985 इ मे उन्हे यूरोपियन सोसायटी फॉर फाइटोथैरेपी (Phytotheraphy) स काल्न (Koln) पश्चिमी जर्मनी मे भाषण देने के लिए निमत्रण प्राप्त हुआ था। सन् 1988 ई मे उन्हे जर्मन सोसायटी फॉर हर्बल रिसर्च द्वारा मन्स्टर (Munster) (जमन प्रजातात्रिक गणराज्य) मे द्वितीय जडी-बूटी अनुसन्धान काग्रेस मे भाषण देने के लिए बुलाया गया था। फरवरी, 1989 ई मे उन्हे लुन्बर्ग विश्वविद्यालय पश्चिमी जर्मनी द्वारा भारतीय जडी-बूटियो और हृदय रोग पर भाषण देने के लिए आमत्रित किया गया था। अगस्त, 1990 ई मे उन्हे वाशिगटन डी सी , सयुक्त राज्य अमेरिका मे ''लहसुन का स्वास्थ्य के लिए महत्त्व—दि सिगनिफिकेस ऑफ गार्लिक (The significance of Garlic) पर प्रथम विश्व काग्रेस मे भाषण देने के लिए आमत्रित किया गया था। उन्हे प्रेस क्लब ऑफ जर्मनी द्वारा हेम्बर्ग मे जडी-बूटियॉ और हृदय रोग पर अपने अनुभव और प्रयोगो को प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया था। मार्च, 1991 इ मे उन्ह बर्लिन विश्वविद्यालय द्वारा ''लहसुन पर परिसवाद'' हेतु वैज्ञानिक समिति का सदस्य बनने एव सत्र की अध्यक्षता करने हेतु बुलाया गया था।

डॉ बोर्दिया भारत के कुछ गौरवशाली सस्थानो जैसे—(i) स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ मे 1985 ई मे ओर (ii) 25 जून, 1977 ई को अमेरिकन कॉलेज ऑफ चेस्ट फीजिशिन्यस एण्ड एशोसिएशन ऑफ फीजिशियन्स ऑफ इण्डिया-बम्बई शाखा मे विजिटिग वैज्ञानिक रहे। सन् 1974 इ मे डॉ बोर्दिया को एशोसिएशन ऑफ फीजिशिन्यस की कोयम्बटूर शाखा द्वारा भाषण हेतु आमत्रित किया गया था। सन् 1978 ई मे उन्हे कर्नाटक चिकित्सा परिषद द्वारा लहसुन और धमनी काठिन्य (Garlic and Atherosclerosis) पर भाषण देने के लिए बुलाया गया था। सन् 1981 ई मे अठारहवे राजस्थान चिकित्सा सम्मेलन, जोधपुर मे ''हृद्-धमनी रोग की रोकथाम (prevention of coronary artery disease)'' पर भाषण देने के लिए बुलाया गया था। उन्हे विश्व स्वास्थ्य सगठन की ''लिपिड्स एण्ड लिपोप्रोटीन्स इन हैल्थ एण्ड डिजीज विद स्पेशल रिफरेस टू इण्डिया (Lipids and Lipoproteins in health and disease with special reference to India)'' पर नई दिल्ली मे कार्यशाला मे ''अतिथि भाषण'' हेतु आमत्रित किया गया था। 20 फरवरी 1983 ई को जबलपुर मे आयोजित मध्य रेलवे के

मम्मेलन मे हृदय रोग की रोकथाम पर भाषण देने के लिए बुलाया गया था। 5 फरवरी 1983 ई को अहमदाबाद मे सी एच डी पर राष्ट्रीय वाद-विवाद मे सूची मे और मुख्य वक्ता के रूप मे उन्हे बुलाया गया था। 6 मई, 1985 ई को उन्हे हृदय रोग-आयुर्वेद पर राष्ट्रीय सम्मेलन मे हृदय रोग और आयुर्वेद की भूमिका पर वैज्ञानिक सेमीनार मे विशिष्ट भाषण हेतु बुलाया गया था। सन् 1979 इ मे फीजिशियन्स ऑफ इण्डिया की सयुक्त परिषद् की मद्रास मे आयोजित बैठक मे 'हायपरलिपिडेमिआ' पर वाद-विवाद समूह की अध्यक्षता हेतु चयनित किया गया था। उन्हे (i) डायबिटिक एशोसिएशन ऑफ इण्डिया, (ii) एशोसिएशन ऑफ फीजिशियन्स ऑफ इण्डिया, (iii) लिपिड एण्ड कोलेस्ट्रोल रिसर्च कमेटीज अन्डर इण्डियन कौंस्लि ऑफ मेडिकल रिसर्च, और (iv) कॉर्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित विभिन्न वैज्ञानिक सेमीनारो की अध्यक्षता करने के लिए आमत्रित किया गया था।

वह 1975 से 1986 तक 'इंण्डियन हार्ट जर्नल' के सम्पादक मण्डल मे रहे तथा जर्नल ऑफ एशोसिएशन ऑफ फीजिशियन्स ऑफ इण्डिया, इण्डियन हार्ट जर्नल, इण्डियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिमर्च, इण्डियन जर्नल ऑफ आथरोस्लेरोसिम से उनके पास लेख अवलोकन एव स्वीकृत हेतु आते रहते है।

1 जनवरी, 1977 ई को वह इण्डियन हार्ट जनल के सम्पादक द्वारा इण्डियन हार्ट जर्नल के कार्डिक थेरापेयुटिक्म (हृदय चिकित्सा विज्ञान) पर इण्डियन हार्ट जर्नल के गौरवशाली अध्यापन अक मे आलेख प्रस्तुत करने हेतु आमत्रित किये गए थे।

वर्ष 1980-81 ई मे वह इण्डिया हार्ट जर्नल के हायपरलिपिडेमिया पर अध्यापन विशेषाक के 'अतिथि सम्पादक' थे।

प्रकाशन—डॉ बोर्दिया के लगभग 80 शोध-पत्र राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे प्रकाशित हो चुके है। वे मुख्यतया स्वदशी औषधियो, धमनी काठिन्य, रक्त लिपिडस और बिम्बाणु (platelet) कार्यो पर उनके प्रभावो से सम्बन्धित है।

उन्होने निम्नाकित पुस्तको का सम्पादन किया है—

1 प्रोग्रेस इन वेसकूलर डिजीजेज (Progress in Vascular Diseases) 1978

2 ट्रेन्ड्स इन कार्डियोलॉजी (Trends in Cardiology) 1981

अनुसन्धान कार्य—डॉ बोर्दिया ने स्वदेशी औषधि अनुसन्धान के क्षेत्र मे व्यापक कार्य किया है और इस कारण राजस्थान सरकार ने उनको अध्यक्षता मे रवीन्द्रनाथ टैगोर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर मे स्वदेशी औषधि अनुसन्धान केन्द्र

की स्थापना की। स्वदेशी औषधि अनुसन्धान एव आयुर्वेदिक और एलोपैथिक चिकित्सा प्रणाली के एकीकृत क्षेत्र म महत्त्वपूण यागदान किया गया है। उनके कार्य को पहले ही विश्वव्यापी मान्यता प्राप्त हो चुकी है। केवल इस विषय पर राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय जर्नलो मे उनके 35 लेख है। अधिकाँश लेख अधोलिखित विषयो पर रह है—

सक्रिय सिद्धान्तो (गुणो) का पृथक्कीकरण और धमनी काठिन्य रक्त लिपिड्स और रक्त जमाव पर उनका प्रभाव, जडी-बूटियों और प्याज लहसुन जैसे मसालो विटामिन-सी, अदरख, गोद गुग्गल, गोद हीग, लौंग का तेल, इलायची हल्दी दालचीनी, सौंफ, मेथी, ऑवला अर्जुन की छाल, नीम, तुलसी और च्यवनप्राश पर बिम्बाणु समुच्चय।

प्याज, लहसुन और हीग के सक्रिय सिद्धान्त (गुण) को पृथक् करने वाले और हृदय रोग की रोकथाम और व्यवस्थापन मे उनका प्रयोग स्थापित करने वाले डॉ बोर्दिया पहले व्यक्ति थे। इस हेतु उन्हे विश्व स्वास्थ्य सगठन की विजिटिंग फैलोशिप तथा भारत एव विदेश से भाषण हेतु अनेक आमत्रण प्राप्त हुए।

1 लहसुन ओर प्याज के अधोलिखित गुणो को बतलाने वाले वह प्रथम व्यक्ति थे—

(1) उनके सक्रिय सिद्धान्त (गुण) को पृथक् किया,

(11) धमनी-काठिन्य प्रतिरोधिता,

(111) बिम्बाणु समुच्चय का निषेध और चिपकनापन

(1v) रक्त लिपिड्स को कम करने वाला गुण,

(v) रक्त का थक्का जमाने का गुण।

इन गुणो को उन्होने पहली बार विश्व साहित्य मे दर्शाया था और तदुपरान्त सयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, जापान और अन्य देशा मे वैज्ञानिको ने उनकी पुनरावृत्ति की। इस कारण उन्हे सम्पूर्ण विश्व मे विभिन्न परिसवादो एव सम्मेलनो मे आमत्रित किया गया है। उनके निष्कर्षो और खोजो का यह परिणाम है कि लहसुन को हृदय रोगियो के प्रयोग के लिए और कॉलेस्ट्रोल को कम करने तथा बिम्बाणुआ पर लाभकारी प्रभाव हेतु एक औषधि के रूप मे स्वीकार कर लिया गया है।

2 गोद गुग्गल—गोद गुग्गल के बिम्बाणु-प्रतिरोधी एव रक्त का थक्का जमाने के गुणो को बतलाने वाले वह प्रथम व्यक्ति थे। उन्होने इसके रक्त मे वसा होने की दशा को कम करने के प्रभाव को भी बतलाया। उनके कार्य के फलस्वरूप अब गोद गुग्गल रक्त द्रव कौलेस्टाल को कम करने मे एक प्रभावकारी रोग निदान और

चिकित्सा स्वीकार कर लिया गया है तथा विभिन्न औषधि निर्माता गोद गुग्गल सहित उत्पाद तैयार कर रहे है।

3 ऑवला फल का अध्ययन—ऑवला फल अत्यधिक मात्रा मे विटामिन-सी धारण करने के लिए विख्यात है तथा स्वास्थ्य पर लाभकारी प्रभाव डालने वाला बतलाया गया है। इस फल का उपयोग च्यवनप्राश अथवा मुरब्बा के रूप म किया जाता है। इन दोनो रूपो मे ऑवला 2-3 घण्टो तक उबाला जाता है। कोई भी यह आशा कर सकता है कि उबालने के समय विटामिन-सी नष्ट हो जावेगा और इसलिए यह प्रश्न उत्पन्न हुआ कि ऑवला स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार लाभप्रद है। इस दिशा मे उन्होने ऑवले के विषय मे अधोलिखित निष्कर्षो से अवगत कराया—

(1) ऑवला मे विद्यमान विटामिन-सी केवल ऑशिक रूप से नष्ट हो जाता है और फल को उबालने के बावजूद पर्याप्त मात्रा मे फलो मे विद्यमान रहता है।

(11) ऑवला फलो मे वर्तमान विटामिन-सी अन्य विटामिन-सी की तुलना मे रक्त मे अधिक समय तक बना रहता है। उन्होने सुझाव दिया कि ऑवला फल का विटामिन-सी कुछ पकाने के बाद डिब्बा बन्द किया जाता है और इसलिए रक्त द्रव स्तर अधिक समय तक बना रहता है।

(111) उन्होने बतलाया कि ऑवला मे रेशे की लम्बी शृखला होती है जो हृदय रोग की रोकथाम करने और कॉलेस्टोल स्तर को कम करने मे सर्वाधिक लाभप्रद है।

4 **च्यवनप्राश**—च्यवनप्राश का पहला वैज्ञानिक अध्ययन उन्हाने किया हे, जो यह प्रकाश डालता है कि—

(1) तीन घण्टो तक ऑवला उबालने के समय ऑवला फल मे विटामिन-सी ऑशिक रूप से नष्ट हो जाता है।

(11) च्यवनप्राश विटामिन-सी लेने से रक्त के स्तर विद्यामान रहते हे।

(111) च्यवनप्राश स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हे।

5 ग्रामीण निवासियो मे हृदय रोग की सक्रामकता का अध्ययन करने वाले वह प्रथम हैं।

6 विटामिन-सी के नए गुण अर्थात् इसके रक्त का थक्का जमाने वाला प्रभाव और बिम्बाणु प्रतिरोधी प्रभाव को बतलाने वाले वह प्रथम हैं।

7 उनके कार्य ने यह मत स्थापित किया ह कि भारत मे वक्ष गेगो को उत्पन्न करने वाले महत्त्वपूण कारको मे से एक तम्बाकू खाना और बीडी पीना ह। (जनल ऑफ फीजीशियन्स ऑफ इण्डिया खण्ड 25 जून, 1977)

इस प्रकार डॉ बोर्दिया के अनुसार भारतीय भोजन मे काम आने वाल ममाले स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं, विशेषकर हृदय रोगो मे तो काफी उपयोगी हैं। उनका कहना है कि केवल खुशबू अथवा स्वाद के लिए ही मसालो का उपयोग नही किया जाता बल्कि इनका हृदय पर अच्छा प्रभाव पडता है। आमतौर पर भारतीय मसालेदार सब्जी खाते हैं। इन सब्जियो मे घी/तेल अच्छी मात्रा मे डाला जाता ह। मसाले शरीर मे घी/तेल के दुष्प्रभावो को कम करते हैं। धमनियो मे वसा के जमाव को कम करते हैं, रक्त को पतला करते हैं तथा रक्त चाप को भी सामान्य बनाये रखते हैं।

डॉ बोर्दिया को उपर्युक्त कार्य हेतु अनुसन्धान अनुदान प्राप्त हुए—

1 "धमनी काठिन्य मे प्रयोगात्मक रूप से प्याज और लहसुन के आवश्यक तेल [सक्रिय सिद्धान्त (गुण)] के अध्ययन हेतु"-भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद्, 1975-76, 76-77

2 "मानव मे घातक अध्ययन मे रक्त लिपिड्स पर प्याज और लहसुन के आवश्यक तेल के प्रभाव का अध्ययन करना" 1975-76, चिकित्सा अनुसन्धान केन्द्र, बम्बई हॉस्पिटल ट्रस्ट।

3 "मानव मे रक्त समुच्चय पर प्याज और लहसुन के सक्रिय सिद्धान्त (गुण) के दीर्घकालीन प्रभाव का अध्ययन करना।" वेज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद्, 1976-77, 1977-78

4 "मानव मे रक्त लिपिड्स पर लहसुन के प्रभाव का अध्ययन करना" 1979-80 और 1981-82

5 रक्त लिपिड्स पर गुग्गल का प्रभाव, अनुसन्धान अनुदान 1983, 84 और 85 वेज्ञानिक औग औद्योगिक अनुसन्धान परिषद क पक्ष मे प्राप्त किया गया था।

रुचिकर कार्य—उनके रुचिकर कार्य सगीत, बागवानी और खेल है। वह बैडन्टिन नाटक हॉकी आदि मे राजस्थान विश्वविद्यालय के विजेता ग्ह चुके है।

❒

डॉ. बी भण्डारी

(1938 ई)

जन्म एव शिक्षा—डॉ भगवती लाल भण्डारी का जन्म 3 जनवरी, 1938 ई को भारत के राज्य राजस्थान मे झीलो की नगरी उदयपुर मे हुआ था। उनकी विद्यालयी और महाविद्यालयी शिक्षा उदयपुर मे सम्पन्न हुई थी। उन्होने एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर (राजस्थान), भारत के नियमित छात्र रहकर सन् 1960 ई मे एम बी बी एस परीक्षा और 1963 ई मे एम डी (भेषज विज्ञान) परीक्षा तथा 1964 ई मे कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स एण्ड सर्जन्स, बम्बई से डी सी एच परीक्षा उत्तीर्ण की।

व्यवसाय के पथ पर—डॉ भण्डारी विभिन्न पदो पर कार्यरत रहे। वह 7 मई, 1963 स 14 सितम्बर, 1964 ई तक एस एम एस चिकित्सालय, जयपुर और आर एन टी चिकित्सा महाविद्यालय, उदयपुर मे सहायक चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। वह आर एन टी चिकित्सा महाविद्यालय, उदयपुर मे 15 सितम्बर, 1964 से 18 अक्टूबर, 1965 ई तक बाल रोग विज्ञान विषय मे सहायक चिकित्साधिकारी एव ट्यूटर के पद पर, 19 अक्टूबर, 1965 ई से 20 अक्टूबर, 1967 ई तक बालरोग विज्ञान विषय मे व्याख्याता पद पर, 21 अक्टूबर, 1967 ई से 3 सितम्बर, 1974 ई तक बाल रोग विज्ञान विषय मे रीडर के पद पर, 4 सितम्बर से बाल रोग विज्ञान विषय के प्रोफेसर पट पर, 22 जनवरी, 1985 ई से बाल रोग विज्ञान विषय के वरिष्ठ प्रोफेसर पद पर, 18 अप्रैल, ˈ984 ई से 31 अक्टूबर, 1989 ई तक चिकित्सा अधीक्षक, सामान्य एव जनाना चिकित्सालय, उदयपुर के पद पर, 1 नवम्बर, 1987 ई से 15 जून, 1988 ई तक वरिष्ठ प्रोफेसर तथा प्रधानाचार्य एव नियत्रक के पद पर, तथा 31 जुलाई, 1989 ई से 58 वर्ष की वय पर राज्य सेवा से अपनी सेवानिवृत्ति तिथि 31 जनवरी, 1996 ई तक वरिष्ठ प्रोफेसर तथा प्रधानाचार्य एव नियत्रक के पद पर कार्यरत रहे।

उन्होने (1) चडीगढ मे विश्व स्वास्थ्य सगठन द्वारा 1968 ई मे आयोजित "नियोनाटोलॉजी (Neonatology) - नवजात शिशु विज्ञान" मे विकसित पाठ्यक्रम, (ii) अन्तर्राष्ट्रीय बाल केन्द्र, पेरिस और विश्व स्वास्थ्य सगठन द्वारा 1969 ई मे नई

दिल्ली मे ''सामाजिक और निरोधक बाल रोग विज्ञान'' पर आयाजित दक्षिण पूव एशिया कार्यगोष्ठी, (iii) विश्व स्वास्थ्य सगठन द्वारा 1972 इ मे जयपुर मे आयोजित ''पुन आद्रता स्थापन (रिहाइड्रेसन) राग निदान ओर चिकित्सा (थिरैपी)'' मे विकसित पाठयक्रम, और (iv) उदयपुर मे (विश्व स्वास्थ्य सगठन-भारतोय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद्, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाये) 1981 ई मे ओरल रिहाइड्रेसन थिरैपी पर राष्ट्रीय सेमीनार मे विशष प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

सदस्यता और फैलोशिप—वह अमेरिकन एकेडेमी ऑफ पेडिएट्रिक्स, यू एस ए और भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य हे। वह रॉयल सोसायटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन, लन्दन के फेलो हें। वह सेवा मन्दिर, उदयपुर ओर ज्ञान मन्दिर उदयपुर के आजीवन सदस्य हे। वह विज्ञान समिति, उदयपुर और विकलॉग समिति उदयपुर के सस्थापक और आजीवन सदस्य हैं। वह सन् 1988 इ मे इण्डियन एकेडेमी ऑफ पडिएट्रिक्स के फेलो (एफ आइ ए पी) और 1989 ई मे एकेडमी ऑफ मेडिकल साइन्सेज के फेलो (एफ ए एम एस) बने।

उन्होने वर्ष 1960-61 इ मे ''शिशुओ मे अन्त परिस्तरीय रक्त आयात-Intra-peritoneal blood transfusion in infants'' पर अनुसन्धान कार्य हेतु थेमिस फेलोशिप ''पीप बनाने वाली मस्तिष्क की झिल्ली मे सूजन मे कमी—Reverin in Pyogenic Menigvgitis'' पर शाध कार्य हेतु 1961 ई मे बम्बइ चिकित्सालय जर्नल शोध पूल फेलोशिप, ''अकुरा कृमि (चनूना) रोग मे बिटोस्केनेट (Bitoscanate in Hook-warm disease'' पर अनुसन्धान कार्य हेतु सन् 1964 ई मे फार्बेवर्की होइकस्ट, पश्चिमी जर्मनी, फैलोशिप, ''विशिष्ट पोषण कार्यक्रम के धर्मस्व प्राप्तकर्त्ताओ के मूल्यॉकन'' हेतु वर्ष 1972 73 इ मे समाज कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार का शोध अनुदान, ''भारतीय बाल्यकाल मे किसी अग विशेषकर यकृत की अन्तरालीय सूजन मे जस्ते की भूमिका—Role of Zinc in Indian Childhood Cirrhosis'' हेतु चिकित्सा अनुसन्धान कन्द्र, बम्बई चिकित्सालय का वष 1976-77 का शोध अनुदान ''धनुस्तम्भ नवजात शिशु रोग मे अन्त रक्षकावरणीय ए टी एस —Intrathecal A T S in Tetanus Neonatorium'' हेतु भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् का वष 1978-79 ई मे अनुसन्धान-अनुदान तथा फेलोशिप, ''अस्वाभाविक वस्तुओ के खाने की लालसा (चाह) मे जस्ता—Zinc in pica'' हेतु चिकित्सा अनुसन्धान केन्द्र बम्बइ चिकित्सालय का वर्ष 1978-79 इ मे शोध अनुदान ''डी पी टी भण्डारण और ढुलाइ'' हेतु भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् का वष 1979-80 मे शोध अनुदान ''बी सी जी टीका युक्त बच्चो मे क्षय रोग'' हतु चिकित्सा

अनुसन्धान केन्द्र, बम्बई चिकित्सालय का वर्ष 1980 81 मे शोध अनुदान, ''आदिवासियो मे प्रचलित स्तन पान प्रथाओ पर बहु केन्द्रिक अध्ययन'' हेतु भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद का वर्ष 1982-84 ई मे शोध अनुदान तथा ''परिरखीय स्वास्थ्य सेवाओ'' पर वर्ष 1988-91 ई मे और ''तत्रिका सम्बन्धी नली दोषा'' मे वर्ष 1989 ई मे भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद के अनुदान प्राप्त किये।

अनुसन्धान कार्य—डॉ भण्डारी ने बाल रोग विज्ञान से सम्बन्धित विभिन्न प्रकरणो जैसे—(1) शिशुओ मे अन्त परिस्तरीय रक्त आपात, (11) पीप बनाने वाली मस्तिष्क की झिल्ली मे सूजन मे कमी, (111) अकुरा कृमि (चनूना) रोग मे बिटोस्केनेट, (1v) भारतीय बाल्यकाल मे किसी अग विशेषकर यकृत की अन्तरालीय सूजन मे जस्ते की भूमिका, (v) धनु-स्तम्भ नवजात शिशु रोग मे अन्त रक्षकावरणीय ए टी एस , (v1) डी पी टी भण्डारण और ढुलाई, (v11) बी सी जी टीका युक्त बच्चो मे क्षयरोग, (v111) आदिवासियो मे प्रचलित स्तनपान प्रथाओ पर बहुकेन्द्रिक अध्ययन, (1x) परिरेखीय स्वास्थ्य सेवाये, और (x) तत्रिका सम्बन्धी नली दोषो पर अनुसन्धान कार्य किया है।

सम्मान और पुरस्कार—बाल रोग विज्ञान के क्षेत्र मे श्रेष्ठ कार्य और प्रकाशनो के उपलक्ष मे राजस्थान सरकार ने डॉ भण्डारी को सन् 1981 ई मे योग्यता प्रमाण-पत्र और दो हजार रुपये का नकद पारितोषिक प्रदान किया था। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र मे उनकी महत्त्वपूर्ण सेवाओ के लिए उन्हे डॉ फारुख अब्दुल्ला पुरस्कार, 1991 ई मे प्रदान किया गया था।

वह गृह विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर विश्वविद्यालय, विस्तार शिक्षा निदेशालय, उदयपुर विश्वविद्यालय, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय विद्या भवन, उदयपुर, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक (उदयपुर), सामाजिक विज्ञान और सामाजिक कार्य पीठ, उदयपुर, पुनश्चर्चा प्रशिक्षण केन्द्र, उदयपुर, विद्या भवन ग्रामीण सस्थान, उदयपुर, ऑगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र जनता कॉलेज, डबोक और राजस्थान महिला विद्यापीठ, उदयपुर मे विजिटिग व्याख्याता रहे थे।

वह वर्ष 1966-69 ई मे भारतीय चिकित्सा सघ, उदयपुर के मानद सचिव, वर्ष 1972-73 और 1973-74 मे रोटरी क्लब, उदयपुर के सचिव तथा वर्ष 1974-75 मे उपाध्यक्ष वर्ष 1970-76 मे विज्ञान समिति के उपाध्यक्ष, सन् 1977 ई मे भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी राजस्थान राज्य शाखा के अध्यक्ष, सन् 1984 ई मे भारतीय बाल गेग विज्ञान अकादमी क कार्यकारी सदम्य, वर्ष 1975-

76 और 1976 77 मे रोटरी क्लब उदयपुर के अध्यक्ष वर्ष 1977-80 ई मे विज्ञान समिति, उदयपुर के अध्यक्ष वर्ष 1979-80 इ मे छात्र परिषद्, आर एन टी चिकित्सा महाविद्यालय उदयपुर के अध्यक्ष तथा सन् 1982 से 1984 इ तक विकलॉग कल्याण समिति, उदयपुर क अध्यक्ष थे।

विदेश भ्रमण—वह पश्चिमी जर्मनी ईरान, डेन्माक इग्लेड हॉलेण्ड फ्रास स्विटजरलैण्ड, आस्ट्रिय, इटली यूनान, इजरायल, कनाडा और यू एस ए की यात्रा कर चुके है।

प्रकाशन—उनके 190 से अधिक शोध-पत्र राज्य, राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय चिकित्सा जर्नलो मे प्रकाशित हो चुके हैं।

उन्होने निम्नलिखित आठ पुस्तके लिखीं/सम्पादित की है—

(1) बालको का बीमारियो से बचाव (हिन्दी)-सेवा मन्दिर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित, 1970, डॉ बी भण्डारी, द्वितीय सस्करण 1976, तृतीय सस्करण 1979।

(2) बालको का सन्तुलित आहार (हिन्दी)-सेवा मन्दिर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित, 1972, डॉ बी भण्डारी एव बी एम गुप्ता, द्वितीय सस्करण, 1976 नाम "शिशु आहार" और तृतीय सस्करण 1979।

(3) शाला स्वास्थ्य स्कवायेन एव शिक्षा (हिन्दी) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 1977 ई मे प्रकाशित (पृष्ठ 450), डॉ बी भण्डारी।

(4) बाल स्वास्थ्य (हिन्दी) भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी राजस्थान राज्य शाखा द्वारा प्रकाशित, 1977 (पृष्ठ 47), डॉ बी भण्डारी द्वारा सम्पादित।

(5) "प्रोग्रेस इन पेडिएट्रिक्स 1979-80" डॉ बी भण्डारी, डॉ एस एल मण्डोवरा और डॉ आर के पामेचा द्वारा सम्पादित, भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी (राजस्थान राज्य शाखा)।

(6) "पेडिएट्रिक्स प्रेसक्राइबर" 1983 (65 पृष्ठ), डॉ बी भण्डारी तथा डॉ बी शारदा, बाल रोग विज्ञान विभाग।

(7) इन्ट्रीगेटेड चाइल्ड डेवलपमेट सर्विसेज" द्वारा डॉ बी भण्डारी तथा डॉ एस एल मण्डोवरा (पृष्ठ 58) बाल रोग विज्ञान विभाग।

(8) स्मारिका द्विदशकीय वार्षिक समारोह 1984।

उन्होने अधोलिखित पाठ्यपुस्तको मे अध्याय लिखे हैं—

(i) ओ पी थॉमन द्वारा सम्पादित ''टेक्स्ट बुक ऑफ पेडिएट्रिक्स-बाल रोग विज्ञान की पाठ्यपुस्तक'', 1983 मे ''रेस्पिरटेरी डिजीजेज-श्वास रोगो'' पर एक अध्याय।

(ii) भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी के लिए पी एम उदानी द्वारा सम्पादित ''टेक्स्ट बुक ऑफ पेडिएट्रिक्स-बाल रोग विज्ञान की पाठ्यपुस्तक'' मे ''पेराइसाइटिक डिजीज-पराजीवी रोग'' पर एक अध्याय।

(iii) डॉ एड्विन ऑर्थर द्वारा सम्पादित ''पेडिएट्रिक ऐक्टिसेज इन ट्रॉपिकल कन्ट्रीज'' मे ''इन्ट्रीगेटेड चाइल्ड डेवलपमेट सर्विसेज-एकीकृत बाल विकास सेवाये'' पर अध्याय।

(iv) डॉ मेहरबानसिह द्वारा सम्पादित ''ऐमरजेसीज इन चिल्ड्रन-बच्चो मे आपताये'' मे ''हायपरपायरेक्सिया-अति ज्वर'' पर एक अध्याय।

उन्होने निम्नलिखित स्मारिकाओ मे अध्याय लिखे है—

1 डॉ एस सक्सेना और प्रेमप्रकाश द्वारा सम्पादित ''सम कॉमन टोपिक्स इन पेडिएट्रिक्स', 1979 मे 'टूबरकूलर मेनिनजाइटिस, पायओजेनिक मेनिजाइटिस और फ्रेबाइल कन्वलजन्श' पर अध्याय।

2 इण्डियन एकेडेमी ऑफ पेडिएट्रिक्स के लिए डॉ सत्य गुप्ता द्वारा सम्पादित 'ड्रग थिरेपी इन पेडिएट्रिक्स' मे 'ड्रग थिरेपी इन इन्टेस्टीनल हेल्मीन्थीएसिस' पर अध्याय, 1980।

3 भारतीय बाल रोग विज्ञान राजस्थान शाखा के लिए डॉ सी बी दास गुप्ता द्वारा सम्पादित ''निओनेटल केयर'' पर लघुपुस्तिका मे 1981 मे अध्याय ''सीजर्स इन न्यू बोर्न''।

4 प्रोफेसर सी के जोशी द्वारा सम्पादित-स्मगरिका-इण्डियन एसोसिएशन ऑफ प्रीवेटिव एण्ड सोशल मेडिसिन, 1983 मे अध्याय ''आई सी डी एस ।''

5 इण्डियन एकेडेमी ऑफ पेडिएट्रिक्स की राजस्थान शाखा के लिए ''ऐमरजेसीज इन चिल्ड्रन'' पर लघुपुस्तिका मे ''रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस'' पर अध्याय।

6 डॉ ओ पी घेई और डॉ पी एन तनेजा द्वारा सम्पादित 'करेन्ट टॉपिक्स इन पेडिएट्रिक्स' 1977।

वह 1960 ई से 'लोक विज्ञान' के स्वास्थ्य प्रखण्ड तथा इण्डियन जनल ऑफ पेडिएट्रिक्स का 1975 से सम्पादन कर रहे हैं। वष 1973-74 ई मे वह इण्डियन पेडिएट्रिक्स के सम्पादकीय सलाहकार मण्डल के सदस्य थे।

सम्मेलनो मे सहभागिता—वह निम्नलिखित सम्मेलनो मे भाग ले चुक हे—

1 1964, ।967, 1971, 1974, 1976 और 1981 ई मे भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय सम्मेलन, पत्र प्रस्तुत किये ओर सत्रो की अध्यक्षता की।

2 सन् 1968 इ मे फ्रेकफर्ट, पश्चिमी जर्मनी मे "अकुरा कृमि रोग पर अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार" मे पत्र प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित।

3 उदयपुर मे 1971 ई मे राजस्थान राज्य चिकित्सा सघ सम्मेलन "प्रोटीन कैलोरी माल न्यूट्रीशन" ओर "लिम्फ नोड बाइओप्सी ए न्यू बेड साइड मेथ्ड"

4 गोवा मे गेस्ट्रोएन्ट्रोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया का वाषिक सम्मेलन "रिवेनोल लेक्टेट इन डायरिया इन स्कूल चिल्ड्रन"

5 1973 ई मे उदयपुर मे एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इण्डिया के वार्षिक सम्मेलन मे 'फ्लूइड एण्ड इलैक्ट्रो लाइट्स इन क्लीनिकल प्रेक्टिस" पर परिसवाद मे पत्र प्रस्तुत करने के लिए आमत्रित।

6 हाफकिन सस्थान, बम्बई के प्लेटिनम जयन्ती समारोह, 1973 ई मे आमत्रित और पत्र प्रस्तुत किया।

7 फरवरी, 1974 ई मे उदयपुर मे "स्वास्थ्य एव जनसख्या कार्यशाला" मे भाग लिया तथा एक सत्र का सभापतित्व करने एव व्याख्यान देने के लिए आमत्रित।

8 1977 ई मे नवम् अन्तर्राष्ट्रीय बाल रोग विज्ञान काग्रेस, नई दिल्ली मे भाग लिया और पत्र प्रस्तुत किये।

9 नवम्बर, 1977 ई मे राजस्थान राज्य शाखा के अध्यक्ष और आयोजन सचिव के रूप मे भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी की राजस्थान राज्य शाखा के पचम् वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया।

10 फरवरी, 1978 ई मे उदयपुर मे इण्डियन एसोसिएशन एट प्रीवेटिव एण्ड सोशल मेडिसिन के राष्ट्रीय सम्मेलन मे परिसवाद मे भाग लेने के लिए आमत्रित और भाग लिया।

11 उदयपुर विश्र्वविद्यालय मे बच्चो मे मानसिक मन्दता पर राष्ट्रीय सम्मेलन मे एक पत्र प्रस्तुत करने एव एक सत्र की अध्यक्षता करने के लिए आमन्त्रित।

12 1978 ६ मे भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी की मध्य प्रदेश राज्य शाखा के मन्दसौर मे वार्षिक सम्मेलन मे अतिथि व्याख्यान देने हेतु आमन्त्रित।

13 1981 इ मे हैदराबाद मे मानसिक मन्दता पर समग्र सत्र हेतु भारतीय बाल राग विज्ञान अकादमी द्वारा आमन्त्रित।

14 भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय सम्मेलन जोधपुर 1988, आगरा 1989, हैदराबाद, 1990 आदि म आमन्त्रित व भाग लिया।

15 बी जे चिकित्सा महाविद्यालय अहमदाबाद के बाल रोग विज्ञान विभाग के 4 दशक समारोह, 1988 मे ''आई सी सी '' पर अतिथि व्याख्यान हेतु आमन्त्रित और प्रस्तुत किया।

16 भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी के राजम्थान स्कन्ध वार्षिक सम्मेलन कोटा, 1990, भीलवाडा, 1992 मे आमन्त्रित/भाग लिया।

17 24-28 सितम्बर, 1989 को ब्रूसेल्स मे 'न्यूट्रीऑन-मेटाबोलिक डिसओर्डर्स' पर कार्यशाला मे भाग लेने के लिए भारतीय बाल रोग विज्ञान अकादमी द्वारा प्रायोजित।

18 1991 ई मे भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा प्रायोजित 'क्लिनिकल केयर, केयर मेडिसिन' पर भारत-अमेरिकन परिसवाद और कार्यशाला का आयोजन किया।

19 2-3 नवम्बर 1992 ई को मनीपाल मे ''इन्डो-यू एस सी एम ई ऑन इन्फेक्सस डिजीज'' मे भाग लिया।

एकीकृत बाल विकास सेवाये—वह मार्च, 1977 ई से एकीकृत बाल विकास सेवाओ के परामर्शद है। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमा मे वह 126 रेजीडेट डॉक्टरो, 2650 इन्टर्न्स, 2690 ऑगनबाडी कार्यकर्त्ताओ, 350 ऑगनबाडी पर्यवेक्षको 210 चिकित्सा अधिकारियो और 28 एकीकृत बाल विकास सेवा सलाहकारो को प्रशिक्षित कर चुके है।

चिकित्सा बाल स्वास्थ्य सेवाये—सन् 1963 ई से वह बच्चो के कल्याण हेतु प्रमुख रूप से कार्य कर रहे है। उन्हे बाल स्वास्थ्य जैसे-प्रतिरक्षण (रोग क्षमता

लाना) विटामिन 'अ' की कमी बाल अति जीवन, कुपोषण रक्त अल्पता आदि मे राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय लक्ष्यो की प्राप्ति एव जागृति लाने का श्रेय है।

उन्हे म्हाविद्यालय एव विश्वविद्यालय स्तर पर बाल रोग विज्ञान को एक पृथक विषय निर्मित कराने का श्रेय है ओर अब राजस्थान राज्य यह पूव मे स्नातक स्तर पर यह एक पृथक् विषय है तथा सभी कॉलेजो मे स्नातकोत्तर स्तर पर यह विषय है। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्रो द्वारा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही हे। 70 एम डी और 28 डिप्लोमा बाल स्वास्थ्य ने इस विभाग से उत्तीर्ण किया। कई भारत ओर विदेशो म उच्च पदो पर आसीन हैं।

उन्हे शिशु अवस्था मे वर्तमान स्नातकोत्तर विभाग तक सामान्य तथा जनाना चिकित्सालय, उदयपुर मे बाल रोग विज्ञान विभाग के निर्माण का श्रेय है, जो सम्पूर्ण दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान तथा पडोसी राज्यो की भी पूण सेवा कर रहा है। 125 बिस्तर वाला एक पृथक बाल रोग विज्ञान चिकित्सालय सन् 1993 ई मे स्थापित किया गया था।

❐

डॉ एन कोचुपिल्लै
(1939 ई)

जन्म, परिवार एव शिक्षा—डॉ एन कोचुपिल्लै का जन्म 10 फरवरी, 1939 ई को हुआ था। उनका विवाह डॉ विनोद कोचुपिल्लै के साथ हुआ है, जो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नई दिल्ली मे चिकित्सा अर्बुद विज्ञान (Medical Oncology) विषय की प्रोफेसर हैं। उनके 1980 और 1981 ई मे जन्मी मालिनी और मृणाली नामक दो पुत्रियॉ हैं। उन्होने बी एस सी , एम बी बी एस , एम डी , एफ ए एम एस और एफ ए एस सी उपाधियॉ प्राप्त की हैं।

व्यावसायिक अनुभव एव उपलब्धियॉ—उन्हे चिकित्सकीय औषधि, अन्त स्राव विज्ञान (Endocrinology) सर्माष्ट प्रक्रिया विज्ञान एव मधुमेह मे उत्तर-एम डी चिकित्सकीय, अध्यापन और अनुसन्धान का 28 वर्ष का अनुभव है। सक्रामक रोग सम्बन्धी विधि का प्रयोग करके एव साथ ही साथ मिश्रित वैज्ञानक प्रौद्योगिकी का विकास एव उपयोग करके क्षेत्र आधारित शोध प्रायोजनाये प्रारूपित करने एव क्रियान्वित करने का उन्हे व्यापक अनुभव है। इसमे से अधिकॉश अनुभव स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओ से सम्बद्ध हैं जो सामान्यत विकासशील देशो एव विशेषत भारत के लिए अद्वितीय है। इन अध्ययनो को (अ) जैव चिकित्सा विज्ञानो मे नवीन परिज्ञान प्रदान करने के लिए एव (ब) समाज के लिए तत्काल दीर्घकालीन लाभ बढाने के लिए क्रियान्वित किया गया था।

इस प्रकार, उदाहरणार्थ, उत्तरप्रदेश के सुदूर स्थानीय गण्डमाला रोग से पीडित गॉवो मे नवजात शिशु सम्बन्धी थाइरॉइड की कमी से उत्पन्न निद्रा रोग पर क्षेत्रीय अध्ययन के समय सैकडो नवजात शिशुओ को, जो थाइरॉइड निद्रा से ग्रसित हुए खोज निकाले गए, मानसिक मन्दता से रोकने के लिए एक वर्ष तक थाइरॉइड विनाशक उपचार प्रदान किया गया था। इसके अलावा, गोडा और देवरिया के गम्भीर रूप से प्रभावित गॉवो मे आयोडीन की कमी की महामारी को रोकने के लिए रोग रोधक आयोडीन युक्त तेल का इजेक्शन 12,000 से अधिक लोगो को लगाया गया था।

उनके कार्य के परिणामस्वरूप भारत मे खाद्य नमक के सार्वजनिक आयोडीनकरण की स्वास्थ्य सम्बन्धी राष्ट्रीय नीति अपनाई गई है। इस नीति को

उत्तरप्रदेश मे पहले ही लागू कर दिया गया है जिसका परिणाम पाषक आयोडीन की कमी की समाप्ति के साथ वहाँ नवजात शिशु सम्बन्धी थाइरॉइड रोग की घटनाओ मे बहुत कमी हुई है। ये व्यापक क्षेत्रीय अनुसन्धान एव रोकथाम/उपचारात्मक प्रवृत्तियाँ देश के सुदूर भागो मे भी सचालित की गइ, क्योकि वह अन्त स्राव विज्ञान एव समष्टि प्रक्रिया विज्ञान (मधुमेह) विभाग की चिकित्सकीय सकाय के सदस्य के रूप मे चिकित्सीय, अध्यापन एव प्रयोगशाला के दायित्वा मे पूणतया अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहे है। उनके क्षेत्र आधारित अनुसन्धान एव चिकित्सकीय काय के उपलक्ष मे भारतीय चिकित्सा परिषद् ने उन्हे हरिओम आश्रम एलेम्बिक पुरस्कार प्रदान किया है।

वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नइ दिल्ली मे चिकित्सा सकाय (चिकित्सकीय अन्त स्राव विज्ञान एव समिष्ट प्रक्रिया विज्ञान) के 24 वर्षो से सदस्य हैं तथा रेडिया इम्मूनोएसे मे 19 वष का तकनीकी अध्यापन एव अनुसन्धान अनुभव उन्हे है।

उन्होने राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय सस्थाओ जैसे भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद्, विश्व स्वास्थ्य सगठन ओर यूनीसेफ और आई ए ई ए के परामर्शद/विशेषज्ञ के रूप मे कई बार कार्य किया है।

वह 1985 ई मे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान मे ''आयोडीन पोषण, थायरोक्सिन और मानसिक विकास—Idodıne Nutrıtıon Thyroxıne and Braın Development'' पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय परिसवाद—कार्यशाला के आयाजन सचिव रह चुके हैं।

विगत 8 वर्षो से वह अखिल भारतीय आयुविज्ञान सस्थान मे एम एस सी स्तर के लिए जैव प्रौद्योगिकी मे प्रशिक्षण कार्यक्रम के विकास मे सक्रिय रूप मे सलग्न है। वह एम एस सी जैव प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के जेव-मात्रा (Bıo-quantıtatıon) प्रौद्योगिकी के मुख्य समन्वयक रह चुके हैं। इस कायक्रम आर आइ ए भाग मे अध्यापक के रूप मे उनकी देनो को छात्रो एव विद्वानो ने महत्त्वपूर्ण मान लिया है।

पता—उनका वर्तमान पता इस प्रकार है--

डॉ एन कोचुपिल्लै,
एम डी , एफ ए एम एस , एफ ए एस सी ,
प्रोफेसर एव अध्यक्ष,
अन्त स्राव विज्ञान एव समष्टि प्रक्रिया विज्ञान (मधुमेह) विभाग,
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान
असारी नगर, नई दिल्ली-110029 (भारत)

प्रकाशन—उनके 80 से अधिक लेख विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो एव दैनिक-पत्रो मे प्रकाशित हो चुके है। इनमे से 47 अन्तर्राष्ट्रीय रूप से सुविख्यात वैज्ञानिक प्रकाशनो जैसे नेचर, लेन्सेट, एन्डोक्रिनोलॉजी, विश्व स्वास्थ्य सगठन की बुलेटिन आदि मे प्रकाशित हुए है। नेचर, लेन्सेट, एन्डो क्रिनोलॉजी और विश्व स्वास्थ्य सगठन की बुलेटिन मे सम्मिलित इन 50 प्रकाशनो के वह प्रथम लेखक भी है। इसके साथ ही, 30 से अधिक पत्र अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो/परिसवादो मे प्रस्तुत किये जा चुके है तथा 10 पत्र राष्ट्रीय बैठको मे प्रस्तुत किए गए है। उन्होने एक लेखमाला (monograph) का सम्पादन किया है, राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित पुस्तको मे कई अध्याय लिखे है तथा विश्व स्वास्थ्य सगठन/यूनीसेफ द्वारा प्रकाशित "भूटान, नेपाल और चीन मे आयोडीन की कमी से विकारो" पर तीन लेखमालाये लिखी है। विश्व स्वास्थ्य के निवेदन करने पर उन्होने भारत मे रेडियो-इम्मूनोएसे मे अध्यापको के प्रशिक्षण हेतु अध्यापन सामग्री तैयार की है।

उनके वैज्ञानिक प्रकाशनो से 14 वर्ष से अधिक समय से निरन्तर अन्नर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक साहित्य मे उद्धरण प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जैसा कि अब अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान प्रशस्तियो से सिद्ध हो गया है। उनको अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित प्रमुख पाठ्यपुस्तको, लेखमालाओ, प्रमुख वैज्ञानिक जर्नलो के सम्पादकीयो एव वैज्ञानिक समीक्षाओ मे भी उद्धृत किया जाता है।

महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक एव व्यावसायिक देने—

(1) **बहुत कम स्तर का विकिरण और मानव स्वास्थ्य**—उन्होने सक्रामक रोग सम्बन्धी और कोशिकानुवशिकीय विधियो का उपयोग करके अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक साहित्य मे पहली बार यह प्रदर्शित किया कि प्रति वर्ष 1500 से 3000 एम रैड्स (विकिरण की इकाइयॉ) के क्रम मे बहुत कम स्तर का विकिरण मनुष्य मे सहजात अपसामान्यताये (पैदाइशी नियम विरुद्धताये) और कोशिकानुवशिकीय विचलन उत्पन्न कर सकता है। गोलाकार विकिरण के विपदग्रस्तता (धूप-वायु के प्रभाव मे अवस्थान) मे बढते हुए झुकाव को ध्यान मे रखते हुए यह खोज जन-स्वास्थ्य के लिए बडे महत्त्व की है। उनका शोध-आलेख प्रतिष्ठित जर्नल 'नेचर' मे 1976 ई मे प्रकाशित हुआ था। इसे प्रमुख वैज्ञानिक साहित्य मे व्यापक रूप से उद्धृत किया गया है और उसका साराश निकाला गया और अमेरिकन मेडिकल एसोशिएशन के जर्नल क "चयनित साराश" खण्ड मे प्रमुख वैज्ञानिक प्रकाशन के रूप मे पुन

प्रकाशित किया गया। इस प्रकाशन के बाद शीघ्र ही राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय समाचार-पत्रो मे व्यापक रूप से इस अध्ययन को प्रसारित किया था।

(2) **स्थानीय गण्डमाला रोगग्रस्त क्षेत्रो मे प्रौढो मे थाइराइड के विकास से उत्पन्न निद्रा गेग**– सूक्ष्मग्राही और मिश्रित प्रविधियो का प्रयोग करके उन्होने पहली बार साहित्य मे वैज्ञानिक प्रमाण प्रकाशित किया कि एक स्थान मे प्रौढ गण्डमालारोगग्रम्त लोगो मे कार्य रूप मे थाइराइड को कम किया जा सकता है।'लेन्सेट' मे 1973 मे प्रकाशित इस निष्कर्ष को बाद मे दूसरो ने स्वीकार किया और उसी जर्नल मे सम्पादकीय टिप्पणी को आकर्षित किया। जन-स्वास्थ्य और वैज्ञानिक रुचियो की दृष्टि से इस कार्य को प्रमुख साहित्य मे उद्धृत किया गया है। इसका साराश लिखा गया और "ईयर बुक ऑफ इन्डोक्रिनोलॉजी" 1974 मे वर्ष के महत्त्वपूर्ण प्रकाशन के रूप मे प्रकाशित किया गया।

(3) **विकासशील देशो मे नवजात शिशु सम्बन्धी थाइरॉइड के विकार से उत्पन्न निद्रा रोग के छॅटाव के आयोजन हेतु समुचित प्रौद्योगिकी एव क्षेत्रीय व्यूह रचनाओ का विकास**—उन्होने भारत मे सुदूर और सामाजिक-आर्थिक रूप मे पिछढे स्थानीय गण्डमाला रोगग्रस्त क्षेत्रो मे नवजात शिशु सम्बन्धी थाइरॉइड की कमी से उत्पन्न निद्रा रोग के बडे पैमाने पर फिल्टर पेपर (छन्ना कागज) पर खून के धब्बो पर आधारित छटाव (बहुत से व्यक्तियो की परीक्षा कर उन्हे किसी विशेष रोग अथवा लक्षणा हेतु देखा जाना)के आयोजन हेतु समुचित एव मूल्य प्रभावित प्रौद्योगिकी तथा क्षेत्रीय व्यूह-रचनाओ का विकास किया। इम उपलब्धि ने विकासशील जगत मे कही भी पहली बार आयोडीन की कमी वाले स्थानीय क्षेत्रो मे थाइरॉइड की कमी से निद्रा रोग के नवजात शिशुओ का छटाव सम्भव बना दिया। परिणामस्वरूप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यह सुझाया गया है कि थाइरॉइड की कमी से निद्रा रोग के नवजात शिशुओ का छटाव स्थानीय भयानकता के माथ-साथ प्रचलित आयोडिन रोगरोधक कार्यक्रमो के प्रभाव को मापने के लिए महत्त्वपूर्ण तरीका होना चाहिए।

(4) **भारत मे भयकर रूप से आयोडीन की कमी से गण्डमाला रोगग्रस्त स्थानो मे नवजात शिशुओ मे थाइरॉइड की कमी से निद्रा रोग की**

कई सौ गुना घटनाओ का प्रदर्शन—नवजात शिशुओ मे थाइरॉइड की कमी से निद्रारोग के छटाव की मौलिक विधियो एव प्रविधियो का प्रयोग करके उन्होने यह प्रदर्शित किया कि नवजात शिशुओ मे थाइरॉइड की कमी से निद्रा रोग की घटनाये भारत मे आयोडोन बहुल क्षेत्रो की तुलना मे गरीबी से सताये गम्भीर रूप से आयोडीन की कमी वाले क्षेत्रो मे कई सौ गुना अधिक है। सावधानीपूर्वक किये गये चिकित्सकीय— सक्रामक रोग सम्बन्धी और एमिओक्रिनोलोनिक अध्ययनो से भी उन्होने यह दिखलाया कि नवजात शिशुओ मे थाइराइड की कमी से निद्रारोग की बडी घटना स्थानीय निवासियो मे बडे पैमाने पर उप-चित्तभ्रान्त्यात्मक मानसिक क्षति पहुँचाता है। इसके जन-स्वास्थ्य महत्त्व को ध्यान मे रखकर इस कार्य को प्रस्तुत करने के लिए उन्हे कई अन्तर्राष्ट्रीय बैठको मे आमन्त्रित किया गया तथा यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित अनेक वैज्ञानिक लेखो का आधार है। 'नेचर' पत्रिका ने इस खोज को अपने समाचार एव विचार खण्ड मे स्थान दिया और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया ने खाज के बारे मे समाचार सामग्री/लेखो के रूप मे प्रकाशित किया। इम खोज ने नवोन जागृति उत्पन्न की कि पोषक आयोडीन की कमी स्थानीय निवासियो मे बडे पैमाने पर मानसिक क्षति कर सकती है और स्थानीय गण्डमाला रोगग्रस्त क्षेत्रो के अनियत्रिन सामाजिक-आर्थिक पिछडेपन और पोषक आयोडीन की कमी के मध्य सभावित कारण बतलाने वाला बन्धन (दरार-सेतु) पर प्रकाश डाला।

(5) **देश व्यापी अतिरिक्त हिमालय सगम मे स्थानीय गण्डमाला रोग और पोषक आयोडीन की कमी का प्रदर्शन भारत मे खाद्य नमक के सार्वजनिक आयोडीन की राष्ट्रीय नीति का औचित्य**—प्रो रामलिगम स्वामी के हिमालय मे स्थानीय गण्डमाला रोग के अध्ययन मे 1962 ई मे दिल्ली को 'अदेशज' नियत्रण क्षेत्र के रूप मे प्रयोग किया गया। तथापि सावधानीपूर्वक किये गए आयोडीन के समष्टि प्रक्रिया विज्ञान और बलगति विज्ञान के अध्ययनो के आधार पर वह 1960 के दशक मे दिल्ली और पडौसी क्षेत्रो मे साधारण गण्डमाला रोग मे देखी गई आयोडीन की कमी के जैव रासायनिक प्रमाणो को प्रदर्शित करने मे सफल हुए। बाद मे उनके द्वारा तथा साथ ही साथ एन जी सी मे सावधानीपूर्वक सक्रामक राग सम्बन्धी अध्ययनो ने दिल्ली मे स्थानीय

गण्डमाला रोग के प्रचलन को प्रकट कर दिया। शीघ्र ही देश के अन्य भागो से ऐसी ही सूचनाये प्राप्त हुइ। अत भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् ने गण्डमाला रोग फैलने के सम्बन्ध मे देशव्यापी बहुकेन्द्रीय अध्ययन का आयोजन किया। इस अध्ययन के दो प्रमुख समन्वयको मे मे वह एक थे जिसने देश के विभिन्न भागो से सभी 14 जिलो मे स्थानीय गण्डमाला रोग के प्रचलन को प्रकट कर दिया। उपर्युक्त अध्ययनो ने स्वास्थ्य समस्या के रूप म पोषक आयोडीन की कमी की गम्भीर प्रकृति पर नइ अन्तर्दृष्टि के साथ म्लिकर 1992 ई तक भारत मे खाद्य नमक के सार्वजनिक आयोडीनोकरण की प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय नीति का उचित आधार तेयार किया।

(6) **उत्तरप्रदेश मे सार्वजनिक खाद्य नमक के आयोडीनीकरण का निर्देशन एव मूल्यॉकन प्रचार रूप मे प्रधानमत्री के प्रौद्योगिकी प्रचार प्रायोजना की क्रियान्विति उत्तरप्रदेश से पोषक आयोडीन की कमी की समाप्ति**—स्वास्थ्य समस्या के रूप मे पोषक आयोडीन की कमी की गम्भीर प्रकृति पर उत्पन्न नई अन्तर्दृष्टि के साथ-साथ स्थानीय गण्डमाला रोग के देशव्यापी प्रचलन के प्रदर्शन के फलस्वरूप भारत ने 1992 ई तक देश से पोषक आयोडीन की कमी को दूर करने के लिए खाद्य नमक के सार्वजनिक आयोडीनीकरण की नीति अपनाई है। उनके द्वारा उत्तरप्रदेश मे प्रदर्शित आयोडीन की कमी की गम्भीरता को देखते हुए सरकार ने वहॉ तुरन्त पोषक आयोडीन की कमी को दूर करने के लिए व्यापक प्रयास किए थे। सन् 1987 ई के अन्त तक सम्पूर्ण उत्तरप्रदेश आयोडीन युक्त नामक के रोग अवरोधक से पूर्ण हो गया था। सन् 1988 ई से प्रधानमत्री द्वारा एक वैज्ञानिक और प्रोद्योगिकी प्रायोजना इस कायक्रम के प्रभाव के निर्देशन एव मूल्यॉकन हेतु प्रारम्भ की गइ थी। प्रचार रूप मे इस प्रायोजना को चलाने का दायिन्व उन्हे सापा गया था। इस दिशा मे निर्देशन एव मूल्यॉकन हेतु त्रिसूत्रो विधि विकसित और क्रियान्वित की गई थी। इस निर्देशन एव मूल्यॉकन क नवीनतम परिणामा से यह स्पष्ट होता है कि (1) समस्त उत्तरप्रदेश मे खुदरा दुकानो से प्राप्त नमक के 90 प्रतिशत से अधिक नमूने आयोडीन युक्न हे (2) उत्तरप्रदेश मे मूत्र सम्बन्धी आयोडीन मल त्याग प्रणाली मे फौलिस के समूह पॉच (गम्भीर पोषक आयोडीन की कमी) से

फोलिम के समूह दो (आयोडीन की सन्तोषजनक जैव-उपलब्धता) तक व्यापक रूप से सुधार हुआ है और (3) तराई जिलो म नवजात शिशु सम्बन्धी आयोडीन की कमी से निद्रा रोग की घटनाये जन्म पूर्व आयोडीनीकरण के प्रति हजार 99 से जन्म बाद आयोडीनीकरण के प्रति हजार 18 तक प्रभावकारी रूप से कम हो गई है। इन अध्ययनो के परिणामो से स्वास्थ्य मत्रालय, भारत सरकार तथा प्रधानमत्री के वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय को अवगत कराया गया। उन्हे प्रकाशित भी किया गया। इस प्रायोजना के कार्य एव उपलब्धि की प्रधानमत्री के वैज्ञानिक सलाहकार ने प्रशसा की है।

(7) भूटान मे आयोडीन की कमी से विकारो के प्रचलन का देशव्यापी प्रदर्शन किया गया।

(8) रोगी **की देखरेख और अनुसन्धान हेतु मौलिक आर आई ए प्रविधियो का विकास**—उन्होने अन्त स्राव विज्ञान एव समष्टि प्रक्रिया विज्ञान विभाग की आर आई ए प्रयोगशाला मे 15 विविध आर आई ए प्रविधियाँ स्थापित की। उनमे से 10 उनके द्वारा अथवा उनके मार्गदर्शन मे विकसित और प्रमाणित मौलिक परीक्षण प्रणालियाँ है। इन परीक्षण प्रणालियो का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान मे रोगी की देखरेख सेवा और/अथवा अनुसन्धान के लिए प्रयोग किया जा रहा है। एक राष्ट्रीय समान गुण युक्त रिएजेन्ट (वह पदार्थ जो किसी 'घोल' मे अन्य पदार्थ की उपस्थिति ज्ञात करने मे मदद करता है) कार्यक्रम (National Matched Reagent Programme) के अन्तर्गत विकसित दो प्रतिरोधियो (टैस्टोस्टेटोरोन और पी आर एल —(Testosterone and PRL) भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अन्वेषको को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उनकी प्रयोगशाला मे विकसित और प्रमाणित मौलिक परीक्षण T^3 T_4 TSH ı T_3 Tg टेस्टोस्टेरोन (Testosterone) पी आर एल (PRL) और इन्सूलिन (insulin) की a और B शृखलाये है।

वर्तमान मे उनकी प्रयोगशाला मे महत्त्वपूर्ण चल रहे कार्य और उपलब्धियाँ

(अ) श्लैष्मा सम्बन्धी (Pituitary) **दीर्घ** (macro) **गाँठ** (adenomas) **की सूक्ष्म अन्त स्राव**—श्लेष्मा सम्बन्धो गाँठ की कोशिका का

सफलतापूवक सवर्द्धन किया गया। कार्य मे हावड मडिकल स्कूल के साथ सहयोग।

(ब) उत्तरी भारत मे युवाओ मे मधुमेह के रोगजनक (पहली बार अन्तराष्ट्रीय बैठक मे सारॉश बतलाया गया)

(स) **भारत मे युवा मधुमेह रोगियो मे स्वरोग प्रतिरक्षण द्वीप कोशिका क्षरण के रोग जनन मे प्रमुख द्वीप कोशिका प्रतिजन**—प्रयोगशाला मे आई सी ए बी परीक्षण का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण किया गया। द्वीप कोशिका प्रतिजनो के विपरीत प्रतिक्रियात्मक कई मूराइन (murine) मोनोक्लोनल प्रतिरोधियो को बढाया गया। (पहला सारॉश एक अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल को भेजा गया)

(द) **भ्रूण सम्बन्धी अन्त स्रावी तथा अन्त गर्भाशय सम्बन्धी विकास मन्दता के साथ नवजातो के विकास तत्त्वो का पार्श्वदृश्य**—पहला सारॉश सयुक्त राज्य अमेरिका मे अन्तर्राष्ट्रीय बैठक मे प्रस्तुत करने के लिए स्वीकृत किया गया।

(य) **इन्सूलिन के जैव-सश्लेषण हेतु पुन सधि डी एन ए प्रविधि का विकास**—आनुवशिकी अभियात्रिकी इकाई, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (प्रोफेसर एच के दास) के दास डी बी टी सहकर्मी अनुसन्धान प्रायोजना इन्सूलिन की प्रथम और द्वितीय शृखला को प्रकट कग्ने वाले पुन सधि एक कोशिका से जन्मे लोगो के मुक्त छटाव हेतु प्रतिक्रिया करने वाले रासायनिक पदार्थो का विकास पहले ही किया गया था।

(र) **आन्ध्रप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रो मे आयोडीन की कमी के रोगजनक मे आयोडीन कमी-गण्डमाला की अन्त क्रिया**—उच्च मूत्र सम्बन्धी गन्धक युक्त सायेनेट मल त्याग को दिखलाया गया। गण्डमाला परीक्षण के लिए उत्तम विधियॉ विकसित की जा रही है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान नई दिल्ली के एडोक्रापनोलॉजी एण्ड मेटाबोलिज्म विभाग के अध्यक्ष प्रो एन कोचुपिल्लै के अनुसार खानपान की वजह से ही शहरी आबादी विशेषत मध्यम तथा उच्च मध्य वर्ग म मधुमेह की घटनाये बढ रही हैं। देश की कुल आबादी का 2 25 प्रतिशत मधुमह रोगियो का है और शहरी आबादी मे यह प्रतिशत 8 है। अत लोगो का यह जानना जरूरी है कि खानपान कैसा हो। डॉ कोचुपिल्लै के अनुसार परम्परागत भारतीय भोजन मधुमेह रोगियो क

लिए सर्वश्रेष्ठ होता है। उनके मत मे मधुमेह एक गम्भीर बीमारी है, लेकिन आहार नियत्रण से न केवल इस पर काबू पाया जा सकता है बल्कि इसका निदान भी किया जा सकता है।

डॉ कोचुपिल्लै के अनुसार मधुमेह के रोगी के लिए सबसे जरूरी होता है कि वह अपनी डॉक्टरी देखभाल करना खुद सीखे, क्योकि यह रोग उम्र भर का होता है। अत अच्छा है कि वह वैज्ञानिक तरीके से जान सके कि उसे क्या करना चाहिए।

पुरस्कार एव सम्मान—उनके व्यावसायिक एव वैज्ञानिक कार्य के उपलक्ष मे उन्हे निम्नाकित राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारो और सम्मानो से सम्मानित किया गया है—

1 **सोलोमन ए बर्सन अन्तर्राष्ट्रीय फैलोशिप**—रेडियो इम्मूनोएसे (आर आई ए) मे अनुसन्धान के लिए चिकित्सा मे नोबुल पुरस्कार विजेता डॉ आर एस यलो के साथ (1975-77) (फैलोशिप की अवधि मे डॉ कोचुपिल्लै के कार्य और उपलिब्धयो के विषय मे नोबुल पुरस्कार विजेता डॉ आर एस यलो का प्रमाण-पत्र)।

2 भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद द्वारा शकुन्तला अमीरचन्द पुरस्कार, (1980 ई)।

3 भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा हरिओम आश्रम एलेम्बिक पुरस्कार, 1983 ई।

4 नेशनल एकेडेमी ऑफ मेडिकल साइन्सेज की फैलोशिप 1985 ई।

5 **बसन्ती देवी अमीरचन्द पुरस्कार, 1986 ई**—भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान का यह सर्वोच्च माना जाने वाला पुरस्कार उन्हे भारत मे थाइरॉइड रोगो पर उनके अनुसन्धान योगदान के उपलक्ष मे दिया गया।

6 नेशनल एकेडेमी ऑफ साइन्सेज, बगलौर की फैलोशिप, 1989 ई।

7 रेडियो इम्मूनोएसे के भारत मे अध्यापको के प्रशिक्षण हेतु अध्यापन सामग्री तैयार करने के लिए विश्व स्वास्थ्य सगठन का विजिटिग वैज्ञानिक अनुदान।

8 आयोडीन की कमी से विकारो के नियत्रण हेतु अन्तर्राष्ट्रीय परिषद्, एडीलेड, ऑस्ट्रेलिया के मण्डल सदस्य।

9 पर्यावरण सरक्षण हेतु अन्तराष्ट्रीय सासायटी वियना ऑस्ट्रया की वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति का सदस्य।

10 सूक्ष्म अन्त स्राव विज्ञान का विभाग, मिडिलसेक्स हॉस्पिटल, लन्दन मे प्रोफेसर आर पी एकिन्स के आमत्रणानुसार विजिटिग वैज्ञानिक।

11 हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ हैल्थ, बेथेस्डा के अवलोकनार्थ आमत्रणानुसार विश्व स्वास्थ्य सगठन का विजिटिग वैज्ञानिक अनुदान प्राप्तकर्त्ता।

12 निमत्रणानुसार डॉ डेल्बर्ट ए फिशर की प्रयोगशाला, यू सी एल ए, कैलीफोर्निया मे विजिटिग वैज्ञानिक अगस्त, 1987

13 ''आयोडीन डेफिसिऐन्सी एण्ड थाइराइड फन्कशन'' पर वैज्ञानिक परामशदात्री समूह क सदस्य के रूप मे आई ए इ ए, वियना द्वारा आमत्रित, 1987

14 नक्लियर मेडिसिन सोसायटी द्वारा मजूमदार ओरेशन अवॉर्ड 1989

❒

डॉ वी. के. शर्मा

(1941 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ विमल कुमार शर्मा का जन्म 7 सितम्बर, 1941 ई को भारत मे राजस्थान राज्य के जिला केन्द्र एव पूर्व मत्स्य राज्य की राजधानी अलवर मे हुआ था। उनके पिता श्री गोपाल नारायण शर्मा उस समय वकील थे, जो बाद मे जिला जज बन गए। उनकी माता श्रीमती शकुन्तला देवी गृहिणी हैं। उनके तीन भाई और एक बहिन है। उनकी जीवन-सहचरी डॉ लीला शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी हैं जिनके साथ उनका विवाह 12 जून, 1966 ई को सम्पन्न हुआ था। उनके सन् 1970 ई मे जन्मी सुश्री धृति शर्मा तथा सन् 1973 ई मे जन्मी सुश्री प्राची शर्मा नामक दो पुत्रियॉ हैं। उनके एकमात्र पुत्र श्री विभोर शर्मा का 6 अप्रैल, 1991 ई को एक दुर्घटना मे निधन हो गया।

शैक्षिक जीवन—डॉ शर्मा ने प्रारम्भिक स्तर पर कक्षा दशम् तक यशवन्त हायर सैकण्ड्री स्कूल, अलवर मे अध्ययन किया था। कालान्तर मे वह अपने पिताजी के स्थानान्तरण के कारणवश विद्याभवन, उदयपुर चले गए। उन्होने हायर सैकण्ड्री परीक्षा विद्या भवन, उदयपुर से उत्तीर्ण की। सन् 1960 ई मे उन्होने त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा महाराणा भोपाल महाविद्यालय, उदयपुर से उत्तीर्ण की, सन् 1960 ई मे ही सवाई मानसिह आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर मे प्रवेश प्राप्त किया और 1965 ई मे एम बी बी एस परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होने अपने सेवाकाल मे क्षय एव वक्ष रोग मे स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डी टी सी डी) मे प्रवेश प्राप्त किया, जिसे उन्होने 1968 ई मे उत्तीर्ण कर लिया। कालान्तर मे सन् 1974 ई मे उन्होने एम डी (सामान्य भेषज) मे प्रवेश प्राप्त किया जिसे उन्होने सन् 1976 ई मे उत्तीर्ण किया। ये दोनो परीक्षाये उन्होने सवाई मानसिह आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर मे अध्ययनरत रहकर उत्तीर्ण की थीं। सन् 1967 ई मे उन्होने राष्ट्रीय क्षय रोग सस्थान, बगलौर मे प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

व्यवसाय के पथ पर—डॉ शर्मा ने 1 फरवरी, 1966 ई को सहायक चिकित्साधिकारी के पद पर राजस्थान चिकित्सा सेवा मे पर्दापण किया तथा दीर्घकाल तक अर्थात् सन 1969 ई से नवम्बर, 1974 ई तक प्रभारी, क्षय रोग चिकित्सा केन्द्र

के पद पर कार्यरत रहे। सन् 1977 इ मे वह कनिष्ठ क्षय रोग विशेषज्ञ बन गए, किन्तु सन् 1978 ई मे अध्यापन क्षेत्र मे आ गए तथा सन् 1981 ई तक व्याख्याता पद पर कार्यरत रहे, जब वह रीडर, क्षय रोग के पद पर पदोन्नत किए गए तथा इस पद पर 1985 ई तक कार्यरत रहे। 2 फरवरी, 1986 इ को प्रोफसर एव अध्यक्ष, क्षय रोग एव वक्ष रोग, एस पी चिकित्सा महाविद्यालय बीकानेर के पद पर उनकी पदोन्नति हो गई। अक्टूबर, 1989 ई मे उनका स्थानान्तरण सवाई मानसिह आयुर्विज्ञान महाविद्यालय वक्ष चिकित्सालय मे प्रोफेसर के पद पर हो गया और तब से वह इस पद पर कार्यरत हैं। फरवरी 1993 ई मे उनकी नियुक्ति चिकित्सा अधीक्षक, वक्ष एव क्षय रोग चिकित्सालय जयपुर के पद पर की गइ।

आविष्कार और पुरस्कार—उन्होने अम्ल तीव्र शलाकाणु अथात् क्षय रोग शलाकाणु सहित सभी प्रकार की स्लाइडो (खुर्दबीन या सूक्ष्मदर्शी यत्र से देखे जाने योग्य पदार्थो को रखने के लिए शीशे का पत्तर) पर धब्बे डालने के लिए एक यत्र अथवा उपकरण का आविष्कार किया तथा सन् 1982 इ मे राजस्थान सरकार ने उन्हे नकद योग्यता पुरस्कार प्रदान किया।

उन्होने उन क्षय रोगियो के लिए इन्ट्राकैविटी नामक प्रविधि का विकास किया, जिनका उपचार शल्य क्रिया द्वारा नहीं किया जा सकता हे अथवा जिन पर औषधियो का अनुकूल प्रभाव नहीं पडता है।

उन्होने क्षय रोग से पीडितो के लिए भारतीय जडी-बूटियो से एक नई औषधि विकसित की। यह वैज्ञानिक रूप से अत्यन्त शान्तिदायक एव बेक्ट्रिया की गति को स्थिर करने वाली सिद्ध हुई है।

डॉ शर्मा के अनुसार मेहन्दी की पत्तियो से क्षय रोग पर काबू पाया जा सकता है। उन्होने गिनी-पिग एव सफेद चूहो पर सफल परीक्षण किये। उन्होने इजेक्शन द्वारा गिनी-पिग एव सफेद चूहो के शरीर मे क्षय रोग के 30 हजार से अधिक कीटाणु प्रविष्ट कर उनमे रोग उत्पन्न किया और फिर अपनी तैयार की गइ औषधि के इजेक्शन लगाकर इस रोग पर काबू पाया। इस पद्धति के विषय मे डॉ शर्मा का लेख दिसम्बर, 1992 ई मे लन्दन की पत्रिका 'ट्यूबरक्ले' मे प्रकाशित हुआ।

डॉ विमल कुमार शर्मा ने मेहन्दी के पत्तो से तपेदिक रोधी औषधि तैयार की है। डॉ शर्मा का दावा है कि इस दवा से तपेदिक के गम्भीर रोगियो का उपचार सम्भव हो सकेगा। उन्होने करीब तीन दशक के अथक परिश्रम एव निरन्तर शोध से तैयार "विलीसिन" नामक इस दवा का पेटेन्ट प्राप्त कर लिया है तथा शीघ्र ही इसका व्यावसायिक उत्पादन होने की आशा है। डॉ शमा सन् 1968 से इस दिशा

मे कार्य कर रहे थे। वे मेहन्दी से टी बी के जीवाणु का रजक (स्टेन) तैयार करने मे जुटे थे। एक प्रयोग के दौरान तब उनके आश्चर्य का ठिकाना नही रहा जब उन्होने देखा कि जिन जीवाणुओ को रजित किये जाने के लिए उन्होने एक विसेष माध्यम मे रखा था वे इस दवा के प्रभाव से नष्ट होने लगे थे। इस प्रयोग के बाद उन्होने ''गिनी-पिग'' पर इसका परीक्षण किया तो इसमे उत्साहवर्द्धक परिणाम सामने आए। गिन-पिग के शरीर मे तपेदिक का प्रतिरोधी एटीजन उपस्थित नही होता जिससे यदि उसके शरीर मे तपेदिक का एक भी जीवाणु प्रवेश करवा दिया जाए तो तुरन्त वृद्धि करने लगते है। इस प्रयोग के दौरान उन्होने गिनी-पिग मे 33 हजार जीवाणु प्रवेश करवा कर जब यह औषधि दी तो उनकी इस दवा ने जादू का सा असर दिखाते हुए इन जीवाणुओ को नष्ट करना शुरू कर दिया। बाद मे उन्होने यही प्रयोग सफेद चूहो के साथ दोहराया तो उसमे भी अच्छी सफलता प्राप्त हुई। तपेदिक ग्रस्त चूहो को जब तपेदिक की अन्य प्रतिजैविक दवा दी गई तो लगभग 40 प्रतिशत चूहे ठीक हुए लेकिन जिन चूहो को यह दवा दी गई वे शत-प्रतिशत ठीक हुए।

आगरा मे लेओसी इन्स्टीट्यूट (कुष्ठ रोग सस्थान) मे जब यही प्रयोग अन्य तरीके से दोहराया गया तो ज्ञात हुआ कि तपेदिक के उपचार के लिए विकसित यह औषधि न सिर्फ तपेदिक के जीवाणुओ की वृद्धि ही रोकती है अपितु इन जीवाणुओ को नष्ट भी करती है। अत इसे बैक्टीरियोफारड्स (जीवाणु नष्ट करने वाली) माना गया।

बाद मे सवाई मानसिह मेडिकल कॉलेज की एथिकल कमेटी से अनुमति लेकर इस दवा के मरीजो पर आजमाया गया। प्रारम्भ मे तपेदिक के ऐसे 80 मरीजो का चयन किया गया जो गत 2 से 10 वर्ष से तपेदिक ग्रस्त थे एव बाजार मे उपलब्ध सभी टी बी रोधी दवाओ के प्रति प्रतिरोधक क्षमता अर्जित कर चुके थे। इन मरीजो को अन्य दवाओ के साथ यह औषधि भी सहयोगी दवा के रूप मे दी गई और सभी 80 मरीजो को फायदा हुआ। उनकी इस दवा का अब तक कोई प्रतिकूल असर नही देखा गया है। यह दवा यकृत के लिए भी अच्छी मानी गई है जबकि अन्य सभी तपेदिक रोधी औषधियॉ यकृत पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इस दवा के निर्माण मे मामूली लागत आती है तथा इसके निर्माण के समय निकलने वाला सह उत्पाद जलने के मरीजो पर बेहद कारगर सिद्ध होता है।

प्रकाशन—वक्ष एव क्षय रोग के विभिन्न पक्षो एव प्रकरणो पर डॉ शर्मा के लगभग 47 लेख राष्ट्रीय एव अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे प्रकाशित हुए हैं।

सन् 1992 ई मे स्नातक एव स्नातकोत्तर विद्यार्थियो के लिए उनकी पुस्तक "रेडियोलॉजी फॉर चेस्ट-ए हैण्ड बुक" प्रकाशित हुई।

फैलोशिप—सन् 1972 ई मे उन्हे पश्चिमी जर्मनी से आदान-प्रदान फेलोशिप प्राप्त हुई थी। वह नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन्स के फैलो (एफ एन सी सी पी) हैं। वह भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयो के आन्तरिक एव बाह्य परीक्षक का कार्य भी सम्पादित कर चुके हैं।

पता—उनका वर्तमान कार्यालयी पता इस प्रकार है—

डॉ वी के शर्मा,
प्रोफेसर, क्षय एव वक्ष रोग, एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सा अधीक्षक, वक्ष एव क्षय रोग चिकित्सालय, जयपुर (राज)

उनका स्थायी आवासीय पता इस प्रकार है—

डॉ वी के शर्मा,
4 ज 6, जवाहरनगर,
जयपुर-302004, राजस्थान, भारत

❐

डॉ एस. डी पुरोहित

(1941 ई)

जन्म एव वश परिचय—श्री सूरज नारायण और श्रीमती रतन कौर के सुपुत्र डॉ सत्यदेव पुरोहित का जन्म 11 दिसम्बर, 1941 ई को जोधपुर मे हुआ था। उनकी सहधर्मिणी श्री दामोदर आचार्य की सुपुत्री श्रीमती चित्रा देवी गृहिणी है। उनके श्री शैलेश पुरोहित एव श्री कमलेश पुरोहित नामक दो पुत्र हैं।

शिक्षा-दीक्षा—डॉ पुरोहित ने सन् 1965 ई मे राजस्थान विश्वविद्यालय से एम बी बी एस परीक्षा उत्तीर्ण की। सन् 1967 ई मे उन्होने पजाब विश्वविद्यालय से वक्ष रोगो मे डिप्लोमा पाठ्यक्रन (डी सी डी) उत्तीर्ण किया। सन् 1970 ई मे उन्होने बम्बई विश्वविद्यालय से एम डी (क्षय रोग) परीक्षा उत्तीर्ण की।

व्यवसाय के पथ पर—1 फरवरी, 1966 ई से 30 नवम्बर, 1966 ई तक डॉ पुरोहित एस पी चिकित्सा महाविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान) मे हाउस फिजीशियन (क्षय रोग) के पद पर कार्यरत रहे। 26 जनवरी, 1967 ई से 31 दिसम्बर 1967 ई तक उन्होन टी बी सेनेटोरियम, अमृतसर (पजाब) मे हाउस फिजिशियन के दायित्व का निर्वहन किया। वह 1 मार्च, 1968 ई से 31 जनवरी, 1969 ई तक सी वी टी सी के ई एम चिकित्सालय, परेल, बम्बई मे शोध अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। उन्होने 1 फरवरी, 1969 ई से 31 दिसम्बर, 1970 ई तक क्षय चिकित्सालय समूह, सेवरी बम्बई-15 मे रेजीडेट चिकित्सा सहायक एव रजिस्ट्रार के पद पर कार्य किया। 2 जनवरी, 1971 ई से 25 मार्च, 1971 ई तक वह क्षय रोग चिकित्सालय, सिरोही (राजस्थान) मे सहायक चिकित्मा अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। 29 मार्च, 1971 ई से 29 मई, 1973 ई तक उन्होने सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर (राजस्थान) मे सहायक चिकित्साधिकारी एव ट्यूटर का कार्य सम्पादित किया। 30 मई, 1973 ई से 2 सितम्बर, 1975 ई तक उन्होने रवीन्द्रनाथ टैगोर चिकित्सा महाविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान) मे क्षय रोग एव वक्ष रोग विषय मे व्याख्याता पद पर सेवा की। 3 सितम्बर, 1975 ई से 5 फरवरी 1981 ई तक वह एस एन चिकित्सा महाविद्यालय, जोधपुर (राजस्थान) मे क्षय रोग एव वक्ष रोग विषय के रीडर पद पर कार्यरत रहे। फरवरी, 1981 ई से जनवरी

1993 ई तक वह प्रोफेसर एव अध्यक्ष, क्षय रोग एव वक्ष रोग सवाइ मानसिह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर तथा चिकित्सा अधीक्षक वक्ष एव क्षय रोग चिकित्सालय, जयपुर (राजस्थान) के पद पर कार्यरत रहे। फरवरी 1993 इ से वह ज्वाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, अजमेर के प्रधानाचाय पद को सुशोभित कर रहे हैं।

पता—उनका वर्तमान कार्यालयीय पता निम्नलिखित हैं—

डॉ एस डी पुरोहित,
प्रधानाचार्य,
जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय
अजमेर-305001, राजस्थान, भारत

अनुसन्धान का क्षेत्र—उनकी रुचि और शोध का विशिष्ट क्षेत्र क्षय रोग और वक्ष रोग है।

फैलोशिप तथा सम्मान—डॉ पुरोहित नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट, इण्डिया के फैलो हे। वह कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजीशियन्स, यू एस ए के भी फैलो हे। सन् 1984 ई मे वह टी बी एसोशियशन ऑफ इण्डिया की केन्द्रीय समिति के सदस्य निर्वाचित किये गय थे। वह नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट, बम्बई के आजीवन सदस्य है। वह श्री कल्याण आरोग्य सदन, सावली (सीकर) की अनुसन्धान समिति के सदस्य है।

उनका उल्लेख 'भारत कौन कहाँ' (India s Who s Who) 1985 तथा 'डिक्शनरी ऑफ इन्टरनेशनल बॉओग्राफी,' 1987 मे हो चुका है। उनका जीवन-परिच्य 'एशियाज लर्नेड 1990-91 मे प्रकाशित हो चुका है। डिक्शनरी ऑफ इन्टरनेशनल बॉयोग्राफी के अधिकृत अधिकारी ने उन्हे योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया था। सन् 1990 तथा 1991 ई मे उन्होने क्षय रोग एव वक्ष रोगो पर सेमीनार एव सतत शिक्षा कार्यक्रमो का आयोजन किया था।

अभिरुचि—डॉ पुरोहित की रुचि सगीत के वाद्य यत्रो को बजाने मे रही हे।

प्रकाशन—डॉ पुरोहित के 82 शोध पत्र जर्नलो एव सम्मेलनो मे प्रकाशित हो चुके है। सन् 1987 ई मे उन्होने अपना एक शोध-पत्र दक्षिण-पूव एशियाइ क्षेत्रीय सम्मेलन, लाहौर (पाकिस्तान) मे प्रस्तुत किया था।

उन्होने भारत की प्रमुख स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओ के प्रति लोगो मे चेतना जागृत करने के लिए हिन्दी मे "स्वास्थ्य सूत्र" नामक पुस्तक की सरचना की है।

❐

डॉ एम. आर सौग्रा

(1942 ई)

जन्म एव वश परिचय—स्वर्गीय श्री एच सी सौग्रा एव श्रीमती मुरली देवी सौंग्रा के सुपुत्र डॉ मगलराम सौंग्रा का जन्म 25 जून, 1942 ई को बीकानेर मे हुआ था। जब डॉ सौग्रा केवल चार वर्ष के ही थे, उनके पिता का स्वर्गवास हो गया। उनकी जीवन-सगिनी श्रीमती कमला सौंग्रा गृहिणी है। उनके सुश्री मधु और सुश्री मजू नामक दो पुत्रियॉ तथा श्री भूपेन और श्री रूपेन नामक दो पुत्र है।

शिक्षा-दीक्षा—डॉ सौंग्रा कक्षा प्रथम से हायर सैकण्ड्री स्तर तक राजकीय बहुद्देश्यीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीकानेर मे अध्ययनरत रहे। डूॅगर महाविद्यालय, बीकानेर के छात्र रहकर उन्होने प्रथम वर्ष त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम (विज्ञान) परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होने सरदार पटेल चिकित्सा महाविद्यालय बीकानेर का छात्र रहकर एम बी बी एस परीक्षा सन् 1967 ई मे तथा एप एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर मे अध्ययनरत होकर एम डी (पी एस एम) पीरक्षा सन् 1972 ई मे उत्तीर्ण की थी।

व्यवसाय के क्षेत्र मे—2 जनवरी, 1968 इ से 5 जनवरी, 1972 ई तक डॉ सौंग्रा एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर मे वरिष्ठ प्रदर्शक के पद पर सेवारत रहे। वह 6 जनवरी, 1972 ई से 26 जुलाई 1978 ई तक सहायक प्रोफेसर, 26 जुलाई, 1978 ई से 29 अप्रैल 1984 ई तक एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहे। 30 अप्रेल, 1984 ई से वह प्रोफेसर एव कोषाधिकारी (उपप्रधानाचर्य), एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सालय, जयपुर के पद पर कार्यरत है। वह 2 जनवरी, 1968 ई से पूर्व स्नातक छात्रो को तथा 1972 ई से स्नातकोत्तर छात्रो को अध्यापित कर रहे है। उनके कार्य एव दायित्व अध्यापन/प्रशिक्षण/अनुसन्धान/रोगी सुश्रूषा/प्रशासन ह।

पता—उनका वर्तमान पता अधोलिखित है—

डॉ मगल राम सौंग्रा,
प्रोफेसर,

सामुदायिक औषधि विज्ञान एव कोषाधिकारी (उपप्रधानाचाय)
एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सालय,
जयपुर (राजस्थान)-302004, भारत

उनका वर्तमान आवासीय पता इस प्रकार हे—

"हरक", 4-त-2, जवाहर नगर, जयपुर-302004 (राजस्थान), भारत

विदेश भ्रमण—नवम्बर, 1975 ई से जून, 1981 इ तक डॉ सौंग्रा सरकार द्वारा पतिनियुक्ति पर लीबिया गए थे। विश्व स्वास्थ्य सगठन की फेलोशिप के अन्तगत वह अप्रैल, 1983 ई से मइ, 1983 तक श्रीलका, इण्डोनेशिया ओर थाइलैण्ड गए और वहॉ कार्यरत रहे। 14 से 16 दिसम्बर तक उन्होने अन्तराष्ट्रीय अनुसन्धान ओर प्रशिक्षण सगठन (इन्टरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ रिसच एण्ड ट्रनिग–10RT) मे वाशिगटन, डी सी, यू एस ए मे भाग लिया था। अप्रैल से मइ, 1991 इ तक वह रोग नियत्रण केन्द्रो के अवलोकनार्थ अटलाटा, यू एस ए, गए। अन्य देश, जिनकी वह यात्रा कर चुके हैं, वे हे—इटली, हॉलैण्ड, जमनी दुबई इग्लेड, सिगापुर, यूनान, कुवैत और पाकिस्तान।

सदस्यता और फैलोशिप—डॉ सौंग्रा विश्व स्वास्थ्य सगठन और इण्डियन सोसायटी कम्यूनिकेबिल डिजजिज के फैलो है। वह सन् 1986 से 1989 इ तक राजस्थान चिकित्सा परिषद् के सदस्य रहे। वह सन् 1984 से 1988 ई तक राजस्थान होम्योपैथिक चिकित्सा मण्डल के सकाय सदस्य रहे। वह इण्डियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजी सर्जरी एण्ड मेडिसिन (आई ए पी एस एम) के आजीवन सदस्य हैं। वह भारतीय चिकित्सा सघ के भी सदस्य हे। वह आई ए पी एस एम की राजस्थान शाखा के 1986 से 1988 ई तक उपाध्यक्ष और सन् 1988 ई मे इण्डियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेटिव एण्ड सोशल मेडिसिन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शाषी परिषद् के सदस्य थे।

सम्मान और पुरस्कार—डॉ सौग्रा को भारत के राष्ट्रपति डॉ शकर दयाल शर्मा ने 5 जनवरी, 1993 ई को सामाजिक-चिकित्सा सहायता के क्षेत्र मे उनकी उल्लेखनीय सेवाओ के उपलक्ष मे डॉ बी सी रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार 1991 इ प्रदान कर सम्मानित किया। इस पुरस्कार स्वरूप उन्हे 15 हजार रुपये नकद एक स्वर्ण पदक एव प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया था। 22 जनवरी 1993 ई को वह राजस्थान सामुदायिक चिकित्सा सघ के अध्यक्ष निर्वाचित किये गये।

विशेषज्ञ/परामर्शद/परीक्षक आदि—डॉ सौंग्रा सघीय लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली और राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर मे विशेषज्ञ का कार्य सम्पादित

करते हैं। वह भारतीय चिकित्सा परिषद्, नई दिल्ली के निरीक्षक है। वह राजस्थान, मेरठ, आगरा, कानपुर, गोरखपुर, बम्बई, दिल्ली, इलाहाबाद, नागपुर, त्रिवेन्द्रम, मद्रास, पजाब, इन्दौर, मराठवाडा और अमरावती विश्वविद्यालयो की एम बी बी एस तथा राजस्थान विश्व-विद्यालय की डी एच एम एस और बी एच एम एस परीक्षाओ के परीक्षक रहे है।

अनुसन्धान कार्य—डॉ सौग्रा सामुदायिक चिकित्सा के क्षेत्र मे स्नातकोत्तर छात्रो को अनुसन्धान कार्य मे मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। उन्हे प्रतिरक्षण, मृत बच्चो के जन्म, ट्रबेक्टोमी, कुपोषण, पशु काटने, बाल चिर जीवन प्रवृत्तियो, सक्रामक रोग विज्ञान, परिवार नियोजन चिकित्सा सेवा और प्रशिक्षण तथा स्वास्थ्य प्रबन्धन के क्षेत्र मे अनुसन्धान अनुभव प्राप्त है। उनके एम डी शोध प्रबन्ध का शीर्षक था—"चिकित्सालय मे भर्ती मृत जन्मे बच्चो की घटनाओ पर सामाजिक-आर्थिक एव पर्यावरणीय कारको का प्रभाव।"

प्रकाशन—उनके 20 से अधिक शोध-पत्र प्रख्यात जर्नलो मे प्रकाशित हो चुके हैं। वह समय-समय पर स्वास्थ्य प्रकरणो पर रेडियो और टी वी वार्ताये प्रसारित करते रहते हैं।

❒

डॉ वी एस मेहता
(1949 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ वी एस मेहता का जन्म 5 दिसम्बर, 1949 ई को जयपुर मे हुआ था। उनके पिता श्री टी एस मेहता राजस्थान सरकार के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उनकी माता श्रीमती फतेह कुमारी मेहता गृहिणी हैं। उनका विवाह श्रीमती प्रभा मेहता के साथ हुआ है। उनके विभव मेहता और अभिनव मेहता नामक दो पुत्र हैं।

शिक्षा—डॉ मेहता की प्रारम्भिक शिक्षा जयपुर मे हुई थी। उन्होने एस एम एस आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर के छात्र के रूप मे राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से एम बी बी एस , एम एस (सामान्य शल्य चिकित्सा), और एम केम (न्यूरो सर्जरी) परीक्षाये उत्तीर्ण कीं। उन्होने अक्टूबर, 1987 ई मे म्यूनिख, पश्चिमी जर्मनी मे न्यूरो सर्जरी मे याग लेसर के प्रयोग पर दो सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होने फरवरी-मार्च, 1979 ई मे पश्चिमी जर्मनी के प्रोफसर ए डब्ल्यू पिआ और प्रोफेसर ई ग्रोट द्वारा आयोजित सूक्ष्म शल्य क्रिया (माइक्रोसर्जरी— microsurgery) कार्यशाला मे भाग लिया था। उन्होने टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फन्डामेटल रिसर्च, बम्बई मे एन एम आर के जैव वैज्ञानिक प्रयोग पर शीतकालीन पीठ म भाग लिया था।

व्यावसायिक जीवन—डॉ मेहता ने 19 माह तक न्यूरो सर्जरी विभाग, एस एम एस आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर मे हाउस सर्जन का काय किया। वह दो वर्ष तक न्यूरो सर्जरी विभाग, एस एम एस आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर मे स्नातकोत्तर अध्येता रहे। उन्होने दो वर्ष तक न्यूरो सर्जरी विभाग, एस एम एस आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर मे रेजीडेट डॉक्टर का कार्य किया। मार्च, 1978 ई से जनवरी, 1979 ई तक डॉ महेता ने न्यूरो सर्जरी विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नई दिल्ली मे रिसर्च एसोसिएट के पद पर कार्य किया और प्रोफेसर पी एन टण्डन के अधीन भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् की एक अनुसन्धान प्रायोजना पर कार्य किया। जनवरी, 1979 ई से अगस्त, 1981 ई तक डॉ मेहता ने न्यूरो सर्जरी विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान नई दिल्ली मे सीनियर रेजीडेट डॉक्टर के पद पर कार्य किया। अगस्त, 1981 ई से फरवरी,

1984 ई तक वह न्यूरो सर्जरी विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान नई दिल्ली मे व्याख्याता रहे। 1 मार्च, 1984 ई से 31 दिसम्बर, 1985 ई तक उन्होने सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्य किया और 1 जनवरी 1986 ई से वह एसोसिएट प्रोफेसर, न्यूरोसर्जरी विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नई दिल्ली के पद पर कार्यरत है।

पता—उनका वर्तमान पता अधोलिखित है—

डॉ वी एस मेहता,
एसोसिएट प्रोफेसर, न्यूरो सर्जरी विभाग,
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान,
असारी नगर, नई दिल्ली-110029 (भारत)

पुरस्कार—न्यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के कलकत्ता मे आयोजित वर्षिक सम्मेलन मे डॉ मेहता को वर्ष 1980 इ के लिए उनके सर्वोत्तम पत्र के लिए मर्क स्वर्ण पदक प्रदान किया गया था। उन्हे पुन न्यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के पटना मे आयोजित वार्षिक सम्मेलन मे वर्ष 1985 ई के लिए उनके सर्वोत्तम पत्र के उपलक्ष मे मर्क स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

फैलोशिप—डॉ मेहता को जैक एण्ड मोनिका ब्रिटन ट्रेवलिग फैलोशिप प्रदान की गई और उन्होने इस फैलोशिप के अन्तर्गत मार्च-अप्रैल, 1986 ई मे पाँच सप्ताह तक इग्लैंड मे विभिन्न न्यूरो सर्जिकल केन्द्रा का अवलोकन किया।

अन्य विशेषताये—डॉ मेहता देश के विभिन्न भागो से डॉक्टरो (स्नातकोत्तर के बाद) को सूक्ष्म शल्य क्रिया का प्रशिक्षण देने के लिए भारत मे अपनी तरह का पहला-सूक्ष्म शल्य क्रिया प्रयोगशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहे है। चिकित्सा की विभिन्न शल्य क्रिया सम्बन्धी प्रशाखाओ से 35 डॉक्टर, न्यूरो सर्जन, विकलॉगता सम्बन्धी शल्य चिकित्सक, बाल शल्य चिकित्सक, प्रसूति शल्य चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है।

डॉ महेता भारत के नियमित रूप से बन्द गिल सम्बन्धी तत्रिका जाल की चोटो की शल्य क्रिया करने वाले प्रथम व्यक्ति थे और उन्होने महत्त्वपूर्ण रूप से अच्छे परिणाम दिखलाये।

बन्द गिल सम्बन्धी तत्रिका जाल चोट मे एन एम आर की भूमिका को आई एन एम ए एस एस के डॉक्टर आर के गुप्ता के साथ कार्य करते हुए दिखलाने वाले वह प्रथम व्यक्ति हैं।

डॉ मेहता विभिन्न विश्वविद्यालयो क प्रश्न-पत्रा का निमाण करते रहते हैं। भारत मे न्यूरो सर्जरी के प्रश्न-पत्रो क लिए वह सदभ व्यक्ति भी हैं।

वह स्नातकोत्तर/बी एम सी नर्सिग/पी एच डी छात्रो के मागदशक/सह-मार्गदर्शक भी रहते हैं।

अनुसन्धान कार्य—डॉ मेहता ने अनुसन्धान किया और एम एम (सामान्य शल्य क्रिया) के लिए "क्रिटिकल इवेल्यूएशन एण्ड मेनेजमेट ऑफ सबड्यूरेबिल हेमेटोमा (Cntical evaluatıon and management of subdurable hematoma)" शीर्षक अपना लघु शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया। उन्होने पुन एम केम के लिए (1) ए प्रोस्पेक्टिव स्टडी ऑफ पलमोनरी इन्फेक्शन एमन्ग 100 कॉन्सीकूटिव हैड इन्जर्ड पेशेन्टस (A prospectıve study of pulmonary ınfectıon among 100 consecutıve head ınjured patıents) (2) रिलाइबिलिटी ऑफ सी टी स्केनिग इन दि हिस्टोलॉजिकल डायग्नोसिस ऑफ इन्ट्राक्रेनिकल स्पेस ऑकूपाइग लेसिअन्स (Relıabılıty of C T scannıng ın the hıstologıcal dıagnosıs of ıntracranıcal space occupyng lesıons) और (3) माइकोटिक इन्फेक्शन ऑफ दि ब्रेन-ए रिव्यू ऑफ 12 केसेज (Mycotıc ınfectıon of the braın—a revıew of 12 cases) पर अपना लघु शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया था।

डॉ मेहता ने भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् की प्रायोजना "कौलेबोरेटिव स्टडी ऑफ हैड इन्जरीज, एपीडेमिओलॉजिकल पैथोलॉजिकल क्लिनिकल एण्ड साइकिए-ट्रिक आस्पेक्ट्स (collaboratıve study of head ınjurıes epıdemıologıcal pathologıcal, clınıcal and psychıatrıc aspects)" पर न्यूरो सर्जरी विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नई दिल्ली मे रिसच एसोसिएट का कार्य सम्पन्न किया था।

डॉ मेहता ने (1) रिजल्टस ऑफ सजरी फॉर ब्रेचिअल प्लेक्सस एण्ड पेरीफेरल नर्व इन्जरीज स्पेशली विद दि यूज ऑफ सूरल नर्व ग्रेफ्टस, (2) लोग टर्म फौलो अप ऑफ हैड इन्जरीज एलौंग विद देयर साइकौलॉजिकल इवेल्यूएशन (3) फार्माकौलॉजिकल इन्टरवेशन इन न्यूरोजैनिक पलमोनरी ऐडेमा-हेमोडायनेमिक एण्ड बॉयोकैमिकल प्रोफाइल, (4) डे केयर सर्जरी फॉर सलेक्टड ग्रुफ ऑफ न्यूरोसर्जिकल पेशेन्टस, (5) कार्डिओवैसकूलर एब्नौर्मेलिटीज इन हेड इन्जरीज विद यूज ऑफ बेटा ब्लॉकर्स इन सलैक्टेड ग्रुफ ऑफ पेशेन्टस, (6) रोल ऑफ एन एम आर इन ब्रेचिअल प्लेक्सस इन्जरीज, (7) एन्डोस्कोपक कोएगूलेशन ऑफ कोरोइड प्लेक्सस इन कौन्जेटीनल हाडड्रोसेफेलस (8) एपीडेमिओलॉजिकल

स्टडी ऑफ न्यूरोलॉजिकल डिसओर्डर्स इन ए रूरल कम्यूनिटी एट बल्लभगढ, (9) डेवलपमेन्ट ऑफ ए न्यूरोसाइकोलॉजिकल बैट्री फॉर दि यूज ऑन हिन्दी नोइग पेशेन्टस, (10) दि इफैक्ट ऑफ बुपीवेकाइन स्केल्प इनफिल्ट्रेशन ऑन दि हैमोडायनेमिक रिस्पोन्स टू क्रोनिओटोमी अन्डर जनरल एनेस्थेशिया, और (11) एस्टीमेशन ऑफ 5 एच टी ए इन सी एस एफ बिफोर एण्ड ऑफ्टर शन्टिग पर भी अनुसन्धान किया है।

प्रकाशन—डॉ मेहता ने निम्नाकित तीन पुस्तके/प्रतिवेदन लिखे हैं—

1 हैड इन्जरी ए प्रैक्टीकल गाइड फॉर जनरल सर्जन्स, सम्पादक पी एन टण्डन/वी एस मेहता।

2 वी एस मेहता, पी एन टण्डन, एस रॉय, एस गुप्ता एन एपिडेमिओलॉजिकल, क्लिनिकल एण्ड पैथोलॉजिकल स्टडी ऑफ हैड इन्जरी—भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् के अध्ययन 1986 पर प्रतिवेदन।

3 डब्ल्यू एम एल्बस, ए आर टी कोलोहन, सी ग्रॉस, वी एस मेहता, पी एन टण्डन, जे ए जेन मोर्टेलिटी फ्रोम सीरियस हैड इन्जरीज इन टू सीरीज विद रैडिकली डिफरेट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इमरजेसी मेडिकल सर्विसेज, न्यूरोसर्जरी विभाग, वर्जीनिया विश्वविद्यालय, चारलोटसविले और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नई दिल्ली का सयुक्त अध्ययन, प्रथम चरण का अध्ययन 1986 का प्रतिवेदन।

उन्होने अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो/सेमीनारो/परिसवादो/कार्यशाला मे 16 पत्र प्रस्तुत किए हैं। उन्होने विभिन्न राष्ट्रीय जर्नलो मे 25 शोध-पत्र प्रकाशित किये है।

❐

डॉ राजीव गुप्ता

जन्म 1952 ई

जन्म एव वश परिचय—डॉ राजीव गुप्ता का जन्म 26 सितम्बर, 1952 ई को कोटा (राजस्थान), भारत मे हुआ था। उनके पिता डॉ के डी गुप्ता चिकित्सक और भेषज विज्ञान के एमेरिटस प्रोफेसर हैं और पूर्व मे एस पी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर और अध्यक्ष, भेषज विज्ञान विभाग तथा प्राचार्य थे और 1977 ई मे राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। उनकी माता श्रीमती कुसुमलता गुप्ता सुगृहिणी हैं। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधु गुप्ता गृहिणी हैं। उनके 1982 ई मे उत्पन्न निशान्त ओर 1984 मे उत्पन्न रेवन्त गुप्ता नामक दो पुत्र हैं।

शिक्षा—वर्ष 1966-69 ई मे डॉ गुप्ता ने सार्दुल पब्लिक स्कूल, बीकानेर (राजस्थान), भारत मे अध्ययन किया था। 1969-70 ई मे वह राजस्थान विश्वविद्यालय डूँगर कॉलेज, बीकानेर के छात्र थे। 1970-76 ई की अवधि मे वह राजस्थान विश्वविद्यालय, सरदार पटेल चिकित्सा महाविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान), भारत मे अध्ययनरत रहे और 1976 ई मे शरीर क्रिया विज्ञान, शरीर रचना विज्ञान, विकार विज्ञान, औषधि विज्ञान, फोरेन्सिक मेडिसन, शल्य विज्ञान, काय चिकित्सा और सामुदायिक भेषज विज्ञान मे सम्मान (ऑनर्स) सहित एम बी बी एस परीक्षा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (भारत) से उत्तीर्ण की। वर्ष 1976-79 ई के काल मे वह स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान मस्थान, चडीगढ (भारत) के छात्र रहे और 1979 ई मे एम डी (आन्तरिक काय चिकित्सा) परीक्षा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ (भारत) से उत्तीर्ण की।

उन्होने राजस्थान चिकित्सा परिषद् ओर पजाब चिकित्सा परिषद् दोनो से 1976 ई मे मेडिकल लाइसेस प्राप्त किया।

छात्रवृत्तियो और पुरस्कार—उन्होने 1968 ई मे भारत सरकार और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान से योग्यता छात्रवृत्ति पुरस्कार प्राप्त किया। 1972 इ मे उन्होने राजस्थान विश्वविद्यालय एस पी चिकित्सा महाविद्यालय, बीकानेर मे एम बी बी एस प्रथम वर्ष मे शरीर रचना विज्ञान मे प्रथम होने पर अप्पाजी स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

1973 ई मे एस पी चिकित्सा महाविद्यालय बीकानेर मे एम बी बी एस द्वितीय वर्ष परीक्षा मे द्वितीय आने पर राजस्थान विश्वविद्यालय से योग्यता छात्रवृत्ति प्राप्त की। एम बी बी एस अन्तिम परीक्षा मे प्रथम आने पर राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा उन्हे वर्ष 1976 ई मे सवाई मानसिह स्वर्ण पदक और बीकानेर नगर परिषद् स्वर्ण पदक 1976 ई मे प्रदान किया गया। 1976 ई मे राजस्थान (भारत) मे शैक्षिक श्रेष्ठता के उपलक्ष मे उन्होने पोद्दार स्मारक पुरस्कार प्राप्त किया। 1979 ई मे उन्होने फाइजर स्वर्ण पदक और स्नातकोत्तर पुरस्कार प्राप्त किया। 1982 ई मे उन्हे (भारतीय जूडी-बूटियो की औषधियो के प्रचलन पर अध्ययन—Studies on prevalence of Indian Herbal Drugs) वैज्ञानिक श्रेष्ठता के उपलक्ष मे भारतीय चिकित्सा सघ पुरस्कार प्रदान किया गया था। उन्हे 1984 ई मे लॉयन इन्टरनेशनल व्याख्याता, 1986 ई मे रोटरी इन्टरनेशनल व्याख्याता, और 1987 ई मे राष्ट्रीय कल्याण सगठन व्याख्याता बनाया गया। वर्ष 1991 ई मे उन्होने हृदय रोग विज्ञान मे कौर्नेल विश्वविद्यालय और मेमोरियल स्लोअन कैटरिंग हॉस्पिटल, न्यूयार्क (यू एम ए) मे वारून महाजन ट्रस्ट न्यूयार्क की विजिटिंग फैलोशिप प्राप्त की। 1992 ई मे उन्होने मेडिकल प्रेक्टिशनर्स सोसायटी, जयपुर का पुरस्कार प्राप्त किया। 3-6 नवम्बर, 1992 ई को कार्डियालॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के 44वे वार्षिक सम्मेलन मे (भारत के ग्रामीण क्षेत्र कोरोनरी हृदय रोग सक्रामक रोग विज्ञान) शीर्षक तृतीय सर्वश्रेष्ठ पत्र प्रस्तुत करने के उपलक्ष मे उन्हे कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार मे डेढ हजार रुपये नकद प्रदान किये गए। 1 दिसम्बर से 4 दिसम्बर, 1994 ई तक जयपुर मे सम्पन्न हुए कार्डियालॉजी सोसायटी ऑफ इण्डिया के 46वे वार्षिक सम्मेलन के अन्तिम दिन रविवार 4 दिसम्बर, 1994 ई को डॉ राजीव गुप्ता को डॉ डी पी बासु पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे उनके शोध-कार्य "शैक्षिणक स्तर का कोरोनरी हृदय रोग व उसके कारणो पर राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र मे अध्ययन" पर दिया गया। यह अध्ययन जनमगल ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित था तथा नागौर जिले की परबतसर तहसील मे किया गया। कुल 3148 लोगो, जिनमे 1982 पुरुष व 1166 महिलाये है, का विस्तृत हृदय परीक्षण किया गया। इसमे यह पाया गया कि कोरोनरी हृदय रोग 34 प्रतिशत पुरुषो व 37 प्रतिशत महिलाओ मे है। अशिक्षित लोगो मे इसकी व्यापकता 50 प्रतिशत था जबकि उच्च शिक्षित लोगो मे 25 3 प्रतिशत। 22 अगस्त, 1997 ई को भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद की ओर से हृदय रोग चिकित्सा के क्षेत्र मे महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए वर्ष 1997 का चतुर्वेदी कलावती जगमोहनदास पुरस्कार डॉ राजीव गुप्ता को दिया गया है।

यह भी पाया गया कि अशिक्षित व कम शिक्षित लोगो मे धूम्रपान व उच्च रक्त चाप को मात्रा भी अधिक थी। बम्बइ के डॉ पहलाजानी का मत था कि यह अनुसन्धान यह दर्शाता है कि भारत मे हृदय रोग लगातार बढ रहा हे ओर अब गॉवो मे एव गरीब तबके मे भी पहुँच गया। इस अध्ययन मे राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ वी पी गुप्ता व मोनीलेक अस्पताल के डॉ एच पी गुप्ता का सहयोग रहा।

व्यावसायिक जीवन—सितम्बर, 1975 से अगस्त, 1976 ई तक उन्होने पी बी एम चिकित्सालय समूह, बीकानेर (भारत) मे इन्टर्नशिप की। वह अगस्त, 1976 से जुलाई 1979 ई तक काय चिकित्सा विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ मे कनिष्ठ रेजीडेट रहे। वह अगस्त, 1977 से जुलाई, 1979 ई तक काय चिकित्सा विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान चडीगढ मे रेजीडेट टीचिग फैलो रहे। वह अगस्त, 1979 ई से दिसम्बर, 1979 ई तक काय चिकित्सा विभाग की हृदय रोग विज्ञान और श्वसन चिकित्सा इकाइयो मे स्नातकोत्तर चिकित्सा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ मे वरिष्ठ रेजीडेट थे। दिसम्बर, 1979 ई से दिसम्बर, 1980 ई तक वह डॉ एस एन चिकित्सा महाविद्यालय और सम्बद्ध चिकित्सालयो मे सहायक प्रोफेसर काय चिकित्सा के पद पर कार्यरत रहे। जून, 1985 ई से जुलाई, 1985 ई तक वह हृदय रोग विज्ञान विभाग, हैमरस्मिथ चिकित्सालय, लन्दन, इग्लैंड मे विजिटिंग फीजिशियन रहे। अप्रैल, 1991 ई से मई, 1991 ई तक वह मेमोरियल स्लोअन कैटरिंग हॉस्पिटल और कौर्नेल विश्वविद्यालय, न्यूयार्क, यू एस ए मे हृदय रोग मे निदानिक पर्यवेक्षक रहे।

वह जनवरी, 1981 ई मे वरिष्ठ चिकित्सक और निदेशक, नॉनइनवेसिक कार्डिक लेबोरेट्री, के डी गुप्ता मेडिकल सेटर, जयपुर (भारत) के रूप मे आन्तरिक काय चिकित्सा और हृदय रोग विज्ञान मे निजी चिकित्सा कार्य कर रहे हैं। अक्टूबर, 1985 ई से वह मौनिलेक चिकित्सालय और अनुसन्धान केन्द्र, जयपुर (भारत) मे मुख्य चिकित्सक एव हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप मे कार्यरत हैं। वह अप्रैल, 1992 ई मे निदेशक अनुसन्धान मौनिलेक चिकित्सालय और अनुसन्धान केन्द्र, जयपुर (भारत) के पद पर कार्यरत हैं।

पता—उनका चिकित्सालयीय पता निम्नलिखित है—

डॉ राजीव गुप्ता एम डी,
मुख्य चिकित्सक एव हृदय रोग विशेषज्ञ,
मोनिलेक चिकित्सालय एव अनुसन्धान केन्द्र

सेक्टर 4, जवाहर नगर,
जयपुर (राजस्थान)-302004 (भारत)

उनका पत्र-व्यवहार का एव आवासीय पता इस प्रकार है--

16, चिकित्सालय मार्ग,
जयपुर 302001 (भारत)

अभिरुचियॉ—उनकी अभिरुचियॉ पढना (मुख्यतया प्राचीन और आत्मकथा सम्बन्धी उपन्यास), तैल चित्रकारी और यात्रा करना है।

सदस्यता—वह नवम्बर, 1985 ई से मौनिलेक चिकित्सालय और अनुसन्धान केन्द्र, जयपुर (भारत) की प्रबन्ध समिति के सदस्य है। वह जनवरी, 1986 ई से मार्च, 1991 ई तक मेडिकल प्रैक्टिशनर्स सोसायटी, जयपुर (भारत) की वैज्ञानिक समिति के सयोजक रहे। दिसम्बर, 1987 ई से वह एपेक्स हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर के निदेशक हैं। वह अप्रैल, 1991 ई से एसोसिएशन ऑफ फीजिशियन्स ऑफ इण्डिया, राजस्थान राज्य शाखा के एक्जीक्यूटिव सदस्य हैं।

वह 1979 ई से एसोसिएशन ऑफ फीजिशिन्यस ऑफ इण्डिया के, 1981 ई से इन्टरनेशनल कॉलेज ऑफ ऐंगिओलॉजी के, 1984 ई से अमेरिकन कॉलेज ऑफ चेस्ट फीजिशियन्स के, 1984 ई से न्यूयार्क एकेडेमी ऑफ साइन्स के, 1985 ई से कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया के, 1988 ई से इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के, और 1992 ई से अमेरिकन एसोसिएशन फॉर एडवान्समेट ऑफ साइन्स के सदस्य हैं।

प्रकाशन—वह जयपी पब्लिशर्स, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित 'रिसेट एडवान्सेज इन मेडिकल थेरेपी (Recent Advances ın Medıcal Therapy)' शीर्षक पुस्तक के प्रधान सम्पादक है। उन्होने 'कन्टेम्पोरेरी मेडिसन (Contemporary Medıcıne)' शीर्षक एक अन्य पुस्तक का सम्पादन भी किया है। राजस्थान के चिकित्सको द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक मे चिकित्सा क्षेत्र मे किये जा रहे आधुनिक विकास की जानकारी दी गई है। देश-विदेश के रोग विशेषज्ञो ने हृदय आघात, निमोनिया, पीलिया एव रक्त कैसर आदि की चिकित्सा प्रणाली पर प्रकाश डाला है।

उनके अब तक 80 से अधिक पत्र जर्नलो, पत्रिकाओ और सम्मेलनो मे प्रकाशित हो चुके हैं।

अनुसन्धान प्रायोजनाये और अनुदान—उन्होने नवम्बर 1990 ई से फरवरी, 1991 ई तक "एपिडेमिओलॉजी ऑफ वाल्वूलर हार्ट डिजीज इन स्कूल चिल्ड्रिन

एट जैपुर इकोकार्डियोग्राफिक स्टडी (Epidemiology of Valvular heart disease in school children at Jaipur Echocardiographic Study" पर प्रायोजना और अक्टूबर, 1991 ई से जनवरी, 1992 ई तक "लाइफस्टाइल इन्फ्लूऐंस ऑन एम डी एल कोलेस्टेरोल लेवल्स (Lifestyle influence on M D L cholesterol levels) पर प्रायोजना के लिए इन्टरनेशनल मेडिकल कोर, जयपुर से अनुदान प्राप्त किया था। वह अप्रैल, 1992 ई से "एपिडेमिओलॉजिकल स्टडी ऑफ कोरनरी हार्ट डिजीज इन राजस्थान (Epidemiological study of coronary heart disease in Rajasthan)" पर प्रायोजना के राजस्थान पत्रिका से और "इवेल्यूशन ऑफ इन्डीजीनस प्लान्टस एण्ड हर्बस इन रिड्यूसिग रिस्क ऑफ आथरोक्लेरोसिस एण्ड हायपर कोलेस्टेरोलेमिआ (Evaluation of indegenous plants and herbus reducing risk of atheroclerosis and hypercholesterolemia" पर प्रायोजना के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार मे अप्रैल, 1992 से अनुदान प्राप्त कर रहे हैं।

सम्मेलनो मे सहभागिता—उन्होने अब तक निम्नलिखित सम्मेलनो मे भाग लिया है—

(a) **अन्तर्राष्ट्रीय**

1 1982 इन्टरनेशनल काग्रेस ऑन ट्रोपिकल कार्डियोलॉजी, बम्बई।

2 1984 इन्टरनेशनल काफ्रेन्स ऑन कार्डियोलॉजी, नई दिल्ली।

3 1985 थर्ड यूरोपियन-अमेरिकन कार्डियोलॉजी काफ्रेन्स, हैमरस्मिथ हॉस्पिटल, लन्दन, इग्लैड।

4 1988 नवी इन्टरनेशनल काफ्रेन्स ऑफ न्यूरोलॉजी, नई दिल्ली।

5 1991 इन्टरनेशनल सिम्पोजियम ऑन प्रिवेटिव कार्डियोलोजी एण्ड कार्डियो वैसकूलर एपीडेमिओलॉजी, नई दिल्ली।

6 1991 छठा एन्युलअल कन्वेन्शन ऑफ अमेरिकन सोसायटी ऑफ हायपरटेशन, न्यूयार्क, यू एस ए ।

7 1994 डॉ गुप्ता हॉलैण्ड के इट्रेक्ट नगर मे यूरोपिन एथीरोस्कलरोसिस सोसायटी के सम्मेलन मे 'राजस्थान की ग्रामीण व शहरी महिलाओ म हृदय रोग एव उसके कारणो की जॉच' तथा 'राजस्थान के पुरुषो मे कोलेस्ट्रोल की समस्या का अध्ययन' विषय पर 13 जून को शोध-पत्र पढने तथा सयुक्त राज्य अमेरिका के नगर न्यूयार्क स्थित

एल आई जे मेडिकल सेटर विश्वविद्यालय मे 'राजस्थान मे उच्च रक्त चाप की समस्या एव उसके सामाजिक कारण' विषय पर आमत्रित व्याख्यान देने के लिए एव न्यूयार्क मे 17 से 20 जून तक होने वाले अमेरिकन सोसायटी ऑफ हाइपरटेशन के 10वे वार्षिक सम्मेलन मे 'राजस्थान मे उच्च रक्त चाप' विषय पर व्याख्यान देने हेतु गए।

राष्ट्रीय

1 1980-92 एसोसिएशन ऑफ फीजिशियन्स ऑफ इण्डिया, वार्षिक सम्मेलन।

2 1980-92 कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया, वार्षिक सम्मेलन।

3 1992 इण्डियन सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी वार्षिक सम्मेलन।

अनुसन्धान कार्य और देन—गौरवशाली स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ से स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त उन्होने जोधपुर चिकित्सा महाविद्यालय मे सहायक प्रोफेसर काय चिकित्सा के पद पर कार्य किया। वह विगत 12 वर्षो से नॉनइनवेसिव कार्डियोलॉजी, कार्डियोवैसकूलर एपिडेमिओलॉजी और प्रिवेटिव (रोकथाम सम्बन्धी) कार्डियोलॉजी (हृदय रोग विज्ञान) के क्षेत्र मे नॉनइनवेसिव कार्डियोलॉजिकल चिकित्सा और अनुसन्धान मे सलग्न हैं।

1982 ई मे उन्होने भारतीयो ने परिलक्षित कोरोनरी हृदय रोग के कारणो की खोज पर कार्य प्रारम्भ किया। चूँकि यह रोग इस देश मे सक्रामक स्वरूप धारण करता जा रहा है, यह उचित ही था कि इसकी उत्पत्ति के सम्बन्ध मे कुछ आधारभूत अनुसन्धान किया जावे। उनकी प्रारम्भिक खोज से पता चला कि कोरोनरी हृदय रोग भारत के शहरी क्षेत्र मे व्यापक रूप से प्रचलित था और 1982 ई मे स्टेट ऑफ दि ऑर्ट स्ट्रैस टैस्ट तकनीक का प्रयोग करके वह यह प्रदर्शित कर सके कि यह रोग वास्तव मे आम (13ब प्रचलन) है। इन व्यक्तियो के अनुगमन अध्ययनो ने यह सिद्ध कर दिया कि वास्तव मे यह ऐसा ही है।

कोरोनरी हृदय रोग के रोगियो के परवर्ती अनुसन्धान ने यह दिखलाया है कि इस परिस्थिति का महत्त्वपूर्ण कारण मानसिक तनाव होता है।

उन्होने देश मे पहली बार यह दिखलाया है कि कोरोनरी हृदय रोग से पीडित रोगियो मे यदि रक्त चाप का स्तर नियत्रित कर लिया जाता है और धूम्रपान को बन्द

कर दिया जाता हे, तो सम्पूर्ण जीवन यापन मे सुधार किया जा सकता हे। इसी प्रकार उन्होने दिखलाया ह कि हमारे देश मे सम्भवत सम्पूर्ण कोलेस्ट्रोल स्तर महत्त्वपूण नहीं हैं।

इस कार्य के दूसरे भाग के रूप मे कोरोनरी हृदय रोग के सही निदान के लिए उन्होने ट्रेडमिल एक्सरसाइज स्ट्रैस टैस्ट का प्रयोग किया है। इस देश म पहली बार उन्होने यह दिखलाया है कि हृदय रोग से पीडित रोगियो मे मृत्यु के भावी खतरे को निश्चित करने के लिए ट्रैडमिल स्ट्रैस टैस्ट का प्रयोग किया जा सकता हे। इस कार्य को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है।

वह अपनी खोजो के नवीनतम चरण मे कोरोनरी हृदय रोग की रोकथाम के उपायो को निश्चित करने की चेष्टा कर रहे हैं। गॉवो मे कोरोनरी हृदय रोग और खतरे के कारको के अध्ययन के प्रारम्भिक परिणामो से उन्होने यह पाया है कि स्तरीय खतरे के कारको से बढकर सामाजिक और आर्थिक कारक इस परिस्थिति के अधिक महत्त्वपूर्ण कारण हैं। हमारे देश मे यह इस प्रकार का सबसे विषद अध्ययन है। इस अध्ययन के अधिक लाभकारी परिणाम शीघ्र उपलब्ध हो सकेगे।

❒

एल आई जे मेडिकल सेटर विश्वविद्यालय मे 'राजस्थान मे उच्च रक्त चाप का समस्या एव उसके सामाजिक कारण' विषय पर आमत्रित व्याख्यान देने के लिए एव न्यूयार्क मे 17 से 20 जून तक होने वाले अमेरिकन सोसायटी ऑफ हाइपरटेशन के 10वे वार्षिक सम्मेलन मे 'राजस्थान मे उच्च रक्त चाप' विषय पर व्याख्यान देने हेतु गए।

राष्ट्रीय

1 1980-92 एसोसिएशन ऑफ फीजिशियन्स ऑफ इण्डिया, वार्षिक सम्मेलन।

2 1980-92 कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया, वार्षिक सम्मेलन।

3 1992 इण्डियन सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी वार्षिक सम्मेलन।

अनुसन्धान कार्य और देन—गौरवशाली स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान सस्थान, चडीगढ से स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त उन्होने जोधपुर चिकित्सा महाविद्यालय मे सहायक प्रोफेसर काय चिकित्सा के पद पर कार्य किया। वह विगत 12 वर्षो से नॉनइनवेसिव कार्डियोलॉजी, कार्डियोवैसकूलर एपिडेमिओलॉजी और प्रिवेटिव (रोकथाम सम्बन्धी) कार्डियोलॉजी (हृदय रोग विज्ञान) के क्षेत्र मे नॉनइनवेसिव कार्डियोलॉजिकल चिकित्सा और अनुसन्धान मे सलग्न हैं।

1982 ई मे उन्होने भारतीयो ने परिलक्षित कोरोनरी हृदय रोग के कारणो की खोज पर कार्य प्रारम्भ किया। चूँकि यह रोग इस देश मे सक्रामक स्वरूप धारण करता जा रहा है, यह उचित ही था कि इसकी उत्पत्ति के सम्बन्ध मे कुछ आधारभूत अनुसन्धान किया जावे। उनकी प्रारम्भिक खोज से पता चला कि कोरोनरी हृदय रोग भारत के शहरी क्षेत्र मे व्यापक रूप से प्रचलित था और 1982 ई मे स्टेट ऑफ दि ऑर्ट स्ट्रैस टैस्ट तकनीक का प्रयोग करके वह यह प्रदर्शित कर सके कि यह रोग वास्तव मे आम (13ब प्रचलन) है। इन व्यक्तियो के अनुगमन अध्ययनो ने यह सिद्ध कर दिया कि वास्तव मे यह ऐसा ही है।

कोरोनरी हृदय रोग के रोगियो के परवर्ती अनुसन्धान ने यह दिखलाया है कि इस परिस्थिति का महत्त्वपूर्ण कारण मानसिक तनाव होता है।

उन्होने देश मे पहली बार यह दिखलाया है कि कोरोनरी हृदय रोग से पीडित रोगियो मे यदि रक्त चाप का स्तर नियत्रित कर लिया जाता है और धूम्रपान को बन्द

कर दिया जाता है, तो सम्पूर्ण जीवन यापन मे सुधार किया जा सकता हे। इसी प्रकार उन्होने दिखलाया हे कि हमारे देश मे सम्भवत सम्पूर्ण कोलेस्ट्रोल स्तर महत्त्वपूण नहीं हैं।

इस कार्य के दूसरे भाग के रूप मे कोरोनरी हृदय रोग के सही निदान के लिए उन्होने ट्रेडमिल एक्सरसाइज स्ट्रैस टैस्ट का प्रयोग किया है। इस देश म पहली बार उन्होने यह दिखलाया है कि हृदय रोग से पीडित रोगियो मे मृत्यु के भावी खतरे को निश्चित करने के लिए ट्रैडमिल स्ट्रैस टैस्ट का प्रयोग किया जा सकता हे। इस कार्य को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है।

वह अपनी खोजो के नवीनतम चरण मे कोरोनरी हृदय रोग की रोकथाम के उपायो को निश्चित करने की चेष्टा कर रहे हैं। गॉवो मे कोरोनरी हृदय रोग ओर खतरे के कारको के अध्ययन के प्रारम्भिक परिणामो से उन्होने यह पाया है कि स्तरीय खतरे के कारको से बढकर सामाजिक और आर्थिक कारक इस परिस्थिति के अधिक महत्त्वपूर्ण कारण हैं। हमारे देश मे यह इस प्रकार का सबसे विषद अध्ययन है। इस अध्ययन के अधिक लाभकारी परिणाम शीघ्र उपलब्ध हो सकेगे।

❐

डॉ वीरेन्द्र सिह

(1954 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ वीरेन्द्र सिह का जन्म भारत के राजस्थान राज्य के झुन्झुनूँ जिले के एक बहुत छोटे गॉव भोजासर मे 9 सितम्बर, 1954 ई को हुआ था। उनके पिताश्री रामेश्वर सिह सेवानिवृत्त आई ए एस अधिकारी और राजस्थान राज्य भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के अध्यक्ष है। उनकी माता श्रीमती पतासी देवी गृहिणी है। उनकी जीवन-सहचरी श्रीमती सरिता चौधरी एम कॉम गृहिणी है। उनके सुश्री शीतू सिह और सुश्री मिशू सिह नामक दो पुत्रियॉ हैं।

शिक्षा-दीक्षा—वर्ष 1960-62 ई मे डॉ सिह झालावाड जिले (राजस्थान) मे राजकीय प्राथमिक विद्यालय, अकलेरा मे छात्र रहे। सन् 1963 ई मे वह रेलवे स्कूल, गगापुर सिटी मे अध्ययनरत रहे। वह वर्ष 1964-66 ई मे सर हिन्द विद्या भवन, सीकर एव वर्ष 1967 ई मे एस के स्कूल, सीकर के छात्र रहे। वर्ष 1967-68 ई मे वह महात्मा गॉधी स्कूल, कोटा के छात्र थे। वर्ष 1968-69 ई मे वह सुमेर हायर सैकण्ड्री स्कूल, जोधपुर मे अध्ययनरत रहे। वर्ष 1969-71 ई मे वह महाराजा कॉलेज, जयपुर मे अध्ययन करते रहे। सितम्बर, 1971 ई से सितम्बर, 1980 ई तक वह एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर के छात्र रहे तथा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से एम बी बी एस और एम डी (सामान्य भेषज) उपाधियॉ प्राप्त की।

व्यवसाय के क्षेत्र मे—जुलाई, 1977 ई से सितम्बर, 1980 ई तक डॉ सिह ने एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय और चिकित्सालय जयपुर (राजस्थान) मे भेषज विज्ञान विषय मे पजीयक क पद पर कार्य किया था। अक्टूबर, 1980 से मई, 1982 ई तक राजस्थान सरकार, जयपुर मे चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। मई, 1982 से नवम्बर, 1988 ई तक वह एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सालय, जयपुर मे सहायक प्रोफेसर के पद पर रहे। नवम्बर, 1988 से नवम्बर, 1989 ई तक वह श्वास भेषज सभाग, सिटी चिकित्सालय, नॉटिग्घम, इग्लैंड मे राष्ट्रकुल चिकित्सा फैलो के पद पर रहे। नवम्बर, 1989 ई से वह एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सालय, जयपुर (राजस्थान), भारत मे सहायक प्रोफेसर (भेषज विज्ञान) के पद पर कार्यरत है।

पता—उनका वर्तमान व्यावसायिक पता इस प्रकार है—

डॉ वीरेन्द्र सिह एम डी ,
महायक प्रोफेसर, भेषज विज्ञान विभाग,
एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सालय,
जयपुर (राजस्थान)-302004, भारत

उनका आवासीय एव पत्र-व्यवहार का पता निम्न प्रकार है—

सी-86, शास्त्रीनगर,
जयपुर (राजस्थान)-302016, भारत

सम्मान और पुरस्कार—डॉ सिह ने 15 अगस्त, 1989 इ को देश मे सर्वोत्तम आविष्कार-पिक सिटी फ्लोमीटर के आविष्कार के उपलक्ष मे राष्ट्रीय अनुसन्धान विकास निगम, नई दिल्ली (भारत) का 50 हजार रुपयो का स्वतत्रता दिवस पुरस्कार प्राप्त किया था। यह श्वास प्रवाह मीटर पीक एक्सपाइरेटरी फ्लो रेट (पी ई एफ आर)-उच्च उच्छावसन (नि श्वसन) प्रवाह दर के साथ-साथ पीक इन्सपाइरेटरी फ्लो (पी आई एफ) उच्च प्रश्वसन (अन्त श्वास) प्रवाह को आलेखित करता है। इस साधन की विशषता यह है कि इसका एक सिरा मुँह मे लगाने वाले भाग के रूप मे प्रयोग किया जा सकता हैं तथा कार्य को अधिक सरल और कम समय लेने वाला बनाते हुए पी ई एफ आर और पी आई एफ को आलेखित किया जा सकता है।

डॉ सिह ने 15 अगस्त, 1990 इ को अपने आविष्कारो और खोजो के उपलक्ष मे राजस्थान सरकार से 15 हजार रुपयो का नकद योग्यता पुरस्कार प्राप्त किया था जो राजस्थान सरकार द्वारा दिया गया सर्वोच्च नकद पुरस्कार था। जनवरी, 1991 ई मे आगरा मे आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इण्डिया के 46वे अधिवेशन (सम्मलन) के अवसर पर वक्ष रोगो के क्षेत्र मे सर्वोत्तम पत्र प्रस्तुत करने के उपलक्ष म एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इण्डिया का ई मक पुरस्कार प्राप्त किया था। उन्होने 3 अप्रैल, 1992 ई को भारत के तत्कालीन प्रधानमत्री श्री पी वी नरसिहराव से देश मे अपने सर्वोत्तम जैव-अभियात्रिकी कार्य एव 'अस्थमा पर योग श्वसन क्रियाओ का प्रभाव' विषय पर लिखे उनके मोलिक एव शोधपूर्ण कार्य के उपलक्ष मे राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी का डॉ श्याम लाल सक्सेना स्मृति पुरस्कार तथा सन् 1992 ई मे देश मे सर्वोत्तम प्रकाशनो के लिए श्री कृष्णजी गोविन्द एव प्रमीला भाटे स्मृति व्याख्यान पुरस्कार प्राप्त किया था। 5 जनवरी, 1993 ई को भारत के राष्ट्रपति डॉ शकर दयाल शर्मा ने चिकित्सा के क्षेत्र मे अस्थमा रोगियो के फेफडो और श्वसन की जॉच के लिए पिक सिटी फ्लो मीटर, उसके उपचार

के लिए पिकी सिटी एक्ससाइजर के आविष्कारो तथा एसीडिटी और अस्थमा क सम्बन्ध मे शोध कार्य अर्थात् चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र मे देश मे सर्वोत्तम आधारभूत शोध कार्य क उपलक्ष मे भारतीय चिकित्सा परिषद् का हरिओम आश्रम एलेम्बिक शोध पुरस्कार दस हजार रुपये नकद, एक स्वर्ण पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान कर डॉ बी सी रॉय पुरस्कार समारोह के अवसर पर उन्हे सम्मानित एव विभूषित किया। 23 अप्रैल, 1994 ई को उन्हे जयपुर मे एकता मच ने एकता पुरस्कार से उनके पिक सिटी लग एक्सरसाइजर के आविष्कार के लिए सम्मानित किया। 21 जनवरी, 1995 ई को मद्रास मे उन्हे दमा के इलाज मे काम आने वाले कई उपकरणो का आविष्कार करने के उपलक्ष मे एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इण्डिया के स्वर्ण जयन्ती अवसर पर 'साराभाई ओरेशन' पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होने इन आविष्कारो को पेटेन्ट करवा लिया है। 19 मई, 1995 ई को डॉ सिह ने सान्फ्रासिस्को (गू एस ए) मे अमेरिकन थोरेसिक सोसायटी की ओर से आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय काफ्रेस मे 'अस्थमा सत्र' की अध्यक्षता की।

सम्मेलनो मे सहभागिता—इण्डियन चेस्ट सोसायटी और एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इण्डिया के वार्षिक सम्मेलनो मे भाग लेने के अलावा उन्होने निम्नलिखित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो मे भाग लिया और पत्र प्रस्तुत किये—

(1) अक्टूबर, 1985 ई मे वाशिगटन डी सी मे आयोजित अति अनुभूति विज्ञान (एलर्जी सम्बन्धी विज्ञान) और चिकित्सीय प्रतिरक्षा विज्ञान पर 12वीं अन्तर्राष्ट्रीय काग्रेस।

(2) ब्रिटिश थोरेसिक सोसायटी की शीतकालीन बैठक (सभा), लन्दन, दिसम्बर, 1988।

(3) अमेरिकन थोरेसिक सोसायटी सम्मेलन, सिन्सिन्टी, यू एस ए, मई, 1989।

(4) ब्रिटिश थोरेसिक सोसायटी की सभा, साउथम्पटन, इग्लैंड, जुलाई, 1989।

(5) श्वास सम्बन्धी भेषज विज्ञान की प्रक्रियाओ पर परिसवाद, कैम्ब्रिज इग्लैंड, सितम्बर, 1989।

(6) वर्ल्ड लग काग्रेस, बोस्टन, यू एस ए, मई 1990।

(7) नवम्बर, 1992 ई मे वाशिगटन मे एलर्जी पर आयोजित तेरहवी अन्तर्राष्ट्रीय काग्रेस, दमा एव एसिडिटी पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया

और पिक सिटी फ्लोमीटर का भी प्रदर्शन किया जिसकी विशेषज्ञो ने सराहना की।

(8) बोस्टन, यू एस ए मे मई, 1994 ई मे श्वास रोग (दमा) पर अमेरिकन थोरेसिक सोसायटी सम्मेलन ओर अपने आविष्कार 'पिक सिटी लग एक्सरसाइजर' के परिणाम प्रस्तुत किये तथा नाटिघम भी गए।

(9) मई, 1995 ई मे सानफ्रासिस्को, यू एस ए मे अमेरिकन थोरेसिक सोसायटी का सम्मेलन, 'अस्थमा सत्र' की अध्यक्षता की, श्वास रोग मे 'एलर्जन्स' की भूमिका पर भारत मे हो रही चिकित्सा पद्धति पर व्याख्यान दिया, न्यूयार्क म वेर्टन्स मेडिकल कॉलेज तथा फ्लोरिडा मे टैम्पा मेडिकल कॉलेज मे व्याख्यान दिये।

डॉ सिह ने बताया कि न केवल एलर्जन्स बल्कि साधारण लगने वाली शारीरिक गतिविधियाँ, जैसे खासना, रोना, चिल्लाना, हॅसना, दौडना आदि कारण भी श्वास रोग बढा सकते हैं। इसका कारण हवा से श्वास नलियो मे होने वाला घर्षण है।

इस प्रकार डॉ सिह इग्लैंड और अमेरिका मे आयोजित 9 अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनो और भारत मे 11 से अधिक सम्मेलनो मे भाग ले चुके हैं।

प्रकाशन—डॉ सिह के 40 से अधिक शोध अध्ययन प्रख्यात राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे प्रकाशित हो चुके हैं।

महत्त्वपूर्ण कार्य—आविष्कार

1 **पिक सिटी फ्लोमीटर**—सन् 1985 ई मे डॉ सिह ने पिक सिटी फ्लोमीटर का आविष्कार किया। यह उच्छावसन और प्रश्वसन प्रवाह को आलेखित करता है। यह एक ऐसा यत्र है, जिसके द्वारा दमा (अस्थमा) रोग की तीव्रता को उसी प्रकार मापा जा सकता है जिस प्रकार थर्मामीटर ज्वर की तीव्रता को मापता है। धूम्रपान से उत्पन्न फेफडो का रोग इमफाइसोमा (शरीर ऊतक मे असाधारण वायु या गैस का दबाव होना) का पता इस यत्र द्वारा जल्दी लगाया जा सकता है। 52 0ब भारतीय जनसख्या धूम्रपान करने वाली है। अत समाज के लिए यह बहुत उपादेय है। राष्ट्रीय अनुसन्धान विकास निगम (भारत सरकार) ने इस यत्र के आविष्कार के उपलक्ष मे 15 अगस्त, 1989 ई को उन्हे 50 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया था। राष्ट्रीय अनुसन्धान विकास निगम के सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले डॉ सिह देश मे सर्वप्रथम चिकित्सक हैं। इस यत्र से सम्बन्धित अध्ययन

प्रमुख राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे प्रकाशित हुए है। भारत और विदेशो के सैकडो चिकित्सको ने इस यत्र की सराहना की है।

2 **पिक सिटी लग एक्सरसाइजर**—दमा (अस्थमा) बहुत पुराना (चिरकालिक) श्वास रोग होता है। दमा के रोगी को दीर्घकाल तक और कभी-कभी जीवन पर्यन्त औषधियो का सेवन करना पडता है। औषधियो के मूल्य (खर्च) और उनके दुष्प्रभावो को ध्यान मे रखकर औषधिविहीन विभिन्न प्रकार रोग निदान और चिकित्साये सुझाई गई हैं। दमा रोग मे सुधार हेतु यौगिक उपाय भी बताये जाते है, किन्तु समुचित अधिकृत अध्ययनो की कमी थी। डॉ सिह ने इस दिशा मे पिक सिटी लग एक्सरसाइजर नामक यत्र का सन् 1986 ई मे आविष्कार कर इस कमी को दूर किया है। इस यत्र के विषय मे दैनिक नवज्योति, जयपुर मे 23 सितम्बर, 1986 ई को समाचार प्रकाशित हुआ था। पिक सिटी लग एक्सरसाइजर यत्र हमारे देश के प्राचीन विज्ञान योग के शीतली प्राणायाम के सिद्धान्त पर आधारित है। इसको प्रयोग मे लाने से दमे तथा धूम्रपान से होने वाली सॉस की बीमारी के मरीजो के फेफडो की क्षमता बढाई जा सकती है। पिक सिटी लग एक्सरसाइजर एक ऐसा यत्र है जिसके द्वारा प्रयोग करने वाला प्राणायाम की विधि से सॉस लेता और सीखता है। इस यत्र द्वारा सॉस निकालने की प्रक्रिया मे लगने वाला समय सॉस अन्दर लेने मे लगने वाले समय से ठीक दुगुना होता है। पिक सिटी लग एक्सरसाइजर नामक यह यत्र राजस्थान इजीनियरिंग वर्क्स के केवल परनामी एव इजीनियरिंग कॉलेज के मैकेनिकल विभाग के इजीनियर ए पी एस राठौड की मदद से बन सका है।

पिक सिटी लग एक्सरसाइजर के प्रयोग से न केवल सॉस लेने मे आम आने वाली मॉसपेशियो की क्षमता बढती है बल्कि श्वसन प्रक्रिया भी नियमित हो जाती है जिससे रोगी को आराम मिलता है और धीरे-धीरे उसकी सॉस की त्कलीफ कम होने लगती है। दमे के उन रोगियो जिनमे सॉस की तकलीफ देर रात या प्रात होती है द्वारा यदि इस यत्र को काम मे लिया जाये तो उन्हे बलगम निकालने मे सुविधा होगी जिससे रोगी पुन सॉस लेने की स्वस्थ प्रक्रिया की तरफ अग्रसित हो सकेगा।

एक स्वस्थ व्यक्ति भी फेफडो को मजबूत एव सदैव स्वस्थ बनाये रखने हेतु इस यत्र को पयोग मे ले सकता है। इस यत्र को नित्य काम मे लेने से उसके पूरे

श्वसन तत्र की एक व्यवम्थित कसरत हो जावेगी, प्राणायाम से होने वाले सभी लाभो से भी लाभान्वित होगा। भविष्य हेतु उसके फेफडे स्वस्थ रहते हुए किसी भी सॉस की बीमारी को नाकाम करने हेतु सदैव तैयार रहेगे।

इस यत्र की सफलता इसकी तक्नीक एव सिद्धान्त के अतिरिक्त आम आदमी तक इसकी पहुॅच हो सके, इसका आविष्कार करते समय इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि एक साधारण से साधारण व्यक्ति भी इस यत्र को खरीद सके। व्यावसायिक उत्पादन करने पर इस यत्र की लागत 10-15 रुपये आती है।

इस यत्र की सहायता से प्राणायाम की प्रभावशीलता का अध्ययन नौटिघम, इग्लैड के दमा रोगियो पर अध्ययन-प्रायोजना के अन्तर्गत किया गया था। इस अध्ययन मे रोगियो के दमा रोग मे लाभप्रद प्रभाव विशेष रूप से देखा गया था। 15 जुलाइ, 1990 ई को 'सन्डे एक्सप्रेस (इग्लैंड)' मे श्री लायने ग्रीनवुड ने इस प्रकार सूचना प्रकाशित कराई थी, "नौटिघम सिटी चिकित्सालय मे परीक्षण की जा रही भारत की एक सरल श्वसन विधि अनेक दमा पीडितो को बिना औषधियो के लिए जीवनदायी हो सकती है।"

35 वर्षीया शोध वैज्ञानिक क्रिस्टाइन पोर्टर ब्रिटेन मे बीस लाख से अधिक दमा रोगियो मे से एक है।

हजारो अन्य रोगियो की भॉति वह सामान्यतया श्वासहीनता, खॉसी और घरघर सॉस लेने के लक्षणो को नियत्रित करने के लिए प्रस्तावित श्वसन-यत्र का उपयोग करती है।

किन्तु उन्होने चिकित्सालय मे योग मे प्रयुक्त की जाने वाली धीमी, गहरी श्वास वाले व्यायामो का अभ्यास कराने वाले परीक्षणो मे भाग लिया और यह पाया कि उनके लक्षण मे बहुत कमा हुई।

वह उन 18 कोमल पीडितो मे से एक थी जो सिटी चिकित्सालय की श्वसन भेषज विज्ञान इकाइ द्वारा आयोजित पाच-सप्ताह के परीक्षण कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए सहमत हुई थीं।

ब्रिटेन मे अपनी किस्म का पहला यह परीक्षण भारत मे जयपुर से एक वर्ष की फैलोशिप पर नौटिघम आने वाले डॉ वीरेन्द्र सिह ने सुझाया था, जहॉ दमा के इलाज मे यौगिक श्वसन को सहायक होने मे विश्वास किया जाता है।

उन्होने एक साल उपाय बतलाया जो इसके प्रयाग करने वालो को मन्द श्वसन तथा प्राणायाम योग श्वसन व्यायाम के समकक्ष 1 2 अनुपात मे श्वास के अन्दर लेने और बाहर निकालने के लिए बाध्य करता है।

प्रमुख राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जर्नलो मे प्रकाशित हुए है। भारत और विदेशो के सैकडो चिकित्सको ने इस यत्र की सराहना की है।

2 **पिक सिटी लग एक्सरसाइजर**—दमा (अस्थमा) बहुत पुराना (चिरकालिक) श्वास रोग होता है। दमा के रोगी को दीर्घकाल तक और कभी-कभी जीवन पर्यन्त औषधियो का सेवन करना पडता है। औषधियो के मूल्य (खर्च) और उनके दुष्प्रभावो को ध्यान मे रखकर औषधिविहीन विभिन्न प्रकार रोग निदान और चिकित्साये सुझाई गई हैं। दमा रोग मे सुधार हेतु यौगिक उपाय भी बताये जाते है, किन्तु समुचित अधिकृत अध्ययनो की कमी थी। डॉ सिह ने इस दिशा मे पिक सिटी लग एक्सरसाइजर नामक यत्र का सन् 1986 ई मे आविष्कार कर इस कमी को दूर किया है। इस यत्र के विषय मे दैनिक नवज्योति, जयपुर मे 23 सितम्बर, 1986 ई को समाचार प्रकाशित हुआ था। पिक सिटी लग एक्सरसाइजर यत्र हमारे देश के प्राचीन विज्ञान योग के शीतली प्राणायाम के सिद्धान्त पर आधारित है। इसको प्रयोग मे लाने से दमे तथा धूम्रपान से होने वाली सॉस की बीमारी के मरीजो के फेफडो की क्षमता बढाई जा सकती है। पिक सिटी लग एक्सरसाइजर एक ऐसा यत्र है जिसके द्वारा प्रयोग करने वाला प्राणायाम की विधि से सॉस लेता और सीखता है। इस यत्र द्वारा सॉस निकालने की प्रक्रिया मे लगने वाला समय सॉस अन्दर लेने मे लगने वाले समय से ठीक दुगुना होता है। पिक सिटी लग एक्सरसाइजर नामक यह यत्र राजस्थान इजीनियरिंग वर्क्स के केवल परनामी एव इजीनियरिंग कॉलेज के मैकेनिकल विभाग के इजीनियर ए पी एस राठौड की मदद से बन सका है।

पिक सिटी लग एक्सरसाइजर के प्रयोग से न केवल सॉस लेने मे आम आने वाली मॉसपेशियो की क्षमता बढती है बल्कि श्वसन प्रक्रिया भी नियमित हो जाती है जिससे रोगी को आराम मिलता है और धीरे-धीरे उसकी सॉस की तकलीफ कम होने लगती है। दमे के उन रोगियो जिनमे सॉस की तकलीफ देर रात या प्रात होती है द्वारा यदि इस यत्र को काम मे लिया जाये तो उन्हे बलगम निकालने मे सुविधा होगी जिससे रोगी पुन सॉस लेने की स्वस्थ प्रक्रिया की तरफ अग्रसित हो सकेगा।

एक स्वस्थ व्यक्ति भी फेफडो को मजबूत एव सदैव स्वस्थ बनाये रखने हेतु इस यत्र को पयोग मे ले सकता है। इस यत्र को नित्य काम मे लेने से उसके पूरे

श्वसन तत्र की एक व्यवम्थित कसरत हो जावेगी प्राणायाम से होन वाले सभी लाभो से भी लाभाविन्त होगा। भविष्य हेतु उसके फेफडे स्वस्थ रहते हुए किसी भी सॉस की बीमारी को नाकाम करने हेतु सदैव तैयार रहेगा।

इस यत्र की सफलता इसकी तक्नीक एव सिद्धान्त के अतिरिक्त आम आदमी तक इसकी पहुॅच हो सके, इसका आविष्कार करते समय इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि एक साधारण से साधारण व्यक्ति भी इस यत्र को खरीद सके। व्यावसायिक उत्पादन करने पर इस यत्र की लागत 10-15 रुपये आती है।

इस यत्र की सहायता से प्राणायाम की प्रभावशीलता का अध्ययन नौटिघम, इग्लैड के दमा रोगियो पर अध्ययन-प्रायोजना के अन्तर्गत किया गया था। इस अध्ययन मे रोगियो के दमा रोग मे लाभप्रद प्रभाव विशेष रूप से देखा गया था। 15 जुलाई, 1990 ई को 'सन्डे एक्सप्रेस (इग्लैंड)' मे श्री लायने ग्रीनवुड ने इस प्रकार सूचना प्रकाशित कराई थी, ''नौटिघम सिटी चिकित्सालय मे परीक्षण की जा रही भारत की एक सरल श्वसन विधि अनेक दमा पीडितो को बिना औषधियो के लिए जीवनदारी हो सकती है।''

35 वर्षीया शोध वैज्ञानिक क्रिस्टाइन पोर्टर ब्रिटेन मे बीस लाख से अधिक दमा रोगियो मे से एक है।

हजारो अन्य रोगियो की भॉति वह सामान्यतया श्वासहीनता, खॉसी और घरघर सॉस लेने के लक्षणो को नियत्रित करने के लिए प्रस्तावित श्वसन-यत्र का उपयोग करती हैं।

किन्तु उन्होने चिकित्सालय मे योग मे प्रयुक्त की जाने वाली धीमी, गहरी श्वास वाले व्यायामो का अभ्यास कराने वाले परीक्षणो मे भाग लिया और यह पाया कि उनके लक्षण मे बहुत कमा हुई।

वह उन 18 कोमल पीडितो मे से एक थी जो सिटी चिकित्सालय की श्वसन भेषज विज्ञान इकाइ द्वारा आयोजित पाच-सप्ताह के परीक्षण कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए सहमत हुई थीं।

ब्रिटेन मे अपनी किस्म का पहला यह परीक्षण भारत मे जयपुर से एक वष की फैलोशिप पर नौटिघम आने वाले डॉ वीरेन्द्र सिह ने सुझाया था, जहॉ दमा के इलाज मे यौगिक श्वसन को सहायक होने मे विश्वास किया जाता है।

उन्होने एक साल उपाय बतलाया जो इसके प्रयोग करने वालो को मन्द श्वसन तथा प्राणायाम योग श्वसन व्यायाम के समकक्ष 1 2 अनुपात मे श्वास के अन्दर लेने और बाहर निकालने के लिए बाध्य करता है।

पिक सिटी लग एक्सरसाइजर (पिक सिटी का तात्पर्य जयपुर) एक मुँह मे लगाने वाला यत्र है जो एक डिस्क से जुडा होता है जिसमे छिद्र होते है जो एक-मार्गीय वाल्व धारण करते है। वाल्व को अन्दर और बाहर की साँस के सही अनुपात एव मन्द श्वसन को नियत्रित करने के लिए लगाया जाता है।

चिकित्सालय मे प्रशिक्षण सत्र के उपरान्त 19 और 54 वर्ष के मध्य आयु के सभी धूम्रपान न करने वाले स्वय सेवको को शान्तिपूर्वक बेठने और अपनी श्वास को एकाग्र करने के लिए कहा गया जबकि वे घर पर प्रतिदिन दो बार 15 मिनट तक एक्सरसाइजर का उपयोग करते थे।

वे एक से पॉच तक एक पैमाने पर दिन और रात के घरघराहटपूर्ण श्वास, खॉसी और वक्ष की कटोरता की तीव्रता को एक डायरी चार्ट पर अकित करते थे।

आठ वर्ष से दमा से पीडित 32 वर्षीया नर्स गिलिअन ने एक्सरसाइजर को उपयोग के लिए सरल पाया जब वह पहले सोकर उठीं और पुन रात को सोते समय।

क्रिस्टाइन और गिलिअन दोनो का कहना है कि यद्यपि श्वसन यत्र की सहायता से अपने लक्षणो से आसानी से मुक्ति हो जाती है, वे इसका प्रयोग न करना अधिक पसन्द करती है।''

श्वसन विज्ञान के व्याख्याता डॉ जॉन ब्रिटन का कहना था, ''जहॉ तक हमे ज्ञात है यह पाश्चात्य जगत् मे अपनी किस्म का पहला परीक्षण है। यह प्रेरणादायक है, क्योकि परीक्षण यह प्रदर्शित करता है कि आप औषधियो का प्रयोग किये बिना दमा मे थोडा-सा भी सुधार कर सकते हैं।

रियाद, जेद्दा, धहरान और काहिरा से एक साथ प्रकाशित हाने वाले सऊदी अरब के अग्रेजी भाषा के प्रथम दैनिक अखबार ''अरब न्यूज'' मे ''योग श्वसन प्रविधियॉ'' शीर्षक के अन्तर्गत जेफ्री ए फिशर एम डी ने लिखा था ''वास्तव मे शरीर के बढे हुए मानसिक और शारीरिक नियत्रण द्वारा योग का उद्देश्य एक सार्वभाम सत्ता के साथ आत्मा का मिलन है। योग को आठ चरणो मे सिखाया जाता है, जिनमे से एक प्राणायाम स्पष्टतया श्वसन नियत्रण से सम्बन्धित है। चूँकि यह शरीर क्रिया विज्ञान के इस पहलू मे सन्निहित है प्राणायाम को बिना औषधिया के कभी-कभी कठिन स्थिति मे दमा रोग क नियत्रण व्यवस्था मे सहायक माना जाता है। प्राणायाम के चार उद्देश्य है श्वसन आवृत्ति मे चरणबद्धता की कमी, प्रश्वसन और नि श्वसन काल मे 1 2 अनुपात प्राप्त करना प्रश्वसन के अन्त म देर तक सॉस रोके रहना जो सॉस मे नि श्वसन और मानसिक एकाग्रता के दुगुन समय तक रहता है। इन चार प्रविधियो के मेल को ही अस्थमा मे सुधार का श्रेय दिया जाता है अस्थमा पर योग

के प्रभाव के मूल्यॉकन हेतु ऐसा अध्ययन करना कठिन होता है। तथापि ऐसा यत्र बनाया गया हे, जो ऐसा अध्ययन सम्भव बनाता है जिसका रगीन नाम पिक सिटी लग एक्सरसाइजर है (पहले मेने सोचा कि पिक शब्द स्वस्थ फफडो के लिए प्रयोग किया गया है, किन्तु पिक सिटी भारत के जयपुर शहर का प्रतिनिधित्व करता हे), यह यत्र श्वसन और पूर्व वर्णित प्राणायाम श्वसन विधियो के समकक्ष काल 1 2 प्रश्वसन नि श्वसन का प्रदर्शन स्पष्ट करता है। इसमे अनेक छिद्र होते हैं जो गुजरने वाली वायु की मात्रा को बदलते रहते हैं। प्लेस-बो यत्र म पूर्णतया ऐसा ही छिद्र होता है।

अध्ययन हेतु 22 धूम्रपान न करने वाले मन्द अस्थमा वाले सम्भागियो का सम्मिलित किया गया था। उनकी आधाररेखा श्वसन गतियो को निर्धारित करके उन्हे (रोगियो को) पिक सिटी श्वसन यत्र अथवा प्लेस-बो यत्र का प्रयोग एक दिन मे दो बार पन्द्रह मिनट तक का सुझाव दिया गया था। दो सप्ताह के अन्त म रोगियो की पुन जॉच की गई थी। प्लेस बो की तुलना मे पिक सिटी लग एक्सरसाइजर के प्रयोग से सभी मे अधिक सुधार आया। इस अध्ययन क परिणामो का तात्पर्य है कि अस्थमा के लिए एक नया औषधिविहीन अस्त्र हो सकता है। सुधार का परिणाम किसी के लिए औषधियो से पूर्णतया मुक्त होना नहीं हो सकता, किन्तु इसका तात्पय औषधि की मात्रा या खुराक मे कमी हो सकता है।'' भारतीय चेस्ट सोसायटी के प्रवक्ता श्री सुरेश कूलवाल के अनुसार पिक सिटी एक्सरसाइजर का प्रयोग श्वसन तत्र के अगो की मॉसपेशियो की क्षमता को बढाता है, किन्तु श्वसन तत्र भी नियमिन हो जाता है और रोगी को राहत मिलती है तथा धीरे-धीरे वह प्रश्वसन मे कम कठिनाई अनुभव करता है।

मई, 1990 ई मे इसे बोस्टन मे वर्ल्ड लग काफ्रेन्स मे प्रस्तुत किया गया था। इसे पमुख चिकित्सा जर्नल, दि लेन्सेट, 1990 मे प्रकाशित किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक आर प्रिन्ट मीडिया ने इसे व्यापक रूप से स्थान दिया था। विश्व साहित्य मे यह योग का प्रथम अधिकृत अध्ययन था। प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय फुफ्फुस विशेषज्ञ प्रोफेसर थॉमम पेट्टी ने पिक सिटी फ्लोमीटर और पिक सिटी लग एक्सरसाइजर की श्रेष्ठता सयुक्त राज्य अमेरिका मे उपलब्ध अन्य यत्रो से अधिक स्वीकार की।

3 **नेसल साइकिल की व्याख्या**—यद्यपि नेसल साइकिल के अस्तित्व से भारत के प्राचीन योगी परिचित थे चिकित्सा जगत के लिए यह तथ्य कम ही ज्ञात था। एक तत्रिका परावतन का सुझाव दिया गया ओर वैकल्पिक नथुना की चक्रीय क्षमता के पदाथ की व्याख्या हेतु

अध्ययन किया गया। यह अध्ययन शरीर क्रिया विज्ञान के प्रमुख जर्नलो–जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजिओलॉजी, 1987 ई मे प्रकाशित किया गया था। तदुपरान्त आलेख का विवरण ईयर बुक ऑफ पलमोनरी डिजीज, 1988, पृष्ठ 34 पर छपा। इस प्रतिष्ठित ईयर बुक मे छपने वाला भारत से यह एकमात्र आलेख था।

4 **दमा और गैस्ट्रोएसोफेमीअल रिफ्लक्स (जी ई आर) का मेल**— जी ई आर के लक्षण दमा रोगियो मे होना पाया जाना एक आम धारणा है। जी ई आर और दमा के मेल से सम्बन्धित अध्ययन आलेख प्रतिष्ठित जर्नल–जर्नल ऑफ अस्थमा, 1983 ई मे प्रकाशित हुआ था। जर्नल के सम्पादकीय मे प्रशसात्मक टिप्पणी के साथ वर्णित यह एकमात्र आलेख था।

5 पिक सिटी सेग्रीगेशन चैम्बर।

6 कुजल और नेति जैसे यौगिक उपायो के प्रभावो का अधययन भी दमा रोगियो पर किया गया था। कुजल के प्रभाव से सम्बन्धित आलेख जर्नल ऑफ अस्थमा मे प्रकाशित हुआ था।

7 डॉ वीरेन्द्रसिह ने एक विधि का विकास किया है और उसे पेटेन्ट करा लिया है जो स्पिरोमीटर (Spirometer) के साथ प्रयाग किये जाने पर एक रोगी से दूसरे रोगी तक जीवाणुओ के सक्रमण को फैलने से रोकने मे सहायता करती है। स्पिरोमीटर (Spirometer) एक यत्र है जिसका प्रयोग चिकित्सक फेफडो की जॉच करने के लिए करते है।

मीडिया द्वारा स्थान

इलैक्ट्रॉनिक मीडिया—निम्नलिखित इलैक्ट्रॉनिक मीडिया ने उनके आविष्कारो और शोध कार्य के विषय मे सूचनाओ को स्थान दिया—

(1) 20 जनवरी, 1990 ई को बी बी सी रेडियो प्रसारण, लन्दन।

(2) ए बी सी रेडियो रिकार्डिंग, और

(3) वायस ऑफ अमेरिका 21 मई 1990, न्यूयार्क।

(4) दूरदर्शन राष्ट्रीय समाचार प्रसारण 8 45 रात्रि, 6 जनवरी 1991।

(5) जयपुर दूरदर्शन से तीन टेलिविजन प्रसारण और जयपुर रेडियो केन्द्र से पॉच प्रसारण।

प्रिन्ट मीडिया—100 से अधिक समाचार-पत्र विश्व भर मे उनके आविष्कारो और अनुसन्धान के विषय मे सन् 1983 ई से समाचार प्रकाशित कर रहे हैं। उनमे से कुछ प्रमुख समाचार-पत्रो के नाम हैं दि सन्डे एक्सप्रेस, दि इन्डिपेन्डेट ऑफ इग्लैंड, सऊदी अरब का दि अरब न्यूज, जर्मनी का दि मेडिकल ट्रिब्यून।

लगभग एक दर्जन पत्रिकाओ ने उनके आविष्कारो से सम्बन्धित फीचस प्रकाशित किये हैं। उनमे से कुछ के नाम हैं—धर्मयुग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, दि सन्डे मेल, दि ट्रेजर, कादम्बनी, काला कान्डू (तमिल) आदि।

सदस्यता—डॉ वीरेन्द्र मिह एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इण्डिया, इण्डियन चेस्ट सोसायटी, इण्डियन अस्थमा केयर सोसायटी ओर इण्डियन मडिकल एसोसिएशन के सदस्य है। वर्तमान मे वह इण्डियन अस्थमा केयर सोसायटी क सचिव है।

समाज की चिकित्सा सेवा—उन्होने रोगो के विषय मे जन-जागृति हेतु साहित्य प्रकाशित किया है। वह सन् 1985 ई से इण्डियन अस्थमा केयर सोसायटी के सचिव हैं। वह लायन्स प्रदूषण नियत्रण जिले के अध्यक्ष है। उन्होने लायन्स क्लब और इण्डियन एसोसिएशन चेस्ट सोसायटी के माध्यम से तम्बाकू के विरुद्ध सघर्ष शुरू किया है। उन्होने राजस्थान की गन्दी की बस्तियो और ग्रामीण क्षेत्रो मे चिकित्सा शिविरो का आयोजन किया है।

छात्र जीवन सस्मरणो से—सन् 1974 ई मे वह कॉलेज की पैथोलॉजी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रहे। वर्ष 1971-75 मे उन्होने कॉलेज प्रतियोगिताओ मे बैडमिन्टन के पॉच पदक जीते थे। सन् 1976 ई मे उन्होने अन्त चिकित्सा टेबिल टेनिस मे चिकित्सा महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। सन् 1974 ई मे वह कॉलेज पत्रिका के सम्पादक मण्डल के सदस्य रहे। सन् 1979 ई मे वह जयपुर रेजीडेट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष थे।

❐

डॉ ए. के ग्रोवर

(1955 ई)

जन्म एव वश परिचय—स्वर्गीय श्री ईश्वरदास ग्रोवर एव श्रीमती सन्तोष के सुपुत्र डॉ अशोक कुमार ग्रोवर का जन्म 30 अक्टूबर, 1955 ई को भारत के विशाल राज्य उत्तरप्रदेश के विश्वविख्यात ऐतिहासिक नगर आगरा मे हुआ था। उनका बाल्यकाल आगरा (1955-57 ई), बाराबकी (उत्तरप्रदेश) (1957-62 ई), वाराणसी (उत्तरप्रदेश) (1962-64 ई), अमृतसर (पजाब) (1964-68 ई), मुरादाबाद (उत्तरप्रदेश) (1968-70 ई), अमृतसर (1970-71 ई) और चडीगढ मे व्यतीत हुआ था। उनकी जीवन-सगिनी श्रीमती पूनम ग्रोवर बी ए , एल एल बी हैं। उनके 1985 ई मे जन्मा श्री अपूर्व एव सन् 1988 ई मे जन्मा श्री तुशार नामक दो पुत्र है।

शिक्षा-दीक्षा—वर्ष 1962-64 ई मे डॉ ग्रोवर कक्षा तीन और चार मे सेट मेरी स्कूल, बनारस (यू पी) के छात्र रहे। वर्ष 1964-68 ई मे वह कक्षा 5 से 8 तक श्री हरी राम आश्रम स्कूल, अमृतसर मे अध्ययनरत रहे। वर्ष 1968-70 ई मे वह कक्षा 9 तथा 10 मे पार्कर इन्टर कॉलेज, मुरादाबाद मे पढते रहे। वर्ष 1970-71 ई मे उन्होने डी ए वी कॉलेज, अमृतसर के छात्र के रूप मे प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होने डी ए वी कॉलेज, चडीगढ से चिकित्सा प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्ष 1972-76 ई मे मौलाना आजाद चिकित्सा महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र के रूप मे उन्होने एम बी बी एस की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 1978-80 ई मे वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नइ दिल्ली के छात्र रहे तथा उन्हे सन् 1980 ई मे एम डी (नेत्र विज्ञान) की उपाधि प्रदान की गई। सन् 1982 ई मे उन्होने राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञा अकादमी से एम एन ए एम एस की उपाधि प्राप्त की।

व्यवसाय के क्षेत्र मे—डॉ ग्रोवर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान, नई दिल्ली मे 1 जनवरी, 1978 ई से 31 दिसम्बर, 1980 ई तक कनिष्ठ रेजीडेट डॉक्टर तथा 1 जनवरी, 1981 ई से 31 दिसम्बर, 1983 ई तक वरिष्ठ रेजीडेट डॉक्टर रहे। वह गुरुनानक नेत्र कन्द्र, मौलाना आजाद चिकित्सा महाविद्यालय नई दिल्ली मे 13 अगस्त, 1984 ई से 23 अगस्त, 1987 ई तक सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत

रहे तथा 24 अगस्त 1987 इ से एसोमिएट प्रोफेसर क पद क दायित्व का निवहन कर रहे है।

पता—उनका वर्तमान कार्यालयीय पता इस प्रकार हें—

डॉ अशोक कुमार ग्रोवर,
एसोसिएट प्रोफेसर नेत्र विज्ञान,
प्रभारी ओकूलोप्लास्टिक, ओर्बिटल एव
लेक्रीमल शल्य क्रिया चिकित्सालय, गुरुनानक नेत्र केन्द्र,
मौलाना आजाद चिकित्सा महाविद्यालय, नई दिल्ली-110002, भारत

उनका आवासीय पता अधोलिखित है—

12 डी, माता सुन्दरी गली,
माता सुन्दरी महाविद्यालय के सामने
नई दिल्ली-110002, भारत

सदस्यता और फैलोशिप—डॉ ग्रोवर ऑल इण्डिया ऑप्थलमोलोजिकल सोसायटी, देहली ऑप्थलमोलोजिकल सोसायटी, इण्डो-जापान ऑप्थलमोलॉजिकल फाउन्डेशन, ओकूलोप्लास्टिक एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन, देहली मेडिकल एसोसिएशन तथा राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी के सदस्य हैं।

उन्हे जून, 1986 ई मे चिकित्सा अनुसन्धान फाउन्डेशन, मद्रास, जुलाइ 1986 इ मे अरविन्द नेत्र चिकित्सालय, मदुरै, जून से सितम्बर, 1988 ई तक नेत्र विज्ञान सस्थान, किरयू, जापान, तथा अगस्त, 1988 ई मे निशि नेत्र चिकित्सालय, ओसाका, जापान की फैलोशिप प्राप्त हुई थी।

अनुसन्धान के क्षेत्र—उनकी विशिष्ट अनुसन्धान अभिरुचि ओकूप्लास्टिक चिकित्सा केन्द्र, गुरुनानक नेत्र केन्द्र, मौलाना आजाद चिकित्सा महाविद्यालय, नइ दिल्ली के प्रभारी के रूप मे ओकूप्लास्टिक, ओर्बिटल और लैक्रीमल शल्य क्रिया मे तथा इन्ट्रा ओकूलर लैंस प्रत्यारोपण शल्य क्रिया मे हे।

प्रकाशन—डॉ ग्रोवर अब तक लगभग 50 शोध-पत्र राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्राय सम्मेलनो मे प्रस्तुत तथा प्रकाशित कर चुके हैं।

सम्मान एव पुरस्कार—डॉ ग्रोवर को शल्य क्रिया के क्षेत्र मे लेफ्टीनेट जनरल डी आर थापर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया था। ऑल इण्डिया ऑप्थलमोलॉजिकल सासायटी ने उन्हे सन 1986 ई मे ऐथिकोन फैलाशिप प्रदान की थी। इण्डो-जापानीज

ऑप्थलमोलॉजिकल फाउन्डेशन ने उन्हे सन् 1988 ई मे तीन माह के लिए फैलोशिप प्रदान की थी। वह अफ्रो-एशियन जर्नल ऑफ ऑप्थलमोलॉजी के एसोसिएट सम्पादक है। वह भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् मे नेत्र विज्ञान परामर्शद है। वह सेट जोन्स चिकित्सा सहायता कोर (भारतीय रेड क्रॉस) के कोर मर्जन हैं।

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमो मे सहभागिता/परिसवादो का आयोजन/अध्यक्षता—डॉ ग्रोवर सन् 1986 ई मे गुरुनानक केन्द्र, नई दिल्ली मे अन्त चक्षु सम्बन्धी लैस प्रत्यारोपण (Intra ocular Lens ımplantatıon) कार्यशाला के आयोजना सचिव थे। सन् 1987 ई मे उन्होने ओकूलोप्लास्टिक्स, अश्रु सम्बन्धी (लेक्रीमल) तथा प्रशिक्षका (Orbıtal) शल्य क्रिया पर कार्यशाला के सगठन सचिव का दायित्व गुरुनानक नेत्र केन्द्र, नई दिल्ली मे सम्पादित किया था। सन् 1989 ई मे वह गुरुनानक नेत्र केन्द्र, नई दिल्ली मे अन्त चक्षु सम्बन्धी लैस प्रत्यारोपण तथा रेडियल केरेटोटोमी पर कार्यशाला के सहसयोजक रहे। सन् 1989 ई मे राष्ट्रीय अन्धता पर रोकथाम सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा औद्योगिक अन्धता पर आयोजित परिसवाद के सयोजक वह थे। सन् 1989 ई मे वह ऑल इण्डिया ऑप्थलमोलॉजिकल सोसायटी द्वारा अन्त चक्षु सम्बन्धी लैसो पर आयोजित राष्ट्रीय परिसवाद मे अन्त चक्षु सम्बन्धी लैस प्रत्यारोपण और दिल्ली ऑप्थलमोलॉजिकल सोसायटी की वार्षिक सभा के 'नेत्र विज्ञान मे कल्पना' पर परिसवाद के सह-अध्यक्ष थे। वह जनवरी, 1990 ई मे ऑल इण्डिया ऑप्थलमोलॉजिकल सोसायटी द्वारा अपने 48वे वार्षिक सम्मेलन, अहमदाबाद के अवसर पर 'पलको की गिरावट व्यवस्था-टेसिस मेनेजमेट (Ptosıs Management)' पर शैक्षिक पाठ्यक्रम तथा ओकूप्लास्टिकस सोसायटी द्वारा जनवरी, 1990 ई मे अहमदाबाद मे आयोजित ओकूप्लास्टिकस पर परिसवाद के सयोजक थे।

अभिरुचियॉ—डॉ ग्रोवर की अभिरुचि खेलकूद जैसे क्रिकेट, बैडमिन्टन और टेबिल-टेनिस और नाटक मे है तथा उन्होने इन प्रवृत्तियो मे कई पुरस्कार भी प्राप्त किये है।

❑

डॉ. आर जी शर्मा

(1956 ई)

जन्म एव वश परिचय—डॉ राजगोविन्द शर्मा का जन्म भारत के राजस्थान राज्य की राजधानी जयपुर नगर मे 27 अक्टूबर, 1956 इ को हुआ था। उनके पिता डॉ जी सी शर्मा एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर के प्रधानाचार्य एव प्रोफेसर शल्य चिकित्सा, एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सालय, जयपुर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी माताजी श्रीमती रुक्मिणी शर्मा एक समपित गृहिणी हैं। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता शर्मा भी गृहिणी हे। उनके सुश्री चन्द्रिका शर्मा और सुश्री दीपाशी शर्मा नामक दो पुत्रियाँ हैं।

शिक्षा-दीक्षा—डॉ शर्मा ने सेट जेवियर स्कूल, जयपुर क छात्र रहकर राजस्थान बोर्ड से हायर सैकण्ड्री परीक्षा सन् 1972 ई मे प्रथम श्रेणी मे जीव विज्ञान विषय मे विशेष योग्यता सहित उत्तीर्ण की। सन् 1972 इ मे जीव विज्ञान विषय मे विशेष योग्यता सहित सेट जेवियर स्कूल से अपनी हायर सैकण्ड्री शिक्षा सम्पूर्ण करने के उपरान्त वह राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी के लिए चयनित किये गये। तथापि उसके साथ-साथ उन्होने चिकित्सा प्रवेश परीक्षा म भी सफलता अर्जित की और चिकित्सा क्षेत्र मे पदार्पण करने का निश्चय किया। उन्होने त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की परीक्षा महाराजा कॉलेज, जयपुर से सन् 1974 ई मे उत्तीर्ण की। उन्होने सभी परीक्षाये प्रथम प्रयास मे उत्तीर्ण की और एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर से वर्ष 1979 ई मे एम बी बी एस अन्तिम वर्ष परीक्षा मे सर्वाधिक अक प्राप्त कर भेषज विज्ञान मे विश्वविद्यालय पुरस्कार के साथ-साथ स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया। उन्होने एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर से सन् 1984 ई मे सामान्य शल्य चिकित्सा विषय मे एम एस परीक्षा उत्तीर्ण की। सन् 1987 इ मे उन्होने टाटा मेमोरियल चिकित्सालय, बम्बई से अबुर्द विज्ञान मे एम केम (शल्य चिकित्सा के समकक्ष) परीक्षा उत्तीर्ण की।

व्यवसाय के क्षेत्र मे—सन् 1984 ई मे सामान्य शल्य चिकित्सा विषय मे एम एस परीक्षा उत्तीर्ण करके डॉ शर्मा राजस्थान राज्य सेवा मे चयनित किये गये और 1984 ई मे राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले मे ग्रामीण प्राथमिक स्वाम्थ्य केन्द्र

बौली मे सहायक चिकित्साधिकारी के पद पर नियुक्त किए गए। तदुपरान्त उसी वर्ष वह टाटा मेमोरियल चिकित्सालय, बम्बई मे कैसर शल्य चिकित्सा मे उच्च-विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी चयन मे सफल हुए। सन् 1987 ई मे शल्य चिकित्सकीय अर्बुद विज्ञान मे इस त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम को पूरा करने पर उन्होने राजस्थान मे प्रथम योग्य अर्बुद विज्ञानी होने का विशिष्ट गौरव प्राप्त किया। उसी वर्ष उनका चयन राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शल्य चिकित्सा विषय के सहायक प्रोफेसर पद के लिए किया गया और वह डॉ एस एन चिकित्सा महाविद्यालय, जोधपुर मे पदस्थापित किये गये, जहॉ वह अगस्त, 1991 ई तक कार्यरत रहे, जिसके पश्चात् वह एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर मे पदस्थापित किये गये, जहॉ अभी तक कार्यरत है। यद्यपि उनकी इच्छा बम्बई मे ही रहने की थी, वह अपने राज्य राजस्थान लौट आए, क्योकि उन्होने अपने लोगो की सेवा करने का निश्चय किया जहॉ उनकी आवश्यकता सर्वाधिक थी।

अपने वर्नमान पद शल्य चिकित्सा विषय के सहायक प्रोफेसर एव प्रभारी, कैसर पजीयन, बिडला कैसर केन्द्र, एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय के पद पर कार्यरत रहते हुए वह अध्यापन, अनुसन्धान, रोगियो की देखरेख, परिवार कल्याण और छात्र प्रवृत्ति मे सक्रिय रूप से सलग्न है। उनका प्रमुख कार्य अर्बुद विज्ञान स सम्बद्ध है और व्यापक पुनर्निर्माण कार्य के लिए योग्य आवश्यक प्रमुख शल्य चिकित्सकीय प्रक्रियाओ को सम्पादित कर रहे हैं।

वर्तमान मे वह शल्य चिकित्सा विषय के सहायक प्रोफेसर, एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय और चिकित्सालय, जयपुर, शल्य चिकित्सीय अर्बुद विज्ञानी (कैंसर शल्य चिकित्सक) तथा प्रभारी कैंसर पजीयन, आर के बिडला कैसर केन्द्र, एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर और प्रभारी, अर्बुद (गिल्टी, गॉठ) चिकित्सालय और स्टोमा (मुँह की तरह का छिद्र) चिकित्सालय, आर के बिडला कैंसर केन्द्र, एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर के पद को सुशोभित कर रहे हैं।

पता—उनका वर्तमान कार्यालयी पता निम्न प्रकार है—

डॉ आर जी शर्मा,
एम बी बी एस , एम एस (शल्य चिकित्सा),
शल्य चिकित्सीय अर्बुद विज्ञान (बम्बई),
शल्य चिकित्सकीय अर्बुद विज्ञानी,
सामान्य परामर्शद एव कैसर शल्य चिकित्सक,
सहायक प्रोफेसर शल्य चिकित्सा एव प्रभारी ,
कैसर पजीयन, बिडला कैसर केन्द्र

एस एम एस चिकित्सा महाविद्यालय एव चिकित्सालय
जयपुर (राजस्थान)-302004, भारत

उनका आवासीय पता इस प्रकार है—

17, उनियारा उद्यान
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पुष्प पथ,
जयपुर (राजस्थान)-302004, भारत

अभिरुचियाँ—उनकी अभिरुचियाँ छायाचित्राकन, टेनिस और यात्रा करना है।

